सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:37
अधिकतम तापमान : 14.0
न्यूनतम : 7.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-220 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024
07 रजब, 1445 हिजरी


# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com

G20



# रामलला आसन पर विराजमान


- तीसरे दिन का अनुष्ठान हुआ पूरा, गर्भगृह में स्थापित हुए रामलला
- लगा चार घंटे से ज्यादा का समय
- 121 आचार्य अनुष्ठान का कर रहे हैं संचालन



**अयोध्या।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसको लेकर जो अनुष्ठान है वह 16 जनवरी से ही शुरू हो चुकी है।

गर्भगृह के आसन पर रामलाल की प्रतिमा को स्थापित कर दिया गया है। विधि विधान से यह प्रतिमा स्थापित की गई है। इस पूरी प्रक्रिया में 4 घंटे से ज्यादा का वक्त लगा। सुबह लगभग 11 के आसपास यह प्रक्रिया शुरू हुई थी। 22 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह मूर्ति पूरी तरीके से ढकी हुई है। हालांकि मूर्ति को आसन पर पहुंचा दिया गया है। इससे पहले बुधवार को भगवान राम की मूर्ति को अयोध्या में राम मंदिर के गर्भगृह के अंदर लाया गया था। मूर्ति को क्रेन की मदद से अंदर लाने से पहले गर्भगृह में विशेष पूजा की गई थी। बुधवार को कलश पूजन का आयोजन किया गया। राम मंदिर ट्रस्ट के अधिकारियों के अनुसार अनुष्ठान 21 जनवरी तक जारी रहेंगे और प्राण प्रतिष्ठा के दिन रामलला की मूर्ति की 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए आवश्यक हर अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 121 'आचार्य' अनुष्ठान का संचालन कर रहे हैं। राम मंदिर 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम 22 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर शुरू होगा और दोपहर एक बजे समाप्त होने की उम्मीद है। पुजारी स्वामी सुनील दास ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येन्द्र दास का आचार्यवर्णम अनुष्ठान किया। आचार्यवर्णम प्राण प्रतिष्ठा से पहले एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जहां मुख्य पुजारी को समारोह करने के लिए शक्ति और ताकत देने के लिए सम्मानित किया जाता है।

## पीएम मोदी 21 को पहुंचेंगे अयोध्या



**सरयू से जल लेकर राम जन्मभूमि तक जाएंगे पैदल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित अयोध्या यात्रा में एक बड़ा परिवर्तन हो सकता है। अभी तक बताया जा रहा था कि वे 22 जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगे, लेकिन अब चर्चा है कि पीएम 21 जनवरी की शाम को ही रामनगरी पहुंच सकते हैं। चर्चा इस बात की भी है कि प्रधानमंत्री बड़ी छावनी परिसर में तुलसी पीठाधीश्वर जगतगुरु रामभद्राचार्य के 75वें जन्मदिवस पर आयोजित अमृत महोत्सव में शामिल हो सकते हैं।

# सेल्फी के चक्कर में गई जान, 16 की मौत

**घटना**

- वडोदरा में छात्रों से भरी नाव झील में पलटी
- पीएम मोदी ने जताया दुख
- बच्चे और शिक्षकों ने नहीं पहनी थी लाइफ जैकेट



**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा की हरणी मोटनाथ झील में बच्चों को ले जा रही एक नाव पलट गई। वड़ोदरा पुलिस ने बताया कि हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई है। मरने वालों में 14 बच्चे और दो शिक्षक शामिल हैं। नाव में 27 बच्चे सवार थे, जोकि पिकनिक मनाने जा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दुर्घटना पर शोक जताया है। मिली जानकारी के मुताबिक, वडोदरा के न्यू सनराइज स्कूल के 23 बच्चे और 4 शिक्षक पिकनिक मनाने के लिए हरणी झील गए थे। लोगों का कहना है कि सेल्फी लेने के लिए सभी बच्चे और शिक्षक नाव में एक ओर पहुंच गए। इससे नाव बेकाबू होकर पलट गई। नाव में सवार बच्चे और शिक्षकों ने लाइफ जैकेट भी नहीं पहनी थी। उनकी आवाज सुनकल आस-पास के लोग बचाने के लिए दौड़े। जब तक बचाव और राहत टीमें वहां पहुंची तब तक कई बच्चों को बचाया जा चुका था। बचाव और राहत कार्य में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन बल (एनडीआरएफ) और फायर ब्रिगेड के साथ ही अन्य एजेंसियों को भी लगाया गया।

# 26 जनवरी को पूरे देश में ट्रैक्टर परेड करेंगे किसान

**महाकुंभ**

- 16 फरवरी को भारत बंद का एलान: राकेश टिकैत



**प्रयागराज।** परेड मैदान में आयोजित भारतीय किसान यूनियन के चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किसान महाकुंभ के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को एक किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा हम 26 जनवरी को देश भर में ब्लॉक व तहसील स्तर पर ट्रैक्टर परेड निकलेंगे। क्योंकि हमने दिल्ली में हुए किसान आंदोलन में भी ट्रैक्टर परेड निकाली थी। देश का किसान 16 फरवरी को भारत बंद के साथ-साथ खेती किसानी के सभी कार्य भी एक दिन नहीं करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा घोषित किए गए गन्ने का मूल्य काफी नहीं है। मात्र 20 रुपये बढ़ने से किसान को निराशा हुई है।

# योगी कैबिनेट का किसानों को तोहफा

**बैठक**

- गन्ना मूल्य में 20 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ोतरी को दी मंजूरी
- सेमी कंडक्टर नीति पर भी लगी मुहर



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने गन्ना किसानों को तोहफा दिया है। कैबिनेट ने गन्ना मूल्य में 20 रूपये प्रति क्विंटल की वृद्धि को मंजूरी दे दी है। इसके तहत गन्ने की तीनों ही किस्मों में 20 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। इसके पहले, गन्ना मूल्य को लेकर प्रदेश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले 2021 में भी 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की थी। वर्तमान में सामान्य गन्ने का मूल्य 340 रुपये प्रति क्विंटल और अगेती प्रजापति के गन्ने का मूल्य 350 रुपये प्रति क्विंटल है। कैबिनेट बैठक में पेराई सत्र 2023-24 के लिए सहकारी क्षेत्र, निगम और निजी क्षेत्र सहित सभी चीनी मिलों की ओर से खरीदे जाने वाले गन्ने का राज्य परामर्शित मूल्य एसएपी निर्धारण होगा। बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में कुल 18 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। योगी कैबिनेट ने सेमी कंडक्टर नीति को भी मंजूरी दे दी है। चौरी-चौरा के नाम पर होगा मुंडेरा नगर पंचायत का नाम, उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन को राज्य एवं स्थानीय कर, संपत्ति कर, गृहकर, सर्विस चार्ज, जलकर, विज्ञापन कर और पार्किंग शुल्क में छूट की मंजूरी दे दी गई है।

प्रयागराज में उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर और अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले की न्यायिक जांच रिपोर्ट भी कैबिनेट में रखी गई। मालूम रहे कि उमेश पाल हत्याकांड के आरोपियों के एनकाउंटर की जांच के लिए राज्य सरकार ने बीते वर्ष 15 अप्रैल को न्यायिक जांच आयोग का गठन किया था।

# पीएम मोदी ने जारी किया राम मंदिर पर डाक टिकट

**तोहफा**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया है। इसके साथ ही पीएम ने दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक भी जारी की। 48 पेज की इस किताब में 20 देशों के टिकट हैं।

पीएम मोदी ने कुल 6 डाक टिकट जारी किए हैं। इनमें राम मंदिर, भगवान गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी शामिल हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने एक संदेश भी जारी किया। पीएम मोदी ने कहा, नमस्कार,



राम राम आज राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अभियान से जुड़े एक कार्यक्रम से जुड़ने का सौभाग्य मिला है। आज राम मंदिर को समर्पित 6 विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए गए हैं। विश्व के अलग अलग देशों में राम से जुड़े जो डाक टिकट जारी हुए हैं।


CMS is GUINNESS WORLD RECORD HOLDER WORLD'S LARGEST SCHOOL

UNESCO — CMS is Recipient of the year 2002 - UNESCO Prize for Peace Education for US $30,000

# Wanted teachers for CMS

(City Montessori School gives the highest salaries and the best results)

CMS is: NGO of United Nations

CMS CITY MONTESSORI SCHOOL

## CMS requires from 1st July 2024 highly fluent, trained and experienced English Medium lady teachers/staff for the following subjects:

TEACHING - **Pre-primary:** All Subjects; **Primary:** All Subjects and Computer; **Junior:** English, History, Science, Mathematics, Geography, Hindi & Computer; **ICSE** - English, History, Mathmatics, Chemistry, Physics and Geography; **ISC:** English, Economics, Hindi, Psychology, Legal Studies & Media Studies; Others (Teaching): Art, Music, P.E.T and Dance; Others (Non-Teaching): Computer Lab Assistant, Care Taker, Librarian, ERP Coordinator, Clerk and Transport Coordinator; CAMBRIDGE SECTION: Outstanding teachers also wanted for newly opened Cambridge International sections at **CMS Aliganj Campus I, CMS Rajajipuram Campus I** and **CMS Gomti Nagar Extension.**

**Application form may be filled online at: http://www.cmseducation.org/careers or scan the QR code given here. Only Trained English Medium Lady candidates may apply for teaching posts. Last date for submission of the form is 15 February, 2024. Only short-listed candidates will be contacted. Vacancies may arise for other subjects. Scan QR code for updates, details and to apply online.**

### CMS Salaries of trained new teachers from 1st July 2024 are higher than the 7th Pay Commission

| Sl. No. | Designation | Basic pay as per 7th Pay Commission (₹ per month) | CMS will give 50% DA from 1st July 2024 (₹ per month) | Fixed Govt. House Rent Allowance (HRA) (₹ per month) | Total expected Monthly Govt. pay from 1st July 2024 (₹ per month) | CMS teachers' pay from 1st July 2024: CMS new (starting) teachers' pay (₹ per month) | CMS teachers' pay from 1st July 2024: CMS existing teachers highest pay (₹ per month) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (a) | (b) | (c) | (d) | (e = b+c+d) | (f) | (g) |
| 1. | Superior Principal | 78,800 | 39,400 | 8,960 | 1,27,160 | ₹ 4,60,000 | ₹ 4,80,613 |
| 2. | Principal ISC College | 78,800 | 39,400 | 8,960 | 1,27,160 | ₹ 2,75,544 | ₹ 3,59,387 |
| 3. | Principal ICSE | 56,100 | 28,050 | 6,300 | 90,450 | ₹ 2,25,418 | ₹ 2,55,690 |
| 4. | Principal Junior Section | 47,600 | 23,800 | 5,620 | 77,020 | ₹ 1,66,368 | ₹ 1,86,240 |
| 5. | Principal Pre/Primary | 44,900 | 22,450 | 5,520 | 72,870 | ₹ 1,34,842 | ₹ 1,44,732 |
| 6. | ISC Lecturers | 47,600 | 23,800 | 5,620 | 77,020 | ₹ 81,770 * | ₹ 1,27,420 * |
| 7. | ICSE Teachers | 44,900 | 22,450 | 5,520 | 72,870 | ₹ 76,620 * | ₹ 1,10,270 * |
| 8. | Junior Teachers | 44,900 | 22,450 | 5,520 | 72,870 | ₹ 73,620 # | ₹ 1,07,270 # |
| 9. | Pre-Primary & Primary (Full time Teachers) | 35,400 | 17,700 | 4,040 | 57,140 | ₹ 57,890 # | ₹ 89,290 # |

*including Board Classes allowance & Home visit allowance # Including Home visit allowance

### Additional benefits / allowances to CMS staff

1. (i) **Provident Fund Pension Scheme** (ii) **Group Insurance Scheme** (iii) **Gratuity** and (iv) **ESI Scheme**, are applicable as per Government Rules.
2. **Insurance** against accidents at school cost for Class IV employees.
3. Generous **fee concessions** are given to sons and daughters of CMS Staff.
4. Only ₹ 20/- p.m. tuition fees plus 25% composite fees is charged from wards of CMS confirmed staff and only ₹10/- p.m. from wards of CMS IV class confirmed staff. NOTE: Nearly 1,500 teacher wards and menial wards are studying in CMS and enjoying these heavy concessions.
5. Trained **Part time** teachers are given salaries as per the details mentioned below:-
   (a) Only-Primary : Starting salary ₹ 46,169/- pm#
   Existing highest salary ₹ 69,419/-pm#
   (b) Only-Pre-Primary : Starting salary ₹ 36,413/- pm# ≠
   Existing highest salary ₹ 52,063/- pm# ≠
6. All teachers are paid a Home Visit Allowance of ₹ 750/- pm
7. *Teachers preparing students of Classes 10 and 12 for Council Exam subjects and with 1 year CMS experience in the same capacity are entitled for **Board Classes Allowance** (Full time ISC- ₹ 4,000/- pm and Full time ICSE-₹ 3,000/- pm).

**Note :**

1. After-school Enrichment Classes are arranged for pupils free of charge. Teachers are paid extra for these hours as per school norms.
2. # **Home Visit Allowance:** Every teacher as a teacher-guardian must visit at least 5 children's homes every month to consult parents individually for overall development of each child and for personal counselling of the child and parents, under the CMS Teacher-Guardian Scheme, and will be paid a Home Visit Allowance @ ₹ 750/- per month including conveyance, for such home visits, for each such month in which they are supposed to visit.
3. Approx ₹ **1.50 Crore** prizes (cash and kind) are awarded on Teachers' Day.

≠ Including ₹ 500 pre-primary allowance

### Record Breaking success of CMS pupils in ISC & ICSE 2023

All 6650 CMS students of class XII & X (i.e. 100%) passed ISC and ICSE Board Exam 2023 with first division marks and above

**In ISC (Class XII) of 2023, 8 CMS students held All India Rank (AIR) 1 to 3**

Our 1st position holder of India was awarded a cash prize of Rs 2 Lakh while 2nd & 3rd Position Holders of India were awarded cash prize of Rs 1 Lakh each by CMS. **These 8 top-three position holders were also awarded a cash prize of Rs 1 Lakh each by the Chief Minister of Uttar Pradesh.**



MOHD ARYAAN TARIQ, Rajajipuram Campus I, ISC 99.75%, AIR 1, Rs. 3 Lakh
AYESHA KHAN, Gomit Nagar Campus I, ISC 99.50%, AIR 2, Rs. 2 Lakh
ARPITA SINGH, Rajajipuram Campus I, ISC 99.50%, AIR 2, Rs. 2 Lakh
TANISHQ SONKAR, Rajendra Nagar Campus, ISC 99.50%, AIR 2, Rs. 2 Lakh
ABHIDEEP SHIKHAR, Gomit Nagar Campus I, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh
ADITYA YADAV, Gomit Nagar Campus I, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh
SHREYASI GUPTA, Kanpur Road Campus, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh
JANHVI MISHRA, Mahanagar Campus, ISC 99.25%, AIR 3, Rs. 2 Lakh

For more, please visit:


### 3 CMS Campuses are affiliated with the Cambridge University's Exam Board

1. **Aliganj Campus I** Mobile No.: 77048-03582
2. **Gomti Nagar Ext. Campus** Mobile No.: 95199-90122
3. **Rajajipuram Campus I** Mobile No.: 91700-09763

CAMBRIDGE International Education — Cambridge International School

www.cmseducation.org/cambridge

### About 100 CMS pupils are selected yearly in Top Universities abroad, a majority with scholarships. A few are:



$ 3,50,080 — Ananya Choudhary, Harvard University, USA, ₹ 2.8 Crore
$ 3,26,000 — Prakriti Tandon, Cornell University, USA, ₹ 2.4 Crore
$ 3,25,452 — Afsheen Alvi, Cornell University, USA, ₹ 2.4 Crore
$ 2,77,360 — Lakshay Sharma, University of Pennsylvania, USA, ₹ 2.08 Crore
$ 2,68,000 — Aamish Ahmad Beg, Dartmouth College, USA, ₹ 2 Crore
$ 2,65,000 — Alia Abdul Rahim, University of Rochester, USA, ₹ 1.99 Crore
$ 2,52,000 — Narayan Srivastava, University of Toronto, Canada, ₹ 2.1 Crore
$ 2,51,932 — Deepika Gupta, Cornell University, USA, ₹ 1.86 Crore

CMS also prepares students for outstanding success in the CUET and other competitive exams and olympiads.

### New CMS campuses

**Golf City Campus** Mobile: 73078-31500, 77528-81597
**Ayodhya Road Campus** Mobile: 91511-99916, 91511-99918
**Rajajipuram Campus III** Mobile: 63891-25111, 63891-26111

www.cmseducation.org/admission

For online Admissions, please scan QR Code:

For further information on CMS, visit website www.cmseducation.org
— **Dr Bharti Gandhi, Founder-Director, CMS**
M.Ed., Guidance Psychologist (UP Govt.)

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024



# 24 से मनेगा यूपी दिवस, प्रशासन ने तैयार की रूपरेखा, तीन दिन चलेगा कार्यक्रम




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** हर साल की तरह इस बार भी 24 से 26 जनवरी तक उत्तर प्रदेश (यूपी) स्थापना दिवस मनाया जाएगा। प्रशासन ने रूपरेखा तैयार कर ली है। सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों संग कलक्ट्रेट में बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं पर आधारित 25 स्टॉलो की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।डीएम ने कहा कि 24 जनवरी को यूपी दिवस मनाया जाता है। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। जनपद मुख्यालय पर जीआईसी ग्राउंड में तीन दिन तक लगातार कार्यक्रम चलेंगे। सभी विभाग शासन से जारी कार्ययोजना के हिसाब से तैयारी कर लें। आयोजन में विरासत, प्रदर्शनी, लोक व्यंजन,मंचीय प्रस्तुतियों के अनुसार कलाकारों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिए जाएंगे। डीएम ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी डीआईओएस और बीएसए, प्रतियोगिताओं की जिम्मेदारी जिला खेल अधिकारी को सौपी। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सभी विभाग प्रदर्शनी में अपनी-अपनी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगे। आयोजन के संबंध में सीडीओ ने विभागवार उनके दायित्व एवं जिम्मेदारियां बताई। ओडीओपी, महिला समूहों के उत्पादों के स्टाल लगाए जाएंगे।

बताते चलें कि कार्यक्रम के संयोजन का जिम्मा सीडीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, बीएसए प्रवीन तिवारी को सौपा गया है। बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## आरव रस्तोगी व लक्ष्य रस्तोगी जो कक्षा चार के छात्र है स्वप्रेरणा से श्रीराम मन्दिर का बनाया सुपर माडल



**मोहम्मदी-खीरी।** लोक भारती के जिला संयोजक अतुल रस्तोगी के पौत्रगण आरव रस्तोगी व लक्ष्य रस्तोगी जो नगर के उमा देवी चिल्ड्रेन एकेडमी में कक्षा चार के छात्र है ने स्वप्रेरणा से श्रीराम मन्दिर का सुपर माडल बनाया। श्रीराम मन्दिर के सुपर माडल बनाने में खास बात यह है कि बच्चो द्वारा इसमें उपयोग की गयी सारी सामग्री घर में रखी पुरानी वस्तुओ से ली गयी है इन बच्चो ने श्रीराम मन्दिर का सुपर माण्डल बनाने के लिये बाजार से किसी भी चीज को नहीं खरीदा। मन्दिर बनाने की प्रेरणा कहा से मिली पर आरव ने बताया कि टीवी पर तथा अन्य माध्यमों से राम मन्दिर पर काफी चर्चा हो रही थी तथा एक जनवरी को अछत कलश यात्रा में राम मन्दिर के दो माडल रखे गये थे उन्हे देखकर हमारे मन में आया कि हमे भी मन्दिर बनाना चाहिए तब हमने यूटयूब में देखकर मन्दिर बनाना शुरू किया तब हमारे बाबा अतुल रस्तोगी ने हमारा मार्ग दर्शन करना शुरू कर दिया। इस मन्दिर को बनाने में हमे 15 दिन लगे। मन्दिर बनाने के लिये सामग्री एकत्र करने में हमारे छोटे भाई लक्ष्य ने हमारा सहयोग किया। आरव इससे पहले कई माडल बना चुके है जिनमें आर्य समाज का भवन, योगी जी की मोहम्मदी में हुई सभा का माडल तथा कई प्रकार के मन्दिर व भवनों के माडल है। आरव भविष्य में अंतरिक्ष यात्री बनना चाहते है। लक्ष्य ने बताया कि भइया ने जब मन्दिर बनाना शुरू किया तो हमे लगा कि हमे सहयोग करना चाहिए तो हमने भी भइया का सहयोग किया। लक्ष्य को अन्तर विद्यालय ताईक्वाडो प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय स्वर्ण पदक भी मिल चुका है वही लक्ष्य भविष्य में सेना में जाना चाहते है। आरव रस्तोगी व लक्ष्य रस्तोगी द्वारा श्रीराम मन्दिर के बनाये गये माडल की परिवार के सदस्यों सहित नगर के तमाम लोगो ने शुभकामनाएं दी।

# वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम थीम पर मनेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालय अध्यक्ष एवं समस्त महाविद्यालय/ कॉलेज/ स्कूल एवं शिक्षण संस्थान की बैठक ली गई और राष्ट्रीय मतदाता दिवस की सफलता के लिए समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालय अध्यक्ष एवं समस्त महाविद्यालय/ कॉलेज/ स्कूल एवं शिक्षण संस्थान को दिशा निर्देश दिए।कलेक्ट्रेट में आयोजित तैयारी बैठक में डीएम ने कहा कि पूरे जिले में मतदाता दिवस का आयोजन पूरे उल्लास के साथ हो। इसमें कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बीएलओ व अन्य कर्मियों द्वारा बूथों पर मतदाताओं को शपथ दिलाई जाए। अधिक से अधिक लोग मतदान करें। कार्यक्रमों में युवाओं व महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी करने के लिए डिग्री व इंटर कॉलेजों में आयोजन अनिवार्य रूप से हों। डीएम ने कहा कि जागरूकता के लिए पोस्टर, स्लोगन, निबंध लेखन, रंगोली, मेंहदी व गीत आदि प्रतियोगिता के जरिए मतदान जागरूकता की अलख जगे। प्रथम, दितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं को पुरस्कृत/सम्मानित किया जाए। सभी कार्यक्रमों की फोटो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपलोड भी हो। निर्देश दिया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नए मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र देकर सम्मानित किया जाए।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस ÷वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम÷ थीम पर पूरे जिले में उत्साह उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इस पर आयोजित कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में सभी विभागों की सहभागिता हो।

एडीएम संजय कुमार सिंह ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। निर्देश दिए की सभी कार्यालय में दिनांक 24 जनवरी 2024 को मतदाता शपथ दिलाई जाएगी और विद्यालयों में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से वाद-विवाह, चित्रकला पोस्टर, स्लोगन, निबंध लेखन, रंगोली, मेंहदी व गीत आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होगा। इस तैयारी बैठक में बड़ी संख्या में स्कूलों के संचालक, प्रधानाध्यापक, जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए।

## 21 एवं 26 जनवरी को सभी सरकारी भवनों पर करें प्रकाश की व्यवस्थाः महेंद्र

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह एडीएम संजय कुमार सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि 21 जनवरी से 26 जनवरी तक सभी सरकारी इमारतो, कार्यालयो एवं दफ्तरों में लाइटिंग रहेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि 21 जनवरी तक सभी सरकारी दफ्तरों में साफ सफाई का विशेष अभियान चलाया जाए। जिसको वह स्वयं देखेंगे। डीएम ने उपस्थित समस्त अधिकारियों से यहअपेक्षा की कि इस बार के राष्ट्रीय पर्व में गत वर्ष की भांति उत्कृष्ट व गरिमामय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर होने वाले सभी कार्यक्रम रोचक, आकर्षक, प्रेरणादायकएवं शिक्षाप्रद हो। डीएम ने गणतंत्र दिवस पर गत वर्षो की भांति दिनभर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को स्वीकृति देते हुए उसमें कई अन्य कार्यक्रम भी जोड़े। बैठक में सभी ने अपनी अपनी राय रखी कुछ प्रमुख बिन्दुओ पर चर्चा हुई। डीएम ने आमजनमानस से अपील किया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक सम्मिलित हों। एडीएम संजय कुमार सिंह ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम को लेकर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को पूरी भव्यता और इस दिवस की गरिमा के अनुरूप आयोजित किया जाए। बैठक में स्वयंसेवी संस्थाएं, सभी जिला स्तरीय अधिकारी, समाज के प्रबुद्ध गण मौजूद रहे।

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** आवास विकास कलोनी नहर के पास एक घर में बीती रात 2 लोग चोरी करने की नीयत से घुसे थे, जिसमे से एक भाग गया एक चोर को मोहल्ले वालों ने पकड़ कर जमकर धुना है पकड़ा गया चोर शहर के ही मोहल्ला महाराज नगर का बताया जा रहा है, और सदर कोतवाली पुलिस की हिरासत में है।

भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर की जा रही है सघन चैकिंग व फुट पैट्रोलिंग

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में जनपद खीरी के नेपाल राष्ट्र की सीमा से लगने वाले थानों द्वारा भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर सघन चैकिंग व फुट पैट्रोलिंग की जा रही है थाना गौरीफंटा पुलिस द्वारा, भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा पर बॉर्डर के ग्रामो में जनसम्पर्क करते हुए सीमा पर सघन पैट्रोलिंग की गई। भारत-नेपाल के आने जाने वाले रास्तों पर आने जाने वाले व्यक्तियों एवं वाहनों को सघनता से चेंक किया गया तथा बॉर्डर की सुरक्षा को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए कवच आउटपोस्ट के प्रभारी व पुलिस बल के साथ गस्त की गई।

## गो आश्रम स्थल पर अव्यवस्था को लेकर करायी जा रही है जांच, दोषी व्यक्तियो के खिलाफ की जाएगी कार्यवाही



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** क्षेत्र में गोवंश के लिए बनाए गए आश्रय स्थल का रात्रि में औचक निरीक्षण करने पहुंचे एसडीएम अव्यवस्था देख कर अवाक रह गए। मौजूद पशु कड़कड़ाती ठंड से बेहाल और उनके खाने के लिए हरा चारा, भूसा आदि नदारत मिला और पशुओं की रखवाली कर रहा चौकीदार नशे में धुत मिला। उन्होंने बीडीओ को दूरभाष पर जानकारी देकर कठोर कार्यवाही करने की बात कही है। बताते चले कि बुधवार की रात एसडीएम डा0 अवनीश कुमार ग्राम गुलौली में बने स्थाई गोआश्रय स्थल पर ठंड में पशुओं के लिए अलाव, हरा चारा, भूसा की उपलब्धता न पाए जाने पर उन्होंने जिम्मेदार लोगों पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही के लिए तैयार रहने को कहा। वहां केयरटेकर न होने के साथ पशुओं की रखवारी कर रहे एक चौकीदार नशे की हालत में मिलने पर सेक्रेटरी को व्यवस्था में सुधार करने की नसीहत दी। उन्होंने बताया केन्द्र पर 299 पशु रखे जा रहे हैं। जिनके लिए 50 रूपये प्रति पशु के लिए आहार शासन से दिया जाता है। जिससे ग्राम निधि के खाते में 14950 प्रतिदिन व्यवस्था के लिए दिया जा रहा है। इसके बाद भी स्थिति बद से बदतर बनी हुई है। बीडीओ अश्वनी कुमार सिंह ने बताया गो आश्रम स्थल पर अव्यवस्था को लेकर जांच करायी जा रही है। दोषी व्यक्तियो के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## मोबाइल पाकर खिले छात्रों के चेहरे

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा मोबाइल वितरण कार्यक्रम सतविंदर आनंद डिग्री कॉलेज में संपन्न हुआ जिसमें 78 बच्चों को मोबाइल दिया गया जिस प्रकार छात्रों के चेहरे खिल उठे।

रायबरेली शहर के साथ मित्र आनंद डिग्री कॉलेज में आयोजित मोबाइल वितरण कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा मोबाइल वितरण कार्यक्रम करने का उद्देश्य बच्चों को तकनीक के साथ जोड़ना और आधुनिक पढ़ाई को और भी ज्यादा विकसित करना है।

महाविद्यालय के संस्थापक और प्रबंधक राजेंद्र कुमार बाजपेई ने बताया कि सरकार के द्वारा बनाए गए नियम के अनुसार स्नातक के छात्रों को मोबाइल वितरित किया गया जिसमें 78 बच्चों को इस योजना का लाभ मिला है।

# व्यापारियों का उत्पीड़न किया अधिकारियों ने तो बख्शे नहीं जाएंगेः बनवारी लाल कंछल

*अवधनामा संवाददाता*

**लालगंज रायबरेली।** उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सासंद श्री बनवारी लाल कंछल जी का तीन दिवसी बुंदेलखंड दौड़े पर लालगंज में आगमन हुआ श्री अध्यक्ष जी ने लालगंज के तुलसी उत्सव लान गुरबक्शगंज चौराहा में पदाधिकारी के साथ बैठक की जिसमें पदाधिकारियो एवं व्यापारियों की सभी समस्याओं को जानते हुए उनके उच्च अधिकारियों एवं संबंधित विभाग के मंत्रियों से त्वरित निस्तारण हेतु मिलेंगे उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग की धारा 69 के अनुसार एक्ट की धारा 9 का पालन करते हुए कंपाउंडिंग की व्यवस्था तुरंत चालू की जाए जिससे मामूली कर्मियों में चालान होने पर व्यापारियों को अदालतों में चक्कर न काटना पड़े या व्यवस्था अधिकांश राज्यों में लागू हो चुकी है।



नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि खाद्य विभाग में 12 लाख तक के वार्षिक तंवर के नीचे पंजीकरण स्कूल का ?100 लिया जाता है 12 लाख से ऊपर टर्नओवर पर शुल्क ?2000 लगाया गया है जो सरासर अन्याय है 2000 का शुल्क घटकर केवल ?500 किया जाए । जिला महामंत्री अप्पू जी ने कहा कि मंडी अधिनियम के अंतर्गत प्रवेश पर्ची 9ऋएवं गेट पास समाप्त किया जाए। बैठक में संरक्षक रविन्द्र मुरारका जिला अध्यक्ष रोहित सोनी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मृत्युंजय बाजपेई नगर उपाध्यक्ष शीलू त्रिवेदी मंडी समिति अध्यक्ष सुरेश सोनकर नगर युवा अध्यक्ष प्रतीक शर्मा नगर युवा महामंत्री रौनक भदौरिया जिलाध्यक्ष उधोग मंच हंसराज विष्वकर्मा मंडी प्रभारी रामबाबू सोनकर मंडी समिति के कोषाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान नगर मंत्री नीरज गुप्ता आशीष चौरासिया रिंकू गुप्ता पंकज सोनी लाला आढति आदि लोग उपस्थित रहे।

## पेयजल के दुरूपयोग को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया

**सहारनपुर।** जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई के जिला समन्वयक, डीसी. विनिश भास्कर एवं आकाश पांडेय, जल निगम ग्रामीण उ.प्र. सहारनपुर की टीम द्वारा आज जिले की सहारनपुर सदर तहसील, रामपुर मनिहारान तहसील, बेहट तहसील, नकुड़ तहसील एवं देवबंद तहसील समेत नागल, नानौता, साढौली क़दीम इत्यादि विकास खंडों मे वॉल राइटिंग, होर्डिंग, फ्लैक्सी बैनर तथा एलईडी वैन का निरीक्षण किया गया।

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जिलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद सहारनपुर में संस्था मेंससर्ःफाल्कन लखनऊ द्वारा घरेलू क्रियाशील नल संयोजन शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल-जनित बीमारियों से बचाव हेतु पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## सहारनपुर से अयोध्या के लिए बस को नगर विधायक ने दिखाई हरी झंडी



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सहारनपुर से अयोध्या के लिए एक बस की शुरुआत की गई है, नगर विधायक राजीव गुंबर ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आज रोडवेज बस स्टैण्ड पर आरंभ की गयी बस सेवा का नगर विधायक राजीव गुम्बर ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के जनपद सहारनपुर की जनता को योगी सरकार ने एक और सौगात दी है। आज से प्रतिदिन सुबह 10 बजे एक बस अयोध्या के लिए रवाना होगी। यह सौगात अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन करने के लिए योगी सरकार ने दी है। हरी झंडी दिखाते हुए विधायक ने कहा अपने देश के धार्मिक राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाते हुए। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में धार्मिक राष्ट्रवाद आगे बढ़ रहा है, अपने महापुरुषों की संस्कृति को याद रखते हुए। अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है जिसके निमित्त यूपी के हर जिले से अयोध्या जी के लिए बसें चलाई जा रही है। आज हरी झंडी दिखाकर सहारनपुर निवासियों के लिए भी सीधा अयोध्या के लिए बस यात्रा प्रारंभ की गई है। एआरएम परिवहन विभाग जोगेंद्र सिंह ने बताया सहारनपुर से अयोध्या का मार्ग तकरीबन 761 किलोमीटर है, जिसको तय करने में 15 से 16 घंटे का समय लगेगा वहीं किराया 1076 रूपये होगा।

## साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को कराये आठ हजार रुपये वापिस

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली मण्डी की साइबर हैल्प डेस्क पुलिस टीम ने साइबर ठगी के शिकार हुए व्यक्ति के 8 हजार रूपये वापिस करायें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा द्वारा जनपद में साइबर ठगी की घटनाओं की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली मण्डी के प्रभारी निरीक्षक पीयूष दीक्षित के नेतृत्व में थाना कोतवाली मण्डी पर गठित साइबर हैल्प डेस्क टीम ने प्रकरण में तत्काल कार्यवाही करते हुए धोखाधडी में गये 8000 रूपयों को होल्ड कराया तथा सम्बन्धित नोडल अधिकारी से समन्व्य स्थापित किया गया। आज पीड़ित की ठगी हुई रकम 8000 रुपये साइबर हैल्प डेस्क टीम थाना कोतवाली मण्डी द्वारा वापस कराई गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का शानदार कार्यक्रम



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर। (अहमद रज़ा)** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज नगर निगम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण सुनने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया संसदीय कार्यमंत्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद राघव लखनपाल व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन तथा अनेक पार्षद और अधिकारी शामिल रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतिम चरण के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज नगर निगम परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलईडी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का लाइव प्रसारण सुनने के लिए आम लोगों के अलावा अनेक पार्षद, निगम के अधिकारी व जनप्रतिनिधि शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण से पूर्व विभिन्न राज्यों के विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से बात भी की और योजनाओं से उन्हें कितना लाभ हुआ है, इसकी भी जानकारी ली। इस अवसर पर उज्जवला योजना, स्वास्थय विभाग, प्रधानमंत्री स्वनिधि रोजगार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि विभिन्न योजनाओं के स्टाल भी लगाये गए और लोगों की निशुल्क शुगर व बीपी की जांच की गयी। महिलाओं की गोद भराई व शिशुओं को अन्न प्राशन भी कराया गया। कार्यक्रम प्रदेश के संसदीय कार्य राज्यमंत्री जसवंत सैनी, महापौर डॉ.अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी, सईद सिद्दकी, पूर्व सभासद प्रवेश धवन, भाजपा महानगर महामंत्री शीतल विश्नोई, मंडल अध्यक्ष यशपाल त्रेहन तथा हनी वर्मा आदि शामिल रहे।

## इस सुखद क्षण को शब्दों में नहीं किया जा सकता बयाः स्वामी विचित्रानंद



**बछरावां रायबरेली। (अवधनामा संवाददाता)** जी हां इस सुखद क्षण को शब्दों में नहीं किया जा सकता बया यह उदगार किसी आम व्यक्ति के नहीं अपितु विकास क्षेत्र की पस्तौर ग्राम सभा में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर कंजेश्वर धाम के महंत विलक्षण प्रतिभा के धनी, सौम्य एवं मधुर वक्ता स्वामी विचित्रानंद जी महाराज ने संवाददाता से दूरभाष के माध्यम से बातचीत के दौरान व्यक्त किए हैं। जानकारी के अनुसार आपको बताते थे कि 22 जनवरी को श्रीधाम अयोध्या में भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का आमंत्रण पत्र श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के द्वारा उन्हें प्राप्त हुआ तो वह भावुक हो गए और इस सुख क्षण को शब्दों में बयां नहीं कर पाएद्य उन्होंने कहा कि भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकंपा से भारतवर्ष के 140 करोड़ नागरिकों में मैं अपने आपको बहुत ही भाग्यशाली एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं जो मुझे मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का साक्षात दर्शन करने का अवसर प्राप्त हो रहा हैद्य इसी कड़ी में उन्होंने यह भी कहा कि यह क्षण संपूर्ण भारतवर्ष के लिए नागरिकों के लिए गौरवपूर्ण है कि आज विश्व की महा शक्तियों की मीडिया मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या होने जा रहे इस भव्य एवं ऐतिहासिक क्षण को अपने कैमरों में कैद करने के लिए लालायित हैद्य विदित हो कि गत दिवस (बुधवार को) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाहक नीरज चौरसिया की अगुवाई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बछरावां खंड के सदस्य गोलू त्रिवेदी, सौरव प्रांजल पाठक, विकास चौरसिया, मुकेश साहू ने महंत विचित्रानंद जी महाराज की अनुपस्थिति में उनके प्रिय शिष्य पंडित कौशिक जी महाराज को अनादिक निमंत्रण पत्र भेट किया।

# 70 बोटा लकडी जब्त तीन वाहनो पर जब्ती की कारवाई शुरु



*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** वनविभाग की ताबड़तोड़ कारवाई से टिकरी रेंज अन्तर्गत जंगल सहित अन्य जगहो कीलकडी काटने वाले माफियो मे हडकंप मचा हुआ है वनविभाग टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने बताया कि नये वर्ष पर एक सप्ताह मे करीब 70 बोटा लकडी जब्त किया गया वही एक ट्रैक्टर ट्राली और दो पिकप के जब्त करने की अग्रिम कारवाई की जा रही है किसी भी प्रकार से जंगल की कीमती लकड़ी को नुकसान करने वाले बक्से नही जाएंगे जंगल की सुरक्षा के लिए दिन और रात दोनो मे गस्त बढा दी गई जंगल आसपड़ोस मे चलने वाले अवैध आरामशीनो को चिंहाकन कर आगे की कार्रवाई भी की जा रही है एक आरोपी के उपर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है अन्य लोगों का नाम एसपी के यहा कारवाई के लिए भेजा गया है जल्द और बडी कारवाई पर भी काम किया जा रहा है। मिली जानकारी अनुसार टिकरी रेंज के अन्तर्गत आने वाले करीब चार दर्जन गांवो के आस पास रह रहे जंगल के माफियाओं मे टिकरी रेंज द्वारा जनवरी माह मे की गई ताबड़तोड़ कारवाई से दहशत बन गया है वनविभाग ने गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे मनकापुर के महेवा नानकार निवासी जयप्रकाश शुक्ला के आरामशीन पर मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर दस बोटा साखू व सागौन की कीमती लकडी पिकप पर लदी पकडा है इस मामले में वनविभाग टिकरी रेंज अधिकारी विनोद कुमार नायक ने कहा कि मुखबिर से मिली सूचना पर रात से घेराबंदी की गयी थी मौके पर जब पिकप पर लकडी लदकर आरामशीन के प्रांगण मे पहुची तब वनविभाग की कार्रवाई पर पिकप चालक पिकप छोडकर फरार होगया पर इस दौरान जब पिकप की छानबीन की गई तो वह आरामशीन के संचालक का निकला और पिकप पर लदी लकडी जंगल की कीमती साखू और सागौन मिली पता करने पर विनोद वर्मा पुत्र लौहारी वर्मा अंबरपुर नीरज शुक्ला पुत्र जयप्रकाश शुक्ला महेवा नानकार मनकापुर मगनू पुत्र हीरालाल खटीकपुरुवा अंबरपुर श्यामू और दुर्योधन पर वनविभाग अधिनियम तहत विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर गाडी जब्ती और आरामशीन पर आगे की कार्रवाई की जा रही है इसके पहले बुधवार को अमन सिंह पुत्र अम्बरीष बहादुर सिंह निवासी तरबगंज तहसील निवासी महादेवा को भी मनकापुर से गोहन्ना रोड पर दस बोटा साखू सागौन के जंगली लकडी साथ उनकी पिकप को पकडा गया उस मामले मे भी गाडी जब्ती सहित अन्य आवश्यक कार्रवाई किया जा रहा है।

## नमामि गंगे परियोजना के तहत किया गया जन जागरण



*अवधनामा संवाददाता*

**तरबगंज गोंडा।** महाराजा देवी बख्श इंटर कॉलेज बेलसर में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा नदी के निर्मलता, अविरलता तथा संरक्षण एवं पुनरुद्धार के लिए जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य व उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन रेंज अधिकारी तरबगंज ज्योतिर्मय शुक्ला रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि वन रेंज अधिकारी ज्योतिर्मय शुक्ला ने कहा किनदियां जीवनदायिनी हैं। हमारी प्राचीन सभ्यता और संस्कृति नदियों के समीप ही विकसित हुई थी। देश के सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का आधार ये नदियां ही हैं। औद्योगीकरण और शहरीकरण के कारण नदियों पर संकट बढ़ा है। नदियों के किनारे सघन वृक्षारोपण किया जाना चाहिए, उद्योगों का अनुपचारित पानी, प्लास्टिक तथा जैविक पदार्थ नदियों में नहीं मिलने देना चाहिए। हम सभी को नदियों को साफ़ रखने के अभियान में साथ देना होगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि हम सभी को नदियों को साफ़ रखने के अभियान में साथ देना होगा। नदियों का जल पवित्र हुआ करता था। इन्ही नदियों को हम अपने स्वार्थ के कारण गन्दा करके और अधिक पाप कर रहे है। सभी देशवासियों को जागरूक हो जाना चाहिए और नदियों को स्वच्छ रखने की शपथ लेनी चाहिए।

# राज्य मंत्री संजय गंगवार ने क्षेत्रीय विधायक के साथ गौरा चौकी गन्ना विकास समिति का किया उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**गौरा चौकी गोंडा।** सहकारी गन्ना विकास समिति गौरा चौकी का उद्घाटन गन्ना राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजय गंगवार ने फीता काटकर किया। अभी तक लगभग 20 साल से ऊपर गौरा चौकी सहकारी विकास गन्ना समिति का कार्यालय किराए के मकान में चलता था। क्षेत्रीय विधायक के अथक प्रयासों से गौरा चौकी सहकारी गन्ना विकास समिति का भवन बनकर तैयार हो गया द्य जिसका उद्घाटन गुरुवार गन्ना विकास राज्य मंत्री के हाथों से किया गया।

गुरुवार को गौरा चौकी सहकारी गन्ना विकास समिति का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री संजय गंगवार ने फीता काटकर किया द्य क्षेत्रीय विधायक प्रभात बर्मा ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि संजय गंगवार ने अपने संबोधन में कहा केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं



का लाभ आम जनता को सीधे मिल रहा है । केंद्र व प्रदेश की सरकार जनता से किए गए वादे को लगातार पूरा करने का काम कर रही है।कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए मुख्य अतिथि संजय सिंह गंगवार ने पूर्ववर्ती सपा , कांग्रेस व बसपा जैसी विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी सरकारों में भ्रष्टाचार चरम पर था । आम जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ माफियाओं को मिलता था। वर्तमान मे केंद्र व प्रदेश सरकार में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे जनता को मिल रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में चारों तरफ सड़कों का जाल बिछाया गया है। तमाम सरकारी शिक्षण संस्थानों के स्थापना के साथ ही युवाओं के रोजगार के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसके अलावा सरकार ने पर्यटन के क्षेत्र में भी काफी कार्य किए हैं। सभा का संचालन शोहरत वर्मा ने किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री भाजपा राकेश त्रिपाठी,ब्लाक प्रमुख अनिल पासवान, उप गन्ना आयुक्त डा.आर .वी राम , जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह, सचिन गौरा चौकी जसवंत सिंह, कालीचरन, विक्रम वर्मा, अमित सिंह,भूपेंद्र मिश्रा, शिवकुमार वर्मा ,सुनील वर्मा, विनोद वर्मा प्रधान ,विमल सिंह सिसहनी ,उप गन्ना आयुक्त, सभी मंडल के मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, कार्यकर्तागण एवं भारी संख्या में गन्ना किसान मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में हुआ है अभूतपूर्व विकासः विनय

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा अपनाई गई पारदर्शी व्यवस्था, ईमानदार प्रयास और जनभागीदारी के दम पर पिछले दस वर्षों में तकरीबन 25 करोड लोगो को गरीबी से बाहर निकाला गया है। गरीबी रेखा के आंकड़ों में आई गिरावट को रेखांकित करने वाली नीति आयोग की रिपोर्ट का हवाला देते हुए पीएम ने कहा कि भारत ने गरीबों की मदद करने के लिए अन्य देशों के सामने एक मॉडल पेश किया है और दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत कर रहे थे जिसका सीधा प्रसारण पडरौना नगर में स्थित नगर पालिका कार्यालय मे अध्यक्ष विनय जायसवाल के मौजूदगी में किया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने तेलंगाना, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा और मेघालय राज्य के 5 लाभार्थियों से ऑनलाइन चर्चा भी की।

उन्होंने कहा कि यह बहुत उत्साहजनक रिपोर्ट है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को उनकी कल्पना से परे सफलता मिली है और यह दो महीने में ही एक जन आंदोलन बन गया है। पीएम ने करोड़ों की संख्या में दिए गए आवास, शौचालय, किसान सम्मान निधि और विभिन्न ऋण योजनाओं ने लोगों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता प्रदान की है। कार्यक्रम के प्रसारण के बाद बीज विकास निगम उत्तरप्रदेश के उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों के लिए दर्जनों की संख्या में ऐसी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिससे उनका जीवन स्तर सुधर सके। साथ ही कहा कि

**पीएम मोदी के कार्यक्रम का किया गया सजीव प्रसारण**

विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी को एकजुट होकर चलने की जरूरत है। पालिकाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि पीएम मोदी के करिश्माई नेतृत्व में भारत ने कृषि से लेकर अंतरिक्ष तक और खेल से लेकर शिक्षा तक साथ ही मनोरंजन से लेकर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व काम किया है। साथ ही पीएम मोदी के विकसित भारत के स्वप्न को मूर्त रूप देने के लिए नपाध्यक्ष ने गाँव, नगर और महानगरो को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत बताती। उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना व विश्वकर्मा योजना ने पडरौना नगरक्षेत्र में हजारों की संख्या में ठेला खोमचा व सामान्य व्यवसाय करने वाले युवाओं को हिम्मत दी है और उनके रोजगार बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई है।

# दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद एक व्यक्ति की मौत

**अवधनामा संवाददाता**

**दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**फर्रुखाबाद।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन व अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविंद्र नाथ राय के नेतृत्व में अपराध में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कमालगंज पुलिस द्वारा दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

घटना की जानकारी तमजीद खान पुत्र इदरीश खान निवासी ग्राम नगला दाऊद थाना कमालगंज द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से सूचना दी गई कि अभियुक्त आसिफ खां उर्फ मुन्ना खां पुत्र अकबर, ने निवासी ग्राम नगला दाऊद सरैया थाना कमालगंज द्वारा जमीनी विवाद को लेकर नाजायज असलाह धारदार हथियारों से लैस होकर गाली गलौज करते हुए घर में से खींच कर जान से मारने की नीयत से मारपीट की गई। तहरीर के आधार पर थाना कमालगंज में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान अभियुक्त वसीम खान पुत्र बसीर खां, अरशद खां, अक्कू पुत्र युसूफ खां, निवासीगण ग्राम नगला दाऊद सरैया थाना कमालगंज को गिरफ्तार किया गयाद्य अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक लकड़ी का डंडा व एक लोहे की सरिया बरामद कर कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरानअभियुक्त ने बताया कि पड़ोसी इदरीश पुत्र बादाम खां घर के बगल में प्लांट की बाउंड्री जबरदस्ती कर रहे थे। जब हम लोगों ने मना किया तो लड़ने लगे। इस के बाद हाथ में तौफीक, वसीम, अक्कू उर्फ अरशद व अन्य तमाम लोग लाठी डंडा के साथ मारपीट करने लगे। जिससे तौहीद को गंभीर चोट लग गई थी। कुछ लोग हमारी तरफ से भी घायल हुए थे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर संपर्क अभियान चला



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के साथ एक अनूठा आयाम जोड़ने के लिए राज स्कैनिंग के अध्यक्ष, प्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाज सेवी श्री हंसराज जैन ने लखनऊ के व्यवसाइयों, अस्पतालो एवं शिक्षा संस्थानो से सम्पर्क करके दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम को अत्यन्त वृहद एवं सार्थक बनाने का प्रयास आरम्भ किया है। इस प्रयास के अंर्तगत बड़ी मात्रा में दीप प्रज्ज्वलन सामग्री, अधिक से अधिक लोगो तक निजी सम्पर्क द्वारा पहुंचायी जा रही हैं तथा ऐसे अनेक लोगो से सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है जिनके जीवन में किसी बीमारी अथवा अन्य कारणों से अत्याधिक निराशा की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। आशय यह है कि दीप प्रज्ज्वलन केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नही है, यह सनातन विचारधारा, जिसकी श्री राम एक प्रतिमूर्ती हैं, को आत्मसाध्य करने का एक माध्यम है एक आशा किरण है जो कि किसी भी व्यक्ति मन को शान्ति एवं दिशा प्रदान कर सके।

## ब्लॉक प्रमुख अवधेश राय ने मंदिर में की साफ-सफाई

**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड कार्यालय मुहम्मदाबाद के परिसर में



स्थित मंदिर में ब्लाक प्रमुख अवधेश राय और बीडीओ कमलेश यादव ने साफ-सफाई कर पूरे ब्लाक में स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद ब्लाक प्रमुख अवधेश राय ने स्वच्छ पेयजल की जागरुकता वैन हर घर में नल को हरी झंडी दिखाया। इस मौके पर कहा कि साफ-सफाई और स्वच्छ पेयजल से व्यक्ति स्वस्थ्य और निरोगी रह सकता है। स्वस्थ्य व्यक्ति ही देश और समाज का विकास कर सकता है। पीएम मोदी और सीएम योगी ने स्वच्छता अभियान को घर-घर पहुंचाया है। आज साफ-सफाई करना हर नागरिक अपना गर्व का विषय समझता है। सैकड़ों वर्षों की लड़ाई के बाद 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। यह सभी हिंदुओं के लिए गर्व का विषय है। इसलिए 22 जनवरी को सभी लोग अपने घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनायें।

## एक दारोगा निलंबित 89 का स्थानांतरण

**कुशीनगर।** विवेचना में लापरवाही सामने आए पर एसपी धवल जायसवाल ने जहां एक दारोगाओं को तत्काल निलंबित कर दिया वहीं 89 दारोगाओं के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया। बता दें कि जिले में कानून व्यवस्था को और चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए तथा आम जनमानस में सुरक्षा का भरोसा हो इसको देखते हुए एसपी धवल जायसवाल ने 89 उप निरीक्षकों का स्थानांतरण कर दिया जबकि विवेचना में लापरवाही सामने आने पर उप निरीक्षक संजय कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। जिन उप निरीक्षकों को स्थानांतरण किया गया है उसमें उप निरीक्षक संदीप वर्मा चौकी प्रभारी मिश्रौली को चौकी प्रभारी कस्बा सेवरही, चौकी प्रभारी पडरौना कस्बा को नेबुआ नौरंगिया, चौकी प्रभारी अमर सिंह मनसाछापर को हनुमानगंज सहित कुल 89 उप निरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि यह स्थानांतरण रूटीन के अनुसार किया गया है ताकि कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त हो।

## सुमित हत्याकांड में प्रेमिका सहित पांच परिजनो को आजीवन कारावास

**अवधनामा संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट महेंद्र सिंह चतुर्थ ने सुमित हत्याकांड में उसकी प्रेमिका सहित पांचो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने करीब सवा साल में ही हत्याकांड के मुकदमे का फैसला किया है। अदालत ने अभियुक्त ईद मोहम्मद, इरसाद, रूबीना, अनीसा व निशा उर्फ नन्ही, प्रत्येक को आजीवन कारावास एव 15,000 रुपए अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा दी है। अपराध के लिए प्रत्येक को पाच वर्ष का कारावास व मु0 5000/- रूपये के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास एवं धारा 3(2)V एससीएसटी एक्ट के अपराध के लिए प्रत्येक को आजीवन कारावास व मु0 10,000/- के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड अदा न करने पर दो वर्ष के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया है। कोतवाली कायमगंज के मोहल्ला जटवारा निवासी दलित विनोद कुमार की पत्नी राधा देवी ने 23 सितंबर 2022 को अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध 20 वर्षीय पुत्र सुमित की हत्या किए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुमित घर से मोबाइल में गाना डलवाने की बात कह कर गया था।वापस न आने पर जब उसके मोबाइल फोन किया तो फोन बंद था। दूसरे दिन युवक का शव बरामद होने की जानकारी पर परिजन पोस्टमार्टम हाउस गए। परिजनों ने शव की सुमित के रूप में शिनाख्त की। विवेचना में मोहल्ला जटवारा निवासी ईद मोहम्मद की पुत्री निशा उर्फ नन्ही, उसकी मां अनीसा, भाई इरशाद पिता ईद मोहम्मद एवं दिलशाद की पत्नी शबीना को गिरफ्तार कर 18 नवंबर को चालान कर दिया था। अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। मुकदमे की जांच में उजागर हुआ की सुमित का निशा से प्रेम चल रहा था निशा ने फोन कर सुमित को घर बुलाया था।

## देश को राममय होते देख विपक्षी बेचैनः रमापति

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** प्रभु राम ने अपने जीवन में मर्यादाओं का पालन करते हुए गुरुकुल में दीक्षा ली। सभी को प्रभु राम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। उक्त बातें सदर सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी ने भाजपा द्वारा प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर चलाये जा रहे स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत सुभाष चौक स्थित राम जानकी मंदिर में साफ-सफाई करने के दौरान कही। उन्होंने कहा कि राम नाम के श्रवण मात्र से जीवन का उद्धार होता है। राम नाम मनुष्य और समाज का कल्याण करने वाला है। संसार में सभी लीलाएं परमात्मा ने रचाई हैं। मनुष्य जाति के उद्धार के लिए ही प्रभु बार-बार धरती पर अवतार लिए हैं। उन्होंने आदिकाल से चली आ रही परंपराओं और संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात कही। प्रभु राम के अस्तित्व को नकारने वाले विपक्षी दल आज देश को राममय होते देख बेचैन हो रहे। इस दौरान रमेश वर्मा, वीरेंद्र सिंह, दीपू यादव, गोविन्द चौरसिया, दीपक श्रीवास्तव, गंगा शरण पाण्डेय, अजित मिश्रा, संदीप सिंह, अखिलेश मिश्रा, सुधीर मद्धेशिया, गोविन्द मणि आदि रहे।

## भारत को विकसित देश बनाने का सपना अवश्य होगा पूर्ण

**सहजनवा अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा ब्लॉक के मुन्डा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम प्रधानमंत्री वर्चुअल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान 6 माह की बच्चों को अन्यप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं को गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री व क्षेत्रीय विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र की पक्ति में खड़ा करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। विकसित राष्ट्र के सपने को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर एक साथ सकारात्मक प्रयास करना होगा। सरकार की योजनाओं से समाज का अंतिम व्यक्ति जब तक वंचित रहेगा तब तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने के सपने को हम साकार नहीं कर सकते।

## गैंगस्टर और गौ तस्कर के अभियुक्त गये जेल

**बघौचघाट देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जनपद देवरिया के कंचनपुर निवासी अनवर पुत्र अब्दुल अंसारी जो कि गैंगस्टर और पेशेवर गौ तस्कर का अभियुक्त था को गिरफ्तार पर जेल भेज दिया गया आपको बता दे कि पुलिस पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा गैंगस्टर अधिनियम से संबंधित वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक और क्षेत्राधिकार के पर्यवेक्षक में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना अध्यक्ष मृत्युंजय राय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र की देखभाल वाक्षिंत अभियुक्त के गिरफ्तारी के संबंध में क्षेत्र में गस्त पर थे कि मुखबिर द्वारा सूचना के आधार पर उक्त अभियुक्त को देवरिया धूस मछली मंडी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी के साथ-साथ हेड कांस्टेबल इंदल यादव, फकरुदीन खान, रामनयन, राजवेन्द्र सिंह, का0 रूपेश यादव, साजिद, सुभाष, अजीत चौधरी मौजूद रहे।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया कारागार का औचक निरीक्षण

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 18 जनवरी को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में जिला कारागार देवरिया में बैरकों, पाकशाला का औचक निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक कुमार दूबें के द्वारा निरूद्ध बंदियों का हाल-चाल जाना गया तथा उनकों विधिक जानकारियॉ दी गयी। सचिव द्वारा जिला कारागार देवरिया में बैरकों, पाकशाला में निरंतर स्वच्छता बनायें रखने तथा ठंड से बचने हेतु अलाव व निरूद्ध महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों को गर्म कपड़े, दूध की व्यवस्था, शिक्षण हेतु व्यवस्था, साफ-सफाई एवं दवा की व्यवस्था कराने हेतु विशेष दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कारागार में बन्दियों को ठंड से बचाने हेतु उचित व्यवस्था की जायें ताकि उन्हें ठंड से बचाया जा सकें। इसमें कोई भी लापरवाही अक्षम्य होगी। कारागार में स्थापित जेल लीगल ऐड क्लीनिक पर विशेष ध्यान देने हेतु कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया। सचिव ने कहा कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता हैं। यदि किसी बंदी को अपने मामलें में पैरवी की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता हैं। इस दौरान कारागार अधीक्षक प्रेमसागर शुक्ला, जेल कारापाल श्री राजकुमार, कारागार बन्दी रक्षक, कारागार पी0एल0वी0, इत्यादि उपस्थित रहें।

## सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आयोजित




**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को राजकीय अवकाश होने के कारण किसान दिवस बैठक का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागार देवरिया में किया गया। सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित कृषकों को गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त 05 शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। इसके बाद उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि 20 जनवरी, 2024 को दोपहर बजे से प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0 कुसुम) सोलर पम्प योजना के अन्तर्गत जनपद में 02एचपी0 डीसी / एसी, 03एचपी डी0सी / ए0सी, 05 एचपी ए0सी0, 7.5 एचपी ए0सी0 एंव 10 एचपी ए0सी0 क्षमता में बुकिंग हेतु पोर्टल खुलेगा। इच्छुक कृषक सोलर पम्प हेतु बुकिंग करा सकते हैं। कृषि यंत्रीकरण में जानकारी सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन योजना, इनसीटू योजना एवं एनएफएसएम योजना के अन्तर्गत किसानों द्वारा बुकिंग किया गया था जिसका 11 जनवरी को ई-लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। जिला कृषि अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने जनपद में उर्वरकों की उपलब्धता की जानकारी देते हुए बताया कि इस समय यूरिया एवं डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## शिक्षक, चिकित्सक को मानवता की सेवा करने का अवसर मिला है इस अवसर को व्यर्थ न जाने देः डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**स्वास्थ्य केद्रों पर गर्भवती की सर्जरी, अन्य व्यवस्थाएं दुरूस्त रहे, घर पर प्रसव होना चिन्ताजनक**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा के दौरान असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद में माह दिसंबर में 157 घरेलू प्रसव हुए हैं, जिसमें सर्वाधिक 48 घरेलू प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घिरोर के अंतर्गत हुए हैं जो कि चिंताजनक हैं। उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी प्रसव घर पर न हो, गर्भवती महिलाओं के परिजनों को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया जाए, जनपद में जो घरेलू प्रसव हुए हैं, उनकी सूची बनाकर प्रस्तुत की जाए, घर पर हुये प्रसव वाली प्रसूताओं, बच्चों की आशा, ए.एन.एम. द्वारा गहन निगरानी की जाए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करने पर पाया कि वार्षिक लक्ष्य 23837 के सापेक्ष माह दिसंबर तक 16657 संस्थागत प्रसव हुए, माह दिसंबर में जनपद में 3478 प्रसव हुए, जिसमें से 2308 प्रसव सरकारी चिकित्सालयों में, 1013 निजी चिकित्सालयों में एवं 157 घरेलू प्रसव हुए हैं, निजी चिकित्सालयों में हुए प्रसव में सर्वाधिक 102 प्रसव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेवर क्षेत्र में हुए, जिस पर उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारी बेवर को आदेशित करते हुए कहा कि इस ओर ध्यान दें, गरीब, संसाधनहीन व्यक्तियों को सरकारी चिकित्सालयों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिले ताकि उन्हें आर्थिक असुविधा का सामना न करना पड़े। माह दिसंबर में प्र. चिकित्साधिकारी घिरोर व उनकी टीम द्वारा अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया है, जिस पर उन्होंने एम.ओ.आई.सी. घिरोर व उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र एवं माह दिसंबर में सबसे खराब कार्य करने पर एम.ओ.आई.सी. करहल, बरनाहल को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्र. चिकित्साधिकारियों से कहा कि अपने-अपने स्वास्थ्य केंद्रों के अधीन प्रतिमाह एक बेहतर कार्य करें, किए गए कार्य का प्रस्तुतीकरण शासी निकाय की बैठक में किया जाए। वी.एच.एन.डी. सत्र किसी भी दिशा में किसी के घर, निजी स्थल पर आयोजित न किए जाएं, वी.एच. एन.डी. सत्र विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत सचिवालय, अन्य किसी शासकीय भवनों में ही आयोजित हो। उन्होंने पी.सी.पी. एन.डी.टी. अधिनियम के अंतर्गत संचालित अल्ट्रासाउंड सेन्टर की नियमित जांच कर अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों से निर्धारित शर्तों का पालन सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश नोडल अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि राशन डीलरवार पात्र गृहस्थ राशन कार्ड के 06 यूनिट वाले कार्ड धारकों की सूची तत्काल स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करायें पात्र गृहस्थ राशन कार्ड धारकों के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाने की प्रगति मंडल में सबसे खराब है, अभी तक 02 लाख 14 हजार के सापेक्ष पात्र गृहस्थ राशन कार्ड धारकों के मात्र 01 लाख 73 हजार गोल्डन कार्ड ही बन पाए हैं। उन्होने परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान महिला नसबंदी के लक्ष्य के सापेक्ष बेहतर प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कैंप आयोजित कर पुरूष नसबंदी के लक्ष्य की भी पूर्ति करने के आदेश प्रभारी चिकित्साधिकारियों को दिये, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में महिला नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 1000 के सापेक्ष अब तक मात्र 907 एवं पुरुष नसबंदी के वार्षिक लक्ष्य 20 के सापेक्ष मात्र 05 की पूर्ति की चुकी है।

## सूफी संत हजरत गरीब नवाज़ अजमेरी के उर्स की दी मुबारकबाद

**गोरखपुर।** हिंदुस्तान के अज़ीम वली अता-ए-रसूल नाइबे रसूल औलाले इमाम मुसा काजिम अलैह सलाम सिलसिला-ए-चिश्तीया की जान सरकार सय्यदुना सुफी मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लह अलैह (गरीब नवाज़ सरकार) के 812वें उर्स के मौक़ा पर टीम मिशन अहले बैत के संस्थापक और अध्यक्ष जनाब सुफी सय्यद दानियाल हैदर शम्सी चिश्ती निजामी साहब ने हिंदुस्तान के हिंदु मुस्लिम भाईयों को सरकार गरीब नवाज़ के 812वें उर्स की मुबारकबाद दी और दुआ प्राथना करते हुए कहा कि हिंदुस्तान पे जिस तरह से वलीयों का फैज़ जारी है और हिंदु मुस्लिम एकता कि एक मिसाल कायम है अल्लह पाक गरीब नवाज़ के सदके इस मुहब्बत और एकता को कायम रखे सुफी साहब ने अजमेर के गद्दीनशीं और खुद्दामो का शुक्रिया अदा किया कि वो उर्से गरीब नवाज़ पे अजमेर में आने वाले हिंदु मुस्लिम ज़ायरीन के लिए बहतरीन इंतेजाम करते है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष -2018, अनुक्रमांक -1263209 एवं इण्टर मीडिएट वर्ष -2021, अनुक्रमांक -217324159 अंक सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है।

**नाम-विक्रम सिंह, पुत्र - नारायण सिंह**
**ग्राम- सकतपुर, पोस्ट - मधुकरपुर, जनपद -सिद्धार्थनगर**

# प्रभारी मंत्री ने खागी मंदिर में किये दर्शन



खागी मंदिर में झाड़ू लगाते मंत्री व अन्य

**अवधनामा संवाददाता**

**श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश**

**हाटा, कुशीनगर।** खाद्य एवं रसद मंत्री/जनपद के प्रभारी मंत्री शतीश चन्द्र शर्मा ने हाटा नगर स्थित खागी बाबा मंदिर में पहुंचकर दर्शन किया। एवं जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों व स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत चलाए जा रहे अभियान के तहत मंत्री ने मंदिर व परिसर में झाड़ू लेकर साफ सफाई की। श्री शर्मा ने कहा 500 वर्षो का इंतजार अब जल्द ही खत्म होने जा रहा है आज पूरा देश राममय है। कहा कि अब कुछ ही दिन शेष रह गए है, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम अपने महल में विराजमान होंगे। भगवान राम का अपने जन्म स्थान में विराजमान होना देश के लिए गौरव की बात है। इस दौरान हाटा विधायक मोहन बर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दूर्गेश राय,पूर्व जिलाध्यक्ष जेपी शाही, सीडीओ गुंजन द्विवेदी, एसडीएम हीरालाल, सीओ कुंदन कुमार सिंह, ईओ अजय कुमार सिंह, नपाध्यक्ष रामानंद सिंह, प्रमुख प्रतीनिधि सुधीर राव, कोतवाली प्रभारी राज प्रकाश सिंह सहित अन्य गण मान्य मौजूद रहे।

## कप्तानगंज गौशाला का प्रभारी मंत्री के किया निरीक्षण



कप्तानगंज स्थित कान्हा गौशाला का निरीक्षण मंत्री द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ दिखी इसी के साथ इन्होंने मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी से जिले में अन्य पशु आश्रय की जानकारी ली तथा जगह की उपलब्धता अनुसार नये पशु आश्रय बनाए जाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कान्हा पशु आश्रय में कुल 37 पशु पाये गये, जिनका स्वास्थ्य, पालन पोषण, साफ सफाई संतोषजनक रहा। पशुओं को दिए जाने वाले हरा चारा, गुड़, चोकर, भूसा का आवश्यक स्टॉक परिपूर्ण था। इसके लिए उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू खेतान को शाबसी दी। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विनय प्रकाश गोंड व हाटा विधायक मोहन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि सहित अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय खेतान, अधिशासी अधिकारी योगेश प्रताप मिश्रा, शिव रंजन आदि मौजूद रहे।

## 20 जनवरी तक स्कूलों में बच्चों का अवकाश

**अमेठी।** शीतलहर और ठंड के चलते परिषदीय विद्यालयों में बच्चों का अवकाश 20 जनवरी तक बढ़ा दिया गया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने बुधवार की शाम नया आदेश जारी किया है। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने नये आदेश में स्कूलों में स्टाफ को बैठकर विभागीय कार्यों को सम्पादित करने के निर्देश दिए हैं।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-7, इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 199/एल0जे0एस0/ई0ई0-7 दिनांक : 18/01/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक 27-01-2024 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27-01-2024 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत मकान नं0-सी-213 से मकान नं0-सी-248 लवकुशनगर तक 90 एमएम डाया की 112 मीटर पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने का कार्य | 100.00 | 1750.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-7**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राबिया कलाम पुत्री कलाम हैदर निवासिनी 191/12 नई बस्ती पत्थर वाली गली सिटी स्टेशन लखनऊ। यह कि मेरे एक क्रेता गोदाम स्थित प्रथम तल कुंदन बिल्डिंग भवन संख्या 244/ 136 याहियागंज लखनऊ की रजिस्ट्री बैनामा की मूल प्रति कहीं गुम हो गई है जो की उपनिबंधक तृतीय के कार्यालय दिनांक 3/3/ 2014 को बही संख्या 1 जिल्द संख्या 10397 पृष्ठ संख्या 301 से 326 पर क्रमांक 1530 पर दर्ज है काफी खोजबीन के उपरांत नहीं मिल रही है।

**कार्यालय-अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग, लखनऊ

पत्रांकः 1992/ई0ई0(एच0क्यु0)/2023-24
दिनांकः 18/01/2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 30/01/2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 30/01/2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 30/01/2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा वार्ड संख्या–55, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, गन्ने वाली गली, अमीनाबाद मे नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
2. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा केसरीखेड़ा वार्ड मे विकमनगर, आलमबाग में नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00
3. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय द्वारा बाग महानारायण चौक मे श्री कश्यप के निवास के निकट नये समरसेबिल पम्पसेट अधिष्ठापन इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि रु0 4,500.00 एवं निविदा मूल्य रु0 200.00

**अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

## कच्ची एवं पीली ईंटों से बाउंड्री वॉल निर्माण कराए जाने पर बिफरे ग्रामीण, गुस्साए ग्रामीणों ने रोकवाया निर्माण कार्य

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सिधौना ग्राम पंचायत के खदरा गांव में निर्माणाधीन वाटर टैंक परिसर



की बाउंड्री वॉल पीली तथा कच्ची ईंटों से निर्मित कराए जाने को लेकर भड़के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा और मानक के विपरीत कराए जा रहे निर्माण को रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्यदाई संस्था द्वारा समूचे गांव की गलियों एवं मुख्य रास्ते पर बने खड़ंजा, इंटरलॉकिंग तथा सीसी रोड को तुड़वाकर फेंक दिया गया है। जिसके चलते ग्रामीणों सहित आम जन का चलना दुश्वार हो गया है। बताते चलें कि हर घर जल योजना के तहत खदरा गांव में वॉटर टैंक का निर्माण कार्यदाई संस्था कासु इंफ्राटेक कंपनी की ओर से कराया जा रहा है। जिसमें वॉटर टैंक सहित बाउंड्री का निर्माण कार्य जारी है। अधिकृत ठेकेदार द्वारा बाउंड्री वॉल निर्माण में पूरी तरह से कच्ची 1 पीली ईंटों का प्रयोग कर 5 फीट ऊंची बाउंड्री का निर्माण कर दिया गया। जिसे देख ग्रामीणों का गुस्सा सातवें आसमान जा पहुंचा और उन्होंने ग्राम प्रधान श्रीमती उमा सिंह के पति महेंद्र प्रताप सिंह को मानक विहीन निर्माण कराए जाने की जानकारी दी। सूचना पाकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और नाराज ग्रामीणों ने मानक विहीन अवैध निर्माण रुकवा दिया तथा कंपनी के उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर सुनील सिंह अवर अभियंता शुभम शुक्ला के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने भी बाउंड्री वाल निर्माण में प्रयुक्त की गई ईट को अत्यंत घटिया बताते हुए निर्माण कार्य कर रहे ठेकेदार को खूब जमकर खरी खोटी सुनाई। उधर प्रधान के पति महेंद्र प्रताप सिंह ने कंपनी के डायरेक्टर प्रशांत रेड्डी से वार्ता कर उन्हें समूचे घटनाक्रम की जानकारी दी और अपने गांव में तोड़े गए इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खडंजा रोड को पुनर्निमित कराए जाने के बाद ही वॉटर टैंक सहित मानक विहीन निर्मित कराई गई बाउंड्री वाल को तुड़वाकर मानक के अनुरूप ही बाउंड्री वाल निर्माण कराए जाने की बात कही।

## बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को ई कार्ट से श्रीरामलला के दर्शन कराएगी योगी सरकार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** 22 जनवरी को नव्य मंदिर में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसके लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारियां की हैं। इसी क्रम में सरकार श्रीरामलला के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं को राम मंदिर और हनुमान गढ़ी तक पहुंचाने के ई कार्ट चलाएगी। ये ई कार्ट या गोल्फ कार्ट बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं के लिए निशुल्क होंगी। इस महत्वपूर्ण योजना को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या विकास प्राधिकरण ने निजी औद्योगिक घरानों को प्रस्ताव भेजा है। यह प्रयास किया जा रहा है कि निजी औद्योगिक घराने अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में इस सेवा के लिए डोनेशन प्रदान करें, ताकि बुजुर्गों, दिव्यांगों और गर्भवती महिलाओं को राहत प्रदान की जा सके। वहीं अयोध्या विकास प्राधिकरण का फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल जल्द ही 650 ई कार्ट्स को रोड पर उतारने जा रहा है।

**कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु कर सकेंगे दर्शन**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह के अनुसार, प्राण प्रतिष्ठा के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु



नए मंदिर में श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या आएंगे। इसमें दिव्यांग, बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं भी शामिल होंगी। जो श्रद्धालु अपने वाहनों से अयोध्या आएंगे उन्हें पार्किंग स्थल पर ही ई कार्ट की सुविधा मिलेगी, जिसके माध्यम से वो हनुमान गढ़ी और श्रीरामलला के दर्शनों के साथ ही धाम में स्थित अन्य धार्मिक स्थलों तक जा सकेंगे। बुजुर्गों, दिव्यांगो और गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सेवा उपलब्ध कराने की योजना है। राम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को यह ई कार्ट जन्मभूमि पथ तक ले जाएगी, यहां से बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं गर्भवती महिलाओं को व्हीलचेयर की सुविधा मिलेगी, जो बिल्कुल निशुल्क है। उन्होंने बताया कि कम समय में अधिक से अधिक श्रद्धालु श्रीरामलला के दर्शन कर सकें, इसके लिए यह व्यवस्था शुरू करने की योजना है। इसके लिए हमने उन कॉर्पोरेट हाउसेस को यहां ई कार्ट या गोल्फ कार्ट सेवा प्रदान करने के लिए कंट्रीब्यूशन हेतु प्रस्ताव भेजा है। ये ऐसे कॉर्पोरेट हाउसेस हैं जो पहले भी अपने सीएसआर फंड के माध्यम से अयोध्या में सेवा कार्य करने को लेकर अपनी इच्छा जाहिर कर चुके हैं। इनकी सहमति मिलने के बाद इस योजना को बड़े पैमाने पर लागू किया जाएगा।

**पहले चरण में आएंगी 650 ई कार्ट्स**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के फैसिलिटी मैनेजमेंट पार्टनर कवच ग्लोबल कनेक्ट्स प्रा. लि. भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कवच ग्लोबल के डायरेक्टर तक्ष रावल ने बताया कि हमें टेंडर के माध्यम से अयोध्या विकास प्राधिकरण में विभिन्न लोकेशन मिली हैं। इन लोकेशंस पर हम श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी क्रम में हमारी योजना है कि श्रद्धालुओं को इन लोकेशंस से 12 सीटर और 18 सीटर ई कार्ट की सुविधा मिले जो उन्हें अयोध्या के विभिन्न धार्मिक स्थलों की सैर कराए।

## कड़ाके की ठंड में नगर पंचायत जलवाती गीली लकड़ी

**बेलहरा बाराबंकी।** कडाके की ठंड में नगर पंचायत में अलाव और रैन बसेरा का इंतजाम बेपटरी है। नगर पंचायत कर्मी गीली लकडियां डालकर खाना पूर्ति कर रहे है। बेसहारा नागरिक और राहगीरों को ठंड से बचाव कार्य बेइमानी साबित हो रहा है। इसलिए कोई राहत नही मिल रही है। नगर पंचायत बेलहरा के 15 वार्डो में सार्वजनिक स्थलों पर नगर पंचायत द्वारा इस भीषड ठंड में अलाव जलाने का दायित्व है। वार्डवासियों का कहना है कि नगर पंचायत गीली लकडियां डालकर कागज व प्लास्टिक के सहारे जलाकर चलता बनते है। कुछ ही देर बाद आग बुझने से गीली लकडियां उसी तरह पडी रहती है। जिसके कारण विभिन्न चौराहों पर अलाव जलाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। इस सम्बन्ध में ईओ शिवमूर्ति ने बताया कि अलाव जलाने की प्रक्रिया सुचारू रूप से की जा रही है यदि कहीं गीली लकडियां डाली जा रही है तो इसकी जांच की जायेगी।

## एयरपोर्ट, कलेक्ट्रेट और राम की पैड़ी मार्ग पर की जा रही वॉल पेंटिंग

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** प्रदेश सरकार अयोध्या धाम में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता बढ़ाने के लिए विभिन्न स्थानों पर कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कर की वाटिका और फोटोग्राफी जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 18 जनवरी से ये कार्यक्रम पूरी गति से शुरू हो चुके हैं और प्राण प्रतिष्ठा तक और इसके बाद भी यह अनवरत जारी रहने वाले हैं। राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि



रही है। इसकी जिम्मेदारी संस्कृति विभाग को सौंपी गई है। संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले ललित कला अकादमी की ओर से कार्यक्रमों की पूरी रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत अयोध्या धाम की प्रमुख दीवारों पर वॉल पेंटिंग कार्यशाला, सरयू नदी के तट पर भगवान राम पर आधारित रेत शिल्प के अलावा राम बाल लीला, कलाकृतियों की प्रदर्शनी, मेंहदी एवं फूलों अयोध्या धाम के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास सीआरपीएफ की दीवार पर लगभग तीन हजार वर्गफीट, अयोध्या कलेक्ट्रेट भवन की दीवार पर लगभग 1500 वर्गफीट एवं राम की पैड़ी मार्ग पर स्थित सिंचाई विभाग के भवन की दीवार पर लगभग 1200 वर्गफीट के क्षेत्र में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 40 कलाकारों द्वारा वॉल पेंटिंग की जा रही है।

## राम की पैड़ी पर दुखदुरिया माता का पूजन सकुशल संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पूरे एक वर्ष में चार नवरात्र पडते हैं दो नवरात्र सभी को मालूम है और दो गुप्त नवरात्र होते हैं उसमें से एक गुप्त नवरात्र पौष मास के शुक्ल पक्ष में पड़ता है जिसे शाकंभरी नवरात्र कहते हैं और इस नवरात्र के प्रथम दिन बृहस्पतिवार को प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर श्री राम जन्मभूमि परिसर में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो इसके लिए अयोध्या के महापौर तीन कलशा तिवारी मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी की धर्मपत्नी अयोध्या नगर निगम की प्रथम महिला समाज सेविका वशिष्ठ फाउंडेशन की सचिव राजलक्ष्मी त्रिपाठी के संयोजन में राम की पैड़ी पर 4000 महिलाओं ने एक साथ अवसान मैया अर्थात दुखदुरिया माता का पूजन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सकुशल संपन्न हो और पूरे विश्व में सुख शांति हो सनातन धर्म का परचम लहरा इस उद्देश्य से माता का पूजन अर्चन किया।अयोध्या धाम में महिलाओं का यह कार्यक्रम वशिष्ठ फाउंडेशन शैक्षिक एवं सामाजिक वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान किया



गया जिसमें 15-15 की टोली में 251 समूह में 4000 महिलाओं ने मैया का एक साथ विधि विधान पूर्वक पूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ तीन कलसा तिवारी मंदिर के महंत अयोध्या नगर निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने किया और कहा कि हमारे सनातन धर्म में अवसान माता की पूजन का बड़ा विधान है और ऐसा मानना है की माता से जो भी कामना की जाती है वह पूर्ण होती है यहां उपस्थित सभी बहनों ने विश्व शांति की प्रार्थना की रामला के लिए यह पूजा आयोजन की गई इससे बड़ी खुशी और क्या हो सकती है।उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की पत्नी नम्रता पाठक ने इस कार्यक्रम में सहभागी बनी माता का पूजन किया और कहा कि हम सभी भारतवासियों के लिए 22 जनवरी सबसे बड़ा दिन है हम सभी की मनोकामना पूर्ण हो रही है प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे है इस अवसर पर हम बहनों ने अवसान माता की पूजा कर सुख समृद्धि और शांति की कामना की।कार्यक्रम की संयोजक राजलक्ष्मी त्रिपाठी ने सभी बहनों का आभार व्यक्त किया और कहा की सभी ने एक साथ मां सरयू के पावन तट पर राम की पहली पर उपस्थित हुई रामलला के लिए माता की पूजा की हम सभी आज से ही 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं जब प्रभु अपने मंदिर में विराजमान हो जाएंगे और हम सब बहाने उनका दर्शन पूजन करेंगे नए भव्य मंदिर में। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह, श्रीमती आभा सिंह, सीमा तिवारी, सरिता सिंह, आंचल मिश्रा, रूबी पोद्दार, सुभाषनी अवस्थी, पूर्व पार्षद बिंदु सिंह, प्रियंका अवस्थी, अमिता अवस्थी, कुसुम यादव, प्रीति पाठक, नेहा मौर्या, नीलम चौधरी, सीमा गौतम, प्रेरणा त्रिपाठी, रंजना शुक्ला, रूपम गुप्ता, सपना गुप्ता, स्वाति पांडेय, गार्गी त्रिपाठी आदि हजारों महिलाएं उपस्थिति रही।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चलाया जा रहा है वृहद स्वच्छता अभियान



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा विभिन्न स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने लता चौक से अभियान की शुरूवात की थी। गुरूवार को सांसद लल्लू सिंह ने हनुमान कुंड वार्ड में, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अशोक सिंघल वार्ड में, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने राम की पैड़ी , ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह ने दशरथ समाधि, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने देवकाली वार्ड, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने अभिराम दास वार्ड, पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक मिश्र ने सीताकुण्ड वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाया है। वार्डो के पार्षदों ने भी अपने क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया।विधायक वेद गुप्ता ने वॉल लेखन अभियान के तहत अशोक सिंघल वार्ड में कमल का फूल बनाया तथा एक बार फिर मोदी सरकार का लेखन किया।

## श्री राम चंद्र कृपालु भजमन हरण भव भय दारुणम्........

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सत्यप्रेमी नगर स्थित राजकमल लॉन में गुरुवार को नजारा देखने वाला था। लोग अपने अपने बच्चों को घरों से राम के विभिन्न स्वरूपों में सजा कर राजकमल लॉन



पहुंचाने लगे थे। मन मोह रहे इन सैकड़ों राम को देखने भीड़ जुट गई थी। यह दृश्य हिंदू नवसंवत्सर समिति द्वारा आयोजित घर घर से निकले राम कार्यक्रम में देखने को मिला। जिले के विभिन्न विद्यालयों ने बढ़ चढ़ इस अनूठे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। लोगों को राम के बाल रूप से लेकर बनवासी और राजा रूप के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए स्वामी चेतनानंद ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम श्री हरि विष्णु के दस अवतारो में से सातवें अवतार थे। उन्होंने कहा राम का जन्म लोक कल्याण के लिए हुआ था। केरल से पधारी देवी संगमेशानंदा सरस्वती ने बतौर विशिष्ट अतिथि बोलते हुए कहा कि राम करुणा, त्याग और समर्पण की मूर्ति माने जाते है। उन्होंने विनम्रता, मर्यादा, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण संसार के सामने प्रस्तुत किया है। संयोजक विजय आनंद बाजपेई ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉक्टर विवेक वर्मा ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इसके पूर्व विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने सांकृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।श्री राम चंद्र कृपालु भजमन भजन गाकर स्वामी चेतनानंद व अन्य अतिथियों ने सभी राम स्वरूपों की आरती उतारी गई।इस दौरान लोग पुष्प वर्षा करते रहे। पूरा हाल जय श्रीराम के जयघोष से गूंजता रहा।संचालन विपिन पांडेय ने किया।इस अवसर पर जिला प्रचारक सुदीप जिला कार्यवाह सुधीर, अशोक त्रिपाठी, परितोष, विपिन राठौर, डॉक्टर सुजीत चतुर्वेदी, पंकज गुप्ता, मनीष परिहार, अजय मिश्रा, राम स्वरूप यादव, बलराम तिवारी अनुपम, शुभम, पंकज सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवम अभिभावक मौजूद रहे।

## भव्य कलश यात्रा 20 जनवरी को

**(नौतनवा) महराजगंज।** उपनगर कोल्हुई बाजार के बृजमनगंज रोड पर स्थित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में अयोध्या के रामजन्म भूमि पर निर्मित मन्दिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आगामी 20 जनवरी को एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया है। इस कलश यात्रा के मुख्य अतिथि फरेंदा के पूर्व भाजपा विधायक बजरंग बहादुर सिंह होंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष कोल्हुई प्रदीप पांडेय ने बताया कि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह के नेतृत्व में कलश यात्रा को सफल बनाने के जोर शोर से तैयारी किया जा रहा है। कलश यात्रा को लेकर पूरे क्षेत्र के लोगों में उत्साह का माहौल है। हर नागरिक पुरुष,महिलाएं,बच्चे कार्यक्रम में पहुंचने के लिए उत्सुक है।

## कार से रेकी कर चोरी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार, चोरी का ट्रैक्टर बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** स्वाट, सर्विलांस व थाना कोठी की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी की घटना का अनावरण किया है। टीम ने 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी किया ट्रैक्टर व तमंचा बरामद किया। पुलिस के अनुसार आकाश कुमार वर्मा पुत्र साहेब शरन निवासी दरावपुर थाना कोठी ने सूचना दी कि उसका ट्रैक्टर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त सूचना पर थाना कोठी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

स्वाट/सर्विलांस व थाना कोठी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन व डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए अभिषेक कुमार वर्मा पुत्र बृजेश कुमार वर्मा निवासी अमरसिंह मदारपुर, मनीष वर्मा उर्फ विजय प्रसाद वर्मा पुत्र भैरव प्रसाद वर्मा निवासी ग्राम छुलापाही थाना असन्द्रा का नाम प्रकाश में आया। इन दोनों को नहर पुलिया ग्राम शिवाला का पुरवा मजरे चांदपुर थाना कोठी से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से चोरी किया गया ट्रैक्टर, एक तमंचा मय



2 जिंदा कारतूस 2 एण्ड्रायड फोन बरामद किया गया।

बताया गया कि अभियुक्तगण एक गिरोह है जो अपने शौक को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाएं कारित करते है। अभियुक्तगण द्वारा पहले वैगनार कार से घूम फिर कर चोरी करने वाले स्थान को चिन्हित कर लेते है और मौका पाकर रात में वैगनार कार ले जाकर चिन्हित किए स्थान के आस-पास खड़ी कर चोरी की घटना कारित करते है। इनके द्वारा करीब 20 दिन पूर्व दरावपुर थाना कोठी में ट्रैक्टर चोरी करना स्वीकार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना कोठी पर मामला पंजीकृत है। अन्य अभियुक्त मोहित वर्मा की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

## किराने की दुकान से नकदी सहित हजारों का सामान चोरी

**सूरतगंज, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत सूरतगंज कस्बे के ऐनुद्दीनपुर चौराहा में स्थित वसीम मार्केट में संचालित हो रहे ओम सिंह जगजीवनपुर गांव के निवासी की किराना स्टोर (परचून) की दुकान के ताले बीती रात्रि को चोरों ने तोड़ दिए। अंदर पहुंचे चोर लगभग ढाई हजार रुपए के सिक्के व तीन हजार रुपए के नगदी,दस कट्टी अरहर की दाल,तीन कट्टी उड़द दाल एवं एक बोरी चना के दाल संग दो बोरी मटर दाल और एक बोरी मटर के साथ ही पान-मसाला सहित किमती सामान उठा ले गए। करीब सत्तर हजार रुपए का सामान बटोर ले गए हैं, जातें वक्त शटर भी गिरा गए। ओम सिंह सुबह दुकान पहुंचे तब शटर के ताले टूटे हुए थे। घटना की जानकारी स्थानीय चौकी सूरतगंज पर दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सतेंद्र पाण्डेय ने घटनास्थल जायजा लिया है।

## जनपद में काष्ठ शिल्प के लिए अत्यधिक संभावनाएंः जिलाधिकारी

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में ओडीओपी उत्पाद के तहत काष्ठ फर्नीचर और काष्ठशिल्प उद्योग के प्रोत्साहन और संवर्धन के विषय में जनपद के उद्यमियों के साथ कलेक्ट्रेट



सभागार में चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में काष्ठ फर्नीचर और काष्ठ शिल्प के लिए अत्यधिक संभावनाएं हैं। आवश्यकता संभावनाओं के दोहन की है। इसके लिए उद्यमियों को नवाचारी और जागरूक होना होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में सिर्फ पारंपरिक उत्पादों के साथ बाजार में प्रतिस्पर्धा करना कठिन है। उद्यमी बाजार का अध्यन करें और नए उत्पादों के निर्माण की ओर ध्यान दें। इस संदर्भ में उन्होंने उपायुक्त उद्योग को कारीगरों के प्रशिक्षण का निर्देश दिया। उन्होंने उद्यमियों को पराली के उत्पाद की ओर भी ध्यान देने के लिए भी कहा। जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आपको मार्केट लिंकेज उपलब्ध कराने के साथ अन्य सभी जरूरी सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को इस संदर्भ में आवश्यक निर्देश भी दिया। बैठक में उपायुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, एलडीएम अमरेश मौर्या, ग्रामोद्योग अधिकारी रामचंद्र प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी और उद्यमी उपस्थित रहे।

## चोरों ने एक ही रात में पांच दुकानों के तोड़े ताले, नकदी-कपड़े चोरी



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज क्षेत्र में पुलिस नहीं, बल्कि चोर गश्त पर है। यकीन तो इसलिए भी करना पड़ेगा क्योंकि फुलमनहां के मामी चौराहे पर रात में चोरों ने एक दो नहीं बल्कि पांच दुकानों के ताले तोड़ दिए और पुलिस को खबर तक नहीं लगी। जिन दुकानों के ताले चटकाए उनमें से एक मिनी यूपी बड़ौदा बैंक और वस्त्रालय की दुकान भी शामिल है। घटना की जानकारी सुबह हो सकी, जब कोरोबारी अपने अपने प्रतिष्ठान खोलने के लिए पहुंचे। प्रतिष्ठानों के ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बुधवार की रात मामी चौराहे पर स्थित प्रदीप चौधरी के यूपी बड़ौदा मिनी बैंक का शटर तोड़ लगभग 10 हजार रुपए उड़ाए, गौरव वस्त्रालय की दुकान में से महंगी साडिया व शाल और लगभग 5 हजार रुपए, अरुण प्रताप के कास्मेटिक की दुकान से कास्मेटिक सामान, हनुमान जायसवाल के खानपान की दुकान और राम नवल के दुकान की खिड़की तोड़ने का प्रयास किया गया। लोगों का कहना है कि इसी चौराहे पर पुलिस रात में रोजाना गश्त करती थी। तो पांच दुकानों से चोरी आखिर कैसे हो गई।

## दुकान में घुसकर मारपीट, मुकदमा

**सिसवा बाज़ार(महाराजगंज)।** कस्बे के जायसवाल नगर स्थित एक टैक्टर पार्ट पुर्जे की दुकान में घुस कर तीन लोगों द्वारा दुकानदार के साथ मारपीट की गई। छोटेलाल जायसवाल ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। छोटेलाल जायसवाल ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि सिसवा कस्बे के जायसवाल नगर के पास एच पी पंट्रोल पंप के सटे उनकी टैक्टर पार्ट पुर्जे की दुकान है। छोटेलाल की दुकान पर पास के ही धीरज, रिकेंश्वर, नीरज दुकान गाली गलौज करने लगे विरोध करने पर उक्त लोगो द्वारा दुकान में घुसकर मार पीट की गई व दुकान में रखा लैपटॉप को भी तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय ने कहा कि तीनों आरोपीयो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही हैं।

## जमीनी बंटवारे को लेकर मारपीट, मुकदमा

सिसवा बाज़ार(महराजगंज)। कस्बे के कोठीभार में बंटवारे को लेकर हुई मारपीट के मामले में पिंटू ने कोठीभार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है। पिन्टू गुप्ता ने दिए तहरीर में बताया की जमीन के बटवारे को लेकर मेरे भाई प्रमोद गुप्ता व दुर्गेश गुप्ता द्वारा गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई जिससे प्रार्थी को काफी चोटे आयी है। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय ने बताया कि उक्त आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जाँच की जा रही हैं।

## गोष्ठी में लोकसभा चुनाव व अयोध्या में कार्यक्रम को लेकर दिए निर्देश

**बाराबंकी।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 की तैयारियों व अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन सभागार में गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी लोकसभा



सामान्य निर्वाचन चुनाव 2024 की तैयारियों व अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस लाइन सभागार, बाराबंकी में गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत यातायात डायवर्जन व आमजनमानस की सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी/दक्षिणी, समस्त क्षेत्राधिकारी व कार्यालय/थानों में नियुक्त चुनाव के नोडल अधिकारी/कर्मचारी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## बाडर क्षेत्र में पैदल गश्त एवं भ्रमण किया गया



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आगामी 22 जनवरी को श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में व गणतन्त्र दिवस के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत से लोटन पुलिस व एसएसबी टीम द्वारा बड़हरा बाडर क्षेत्र के लोगों से कानून एवं शान्ति व्यवस्था का माहौल बनाये रखने व क्षेत्र वासियों से अपील करके पुलिस के प्रति विश्वास बनाये रखने एवं क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने को कहा गया।चौकी प्रभारी मनोज कुमार सिंह द्वारा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछ ताछ किया गया। एवं पैदल गश्त के बाद उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव द्वारा गाड़ीयों की डिक्की को भी चेकिंग किया गया और लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया उप निरीक्षक द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या भ्रमण न करने हेतु अपील की गयी। पैदल गश्त के दौरान। उप निरीक्षक अजीत कुमार यादव,हेड़ कांस्टेबल अजीत कुमार,एस एस बी के एस आई गिरधारी लाल अपने हम राही के साथ मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया दीवार लेखन का शुभारंभ




**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशन पर दीवार लेखन अभियान के निमित्त गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने सिद्धार्थनगर के नगर पंचायत कपिलवस्तु में बूथ नंबर 58 पर दीवार लेखन कर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कमल का फूल बनाकर फिर एक बार मोदी सरकार का श्लोगन लिखा। इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष अमित उपाध्याय, बूथ अध्यक्ष विनय राव, संतोष शुक्ला, विवेक गोस्वामी आदि पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुबारकपुर पुलिस चौकी का जीणोद्धार हेतु भूमि पूजन



**टाण्डा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली टाण्डा की सैकड़ों वर्ष से अधिक की पुलिस चौकी मुबारकपुर के जीर्णोद्धार हेतु सी ओ टाण्डा संजय नाथ तिवारी ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। पंडित कपिलदेव पांडेय ने पूजन अर्चन कराया। ज्ञात हो कि पुलिस चौकी मुबारकपुर का भवन काफी जर्जर हो गया था जिसके लिए नए निर्माण की आवश्यकता थी पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने बीते दिनों अपने निरीक्षण में उक्त पुलिस चौकी के नव निर्माण की इच्छा व्यक्त की थी।जिसपर कोतवाल टाण्डा संतोष कुमार सिंह व मुबारकपुर चौकी इंचार्ज विनोद कुमार यादव के प्रयासों से उक्त चौकी का निर्माण कार्य शुरू हो सका। इस अवसर पर सीओ श्री तिवारी ने बताया कि इस चौकी का निर्माण वर्ष 1907 में हुआ था जिसका भवन काफी जर्जर हो चुका था और आरक्षी बैरक में भवन के जर्जर होने के कारण आरक्षी अगल बगल रहते थे। जिसका नव निर्माण जनहित में काफी आवश्यक हो गया था। विभाग के बजट व जनसहयोग से निर्माण कार्य पूरा कराया जाएगा।

## मुर्गे से भरी गाड़ी पलटी, मची अफरा तफ़री

**अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** गुरुवार को आजमगढ़ हाईवे पर मुर्गों से भरी गाड़ी के पलट जाने के बाद वहां लूट मच गई. लोग मुर्गे लेकर भागने लगे और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दरअसल यह डीसीएम गाड़ी एक टेम्पो से टकराने के बाद पलट गई थी. इसकी सूचना मिलते ही ग्रामीण उस गाड़ी पर टूट पड़े और मुर्गा लूटने की होड़ सी मच गई. लोग आपस में छीना-झपटी करने लगे पूरे इलाके में हंगामा मच गया और इसकी सूचना पुलिस तक जा पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल टेंपो चालक को पहले अस्पताल भेजा और वहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। इधर, गाड़ी को अपने कब्जे में लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. गाड़ी मालिक का कहना है कि उसके वाहन में 800 किग्रा मुर्गे थे, जिसमें से केवल 75 किलो ही बच पाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस नहीं आती तो ग्रामीण लोग इन मुर्गों को भी नहीं छोड़ते।

## पीड़िता के परिवार वालों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** ससुरालीजनों ने विवाहिता की पिटाई कर दिया। उसे नशीला पदार्थ खिलाकर, अर्ध नग्न अवस्था में एक वाहन से मायके छोड़ दिया।बेटी की दशा देख परिजनों की तहरीर पर पति, सास,देवर ननद और बुआओ के विरुद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है ।प्रकरण मालीपुर थाना के रुदौली अदाई गांव से संबंधित है। रूधौली अदाई गांव निवासिनी प्रेमा राजभर ने अपनी बेटी प्रियंका का विवाह जौनपुर जनपद के कोतवाली शाहगंज के ढढवारे कला गांव निवासी उत्तम राजभर से दशकों पहले किया गया।बीते सात वर्ष से पति उत्तम विदेश में नौकरी कर रहा था जो पिछले माह घर आया था।बीते 14 जनवरी को प्रियंका के ससुरालीजन उसे एक वाहन में लादकर अर्ध नग्न अवस्था में गांव के पास बेहोशी की हालत में छोड़ कर फरार हो गए। बेटी की गंभीर दशा देख मायके वाले इलाज के लिए उसे निजी अस्पताल में इलाज कराया। तबियत कुछ ठीक होने के बाद परिजन उसे थाना लेकर गए और माता प्रेमा ने पति उत्तम, देवर प्रदीप, सास आशा देवी, ननद सीमा और रीना, बुवा तारा तथा मीरा के विरुद्ध जहर खिलाना,मारपीट करना समेत अन्य आरोप की तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात के विरुद्ध जहर खुरानी मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# नूतन विग्रह श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य शोभायात्रा

अवधनामा संवाददाता



**जय श्री राम के जयकारों से गुजरती रहीं शहर की सड़के**

**सिद्धार्थनगर।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त गुरुवार को रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार शहर में प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा की अगवाई में विद्यालय के छात्रों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक दीनानाथ ने प्रभु श्रीराम की झांकी के समक्ष प्रभु की आरती के पश्चात कर किया। यात्रा में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

शोभा यात्रा रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार से सिद्धार्थ चौक होते होते हुए हाइडिल तिराहा से वापस होकर नवीन सब्जी मंडी, सिंहेश्वरी मंदिर स्टेशन रोड होते हुए विद्यालय परिसर में समापन किया गया। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। यात्रा में छात्र-छात्राओं के अलावा नगर के सम्मानित कार्यकर्ता बंधु व राम भक्त सम्मिलित रहे।

विभाग प्रचारक दीनानाथ ने बताया कि राम मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का यह शुभ अवसर लाखों रामभक्तों के बलिदान के फलस्वरूप फलीभूत हुआ है। यह सनातन है जिसका न कोई आदि है ना कोई अंत है। सनातन ही सत्य, शाश्वत है जिसके नेतृत्व में पूरा विश्व चलेगा। उन्होंने आगे बताया कि 22 जनवरी को रामलला नव निर्मित भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। इस दिन अयोध्या में भव्य आयोजन होगा जिसका पूरा विश्व साक्षी बनेगा। अयोध्या से आये पूजित अक्षत, पत्रक और राम का चित्र निमंत्रण स्वरूप घर-घर पहुंचाया है। संघ कार्यकर्ता घर-घर जाकर इस अक्षत कलश के पूजित अक्षत को पहुंचाने का काम किया। अपनी जिम्मेदारी संघ कार्यकर्ता बखूबी निभाने के लिए संकल्पबद्ध है। यात्रा में विद्यालय के अध्यक्ष मुरलीधर अग्रहरि, कोषाध्यक्ष अजय कुमार कसौधन, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजू चौहान, विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष महादेव प्रसाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाहक अविनाश जायसवाल, डॉक्टर शक्ति जायसवाल, अनूप पाठक, विनायकांत मिश्रा, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री श्री सुधाकर नाथ तिवारी समेत विद्यालय के सभी आचार्य बंधुओं व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## सांसद की मौजूदगी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र खुनियांव के ग्राम पंचायत गंगवल में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन ग्राम प्रधान गंगवल रामतीरथ अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी राकेश शुक्ला ने सांसद पाल एवं प्रतिनिधि बालमुकुंद पान्डेय को बुके देकर स्वागत किया। प्रधान रामतीरथ एडीओ आईएसबी जगनारायण चौधरी सीडीपीओ मो. अरशद द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

स्वागत के क्रम मे कंपॉजिट विद्यालय कुशम्ही के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत के माध्यम से अतिथि का स्वागत किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की जानकारी देते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत रूप से चर्चा की कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाएं चाहे पेंशन हो आवास हो शौचालय, फ्री विजली कनेक्शन, फ्री गैस कनेक्शन किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं पर प्रकाश डाला। सांसद ने आईसीडीएस विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल पर गर्भवती धात्री महिलाओ का गोदभाराई एवं अन्नप्रशन कराया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क जाँच एवं स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करते हुए जाँच कर दवा का वितरण किया गया। इस दौरान सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा उपस्थित लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव प्रसारण भी देखा गया।

## नए युग का सूत्रपात 22 जनवरी से हो जाएगा

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** प्रधानमंत्री की गारंटी वाली गाड़ी विकास खण्ड बहादुरपुर, जूनियर हाई स्कूल खंडवा ग्रांट में 11 बजे पहुंची। इस अवसर पर सैकड़ो ग्रामवासी ने पहुंचकर मा. प्रधानमंत्री के मन की बात का श्रवण किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नए रामराज्य की स्थापना के लिए 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर समस्त नागरिको को आह्वान किया है कि अपने-अपने हिसाब से राष्ट्रवादी नागरिक भजन, कीर्तन, हवन, पूजापाठ, घरों की सजावट एवं दीपोत्सव आदि करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति के सदस्य/जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष राजेंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि मोदी है जहां, विकास है वहां। उन्होंने कहा कि नए युग का सूत्रपात 22 जनवरी से हो जाएगा, जब रामलला अपने निवास में स्थापित होंगे। उन्होने कहा कि 1984 से लेकर हम आज तक सभी आंदोलन के साक्षी हैं। अयोध्या से लखनऊ तक की पदयात्रा का भी संस्मरण उन्होंने सुनाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की असंख्य योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर भारतवासी को मिले, यही मोदी की गारंटी वाली गाड़ी की गारंटी है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामवासियों को भ्रष्टाचार से नहीं गुजरना पड़ रहा है तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, जनधन, आयुष्मान कार्ड, विधवा व वृद्धा पेंशन आदि तथा नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के लिए ड्रोन की भी उपलब्धता को दर्शाते हुए बताया है कि प्रधानमंत्री की योजना है कि हर गांव में ड्रोन दीदी बनाकर उनके विकास को आगे बढ़ाया जाए।



## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश में उत्सव जैसा माहौल

**अम्बेडकरनगर।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले योगी सरकार की तैयारी पूरे प्रदेश को राममय करने की है।रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्सव का माहौल है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर हंसवर बाजार में दुर्गा मंदिर पर अखंड मानस का पाठ चल रहा है फिर इसके बाद प्रसाद वितरण का भी कार्यक्रम सुनियोजित ढंग से चलेगा। ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह ने कहा राम के वजूद पर हिंदुस्ता को नाज और अहले सुखन भी कहते हैं उनको इमामे हिंद। इस शायरी को पढ़ते हुए ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह ने कहा कि वह संसार के हर प्राणी में प्राण डालने वाले हैं। उनकी प्राण प्रतिष्ठा इस तरह से की जा रही है।ने कहा कि इस आयोजन को लेकर गांव का हर एक व्यक्ति उत्साहित है उधर, राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को यादगार बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, हिंदू युवा वाहिनी सहित विभिन्न हिंदू संगठनों ने पूरी तैयारी कर ली है।

# मंडल स्तरीय वालीबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** बढ़नी विकास क्षेत्र के दुधनिया बुजुर्ग में फ्रेंड स्पोर्टिंग क्लब द्वारा मंडल स्तरीय वालीबाल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जमाली स्पोर्टिंग क्लब लखनऊ और अंसार क्लब अमरडोभा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। अमरडोभा को बेस्ट ऑफ थ्री के टूर्नामेंट में हराकर लखनऊ ने लगातार दो सेटों से जीत हासिल कर ट्राफ़ी पर कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थ नगर की पूर्व अध्यक्ष व डिवाइन विजडम एकेडमी बढ़नी के प्रबंधक मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। बढ़नी विकास क्षेत्र के दुधवनिया बुजुर्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय के सामने प्रांगण में एक दिवसीय मण्डल स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। देर रात तक खेले गये टूर्नामेंट में लखनऊ, अमरडोभा, महुआ, गोंडा, दुधवनीया बुजुर्ग समेत दर्जनों स्थानों के खिलाड़ियों ने अपने-अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहला सेमीफाइनल टूर्नामेंट अमर डोभा और गोंडा तथा दूसरा सेमीफाइनल दुधवनिया और लखनऊ के बीच हुआ। लखनऊ और अमर डोभा फाइनल में पहुंची। बेस्ट ऑफ थ्री के टूर्नामेंट में सीधे दो सेटों पर लगातार जीत कर लखनऊ टीम विजेता बनी। जबकि अमरडोभा की टीम उपविजेता रही। मुख्य अतिथि मोहम्मद जमील सिद्दीकी ने कहा कि ऐसे आयोजन से खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। खेल अनुशासन के साथ संयमित बनाता है। टूर्नामेंट में निर्णायक की भूमिका में शम्भू गुप्ता, हाजी मन्नान व हलीम रहे, जबकि कमेन्ट्री की जिम्मेदारी जमीर उल हक, जुग्गी राम राही व इसरार ने निभाई। इस दौरान विशिष्ट अतिथि एसएसबी कमांडर पंकज साहा, हैदर आलम, फ्रेंड्स स्पोर्टिंग क्लब अध्यक्ष अमजद खान, बाबा इब्राहीम, जुग्गीराम राही, शाकिर अली, सईद अहमद, आफाक अहमद, शुजाउद्दीन, कमरुद्दीन, नूर आलम, खलकुल्लाह, मसरूर आलम, तबारक, सुहेल अहमद, इफ्तेखार, मुस्तन शेरुल्लाह आदि लोग मौजूद रहे।



## मोदी की गारण्टी वाली वैन द्वारा सात स्थानों पर कार्यक्रम हुए

**बस्ती।** बस्ती जनपद में चल रहे मोदी की गारण्टी वाली वैन द्वारा कुल 7 स्थानों पर कार्यक्रम हुए। बलुआ चौबे में आयोजित कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। वही ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जटा शंकर शुक्ल, जिला कार्यक्रम संयोजक अमृत कुमार वर्मा, वरुण पाण्डेय ने अपने विचार रखे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत की। लाभार्थियों से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के सभी नागरिकों को पोषण और स्वास्थ्य गारंटी उपलब्ध कराने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष ने दीवाल लेखन के अभियान का सुभारम्भ भी किया। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य कल्याणकारी योजना का लाभ लोगों के द्वार तक पहुंचाना है।

# लोकसभा चुनाव में बेरोजगारी मुक्ति कांग्रेस की गारंटी: विजय शंकर तिवारी

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत मंहगाई और बेरोजगारी से मुक्ति की गारंटी होगी उप्र कांग्रेस सदस्य डा विजय शंकर तिवारी ने कांग्रेस पार्टी से 55 लोकसभा क्षेत्र अम्बेडकर नगर से प्रत्याशी बनाने के लिए प्रभारी को आवेदन देते हुए कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी आज 140 करोड़ देशवासियों के लिए सबसे भीषण समस्या है सामान्य जीवन जीने के लिये मूलभूत सुविधाओं शिक्षा, पढ़ाई और दवाई की मंहखाई देश की नब्बे प्रतिशत आबादी के लिए विकराल समस्या है।

जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय का दृढ़ संकल्प है कि पार्टी उप्र की सभी 80 सीटों पर चुनाव दमदारी से चुनाव लड़ेगी इसी के चलते अपनी चुनाव लड़ने की दावेदारी की है इंडिया गठबंधन पर केंद्रीय नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी का जो निर्णय होगा उसी के तहत संगठन चुनाव लड़ायेगा। जिला कांग्रेस कमेटी अम्बेडकर नगर के अध्यक्ष अमित कुमार वर्मा द्वारा बायोडाटा और आवेदन लेने के लिए अधिकृत जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू पीसीसी सदस्य ने बताया कि जनपद के जो कांग्रेसजन लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनना चाहते हैं वे जिला कांग्रेस कमेटी को अपना आवेदन पत्र जमा कर दें। जिला कांग्रेस के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी का आवेदन उप्र कांग्रेस और केन्द्रीय नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इस दौरान प्रमुख रूप से उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, अकबरपुर विधानसभा प्रभारी सुखीलाल वर्मा जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी रवीश शुक्ला, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष हाजी सलीम, जिला कांग्रेस सोशल मीडिया अध्यक्ष अनुराग तिवारी, जिला कांग्रेस सचिव आनंद अमृतराज वर्मा, रजनीश राजभर, अकबरपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य नारायण तिवारी, मौजूद रहे।

## डीएम के निर्देश पर जिले में स्थित गौशालाओं का किया गया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** गौवंश संरक्षण अभियान एवं गौशाला व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं परियोजना निदेशक के देख रेख में बीते देर रात्रि जनपद के सभी विकास खंडो के खंड विकास अधिकारी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारियों ने जनपद के सभी गौशालाओं का भ्रमण किया तथा गौशाला पर पशुओं को ठंड से बचाव के लिए को काउ कोट, त्रिपाल तथा गौशाला पर अलाव जलाने की व्यवस्था का निरीक्षण किया। गौशाला पर भरण पोषण हेतु चारा दाना, भूसा इत्यादि की भी व्यवस्था का अवलोकन किया गया। विकासखंड नौगढ़ के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार पांडे, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ राज बहादुर यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी अरुण कुमार प्रजापति एवं ग्राम सचिव अभिनव ओझा ने देर रात्रि अस्थाई गो आश्रय स्थल रामगढ़, महादेव लाला एवं धेंसा नानकार का भ्रमण कर वहां की स्थिति अवलोकन कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। रामगढ़ गौशाला पर प्रकाश की व्यवस्था हेतु प्रधान एवं सचिव को निर्देशित किया गया तथा महादेव लाला एवं धेंसा नानकार गौशाला की व्यवस्था ठीक पाई गई।

# भारत विकसित संकल्प यात्रा में योजनाओं से रूबरू हुए ग्रामीण



**पौली अवधनामा संवाददाता।** भारत विकसित संकल्प यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को विकास खन्ड पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुजुर्गवार और डिहवा मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एलईडी वाहन द्वारा मौजूद् लोगो को केन्द्र व प्रदेश सरकार के जन कल्याण कल्याणकारी योजनाओं से लोगो को रुबरू कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे बिधायक गणेश चंद चौहान ने सरकार की योजना की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार हर घर तक सरकारी योजनाओ का लाभ पहुँचाने के लिए दृढ संकल्पित है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपल्बधियो से लोगो को अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास सबका विश्वास के संकल्प के साथ सभी समाज व राष्ट् का विकास कर रही है शिक्षा के स्तर में सुधार करने पर ही विकास संभव है जब सरकार शिक्षा के क्षेत्र में खाना कपड़ा जूता काफी किताब जैसी सभी ज़रूरत पुरा कर रही है तो अपने बच्चों को देखरेख के साथ-सा द विद्यालय तक भेजने की ही जिम्मेदारी अभिभावक की है से सभी आवश्यकताएं सरकार पूरा कर रही है। इसी के साथ साथ मौजूद सभी विभागो से आये जिम्मेदारो ने सरकार द्वारा योजनाओ कि जानकारियाँ दी। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी विवेकानंद मिश्रा, बब्बन शर्मा, कपिल देव कनौजिया, अनिल अग्रहरी,विनय पान्डेय, विनय कुमार, साधु यादव, रोहित, रामभरोस, रमेश यादव, इमामुद्दीन दयाराम यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सांसद खेल महाकुंभ के पहले चरण का समापन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सांसद खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों के बौद्धिक विकास के लिए तीन दिवसीय भाषण, निबंध, रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता सभी माध्यमिक विभाग के शासकीय एवं और शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कराकर पहले चरण का गुरुवार को समापन किया गया। यह प्रतियोगिताएं 16 से 18 जनवरी तक चली।

तीन दिन से चल रही माध्यमिक शिक्षा विभाग के विभिन्न इंटर कॉलेज में आज छात्र-छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा रंगोली प्रतियोगिता में सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसका समापन सांसद जगदंबिका पाल ने बांसी के तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज में प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के बीच में पहुंचकर उनका उत्साहबर्धन बढ़ाते हुए किया। इस अवसर पर तिलक इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र मिश्रा सहित विद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर कृष्ण कुमार, लोकपति सिंह, कमलेश, हरिओम,अवधेश, अमित श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन हरेंद्र बहादुर सिंह ने किया और उसी विद्यालय के निर्णायक मंडल ने इन बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन भी किया। सांसद जगदंबिका पाल ने बांसी के रतन सेन इंटरमीडिएट कॉलेज में भी पहुंच कर छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं उनका उत्साह बढ़ाया। सांसद खेल महाकुंभ के सचिव के रूप में अरुण कुमार प्रजापति और सदस्य सभासद जहीर सिद्दीकी ने राजकीय इंटर कॉलेज, नौगढ़ सिद्धार्थनगर में पहुंच कर विद्यालय के प्रधानाचार्य के साथ छात्रों के बीच हो रही रंगोली एवं निबंध प्रतियोगिता का निरीक्षण किया। जनपद मुख्यालय पर सांसद खेल महाकुंभ 2024 अन्तर्गत जनपद मुख्यालय पर आज की बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज तेतरी बाजार में रंगोली प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने युवा मतदाता भाग्य विधाता, राष्ट्र के विकास में खेलों की भूमिका, एवं सांसद खेल महाकुंभ विषयक रोचक रंगोली बनायी गयी। निर्णायक मंडल द्वारा अनादि वर्मा को प्रथम, अंशिका दूबे को द्वितीय एवं महक मोदनवाल को तृतीय स्थान दिया गया।

# क्षेत्र भ्रमण व मूर्ति मिलान के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** खेसरहा विकास क्षेत्र अंतर्गत छितही गाँव में नवनिर्मित राम जानकी मन्दिर में मूर्ति स्थापना के पूर्व बृहस्पतिवार को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया।आचार्य मनोज जी की देखरेख में यज्ञाचार्य मनोज शास्त्री द्वारा पंचाग पूजन कराने के पश्चात वैदिक परम्परा के अनुरूप क्षेत्र भ्रमण व मूर्ति मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

यज्ञाचार्य मनोज शास्त्री की अगुवाई में मूर्तियों / विग्रहों के साथ छितही राम जानकी मन्दिर प्रांगण से निकली कलश यात्रा बरगदवा सोयम स्थित पवित्र बूधा नदी के तीर पहुंची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण की बीच महिलाओं व किशोरियों ने जल से कलश भरा। वहां स्थित रामजानकी मन्दिर पर मूर्ति मिलान कराने के कलश यात्रा का जुलूस रिउना महादेव नाथ से मन्दिर होकर धमौरा ठाकुरद्वारा से वापस छितही रामजानकी मन्दिर पर आया जहाँ 22 जनवरी को मूर्ति स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया गया है। आगे के कार्यक्रमों के बावत जानकारी देते हुए वैदिक सत्यम शास्त्री ने बताया कि 19 जनवरी को जलाधिवास, अनाधिवास, 20 जनवरी को पुष्पाधिवास, फलाधिवास तथा मिष्ठानधिवास 21 जनवरी को शिखर पूजन, दर्शाधिवास तथा मूर्ती शयन के अलावा 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अलावा हवन एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने समाचार पत्र के माध्यम से भी सभी सनातनियों से कार्यक्रम का साक्षी बनने की अपील किया है। कार्यक्रम में पवन सुत मिश्रा ,अजय कुमार, सुंदरम, पवन कुमार, राकेश, अर्पित, अर्जुन मिश्रा के अलावा बडी तादाद में ग्रामवासी व क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे। मंदिर के संस्थापक सेवानिवृत्त इंजीनियर राधे रमण मिश्र ने बताया कि पूर्वजों की इच्छा के सम्मान तथा सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से श्रीराम जानकी मन्दिर का निर्माण कराया गया है।

अवधनामा



## गठबन्धन की गांठ

गठबन्धन में 28 पार्टियां शामिल है पर शनिवार की मीटिग में सिर्फ 10 पार्टियों ने भाग लिया। यह पार्टी में अनसुलझी गांठो की ओर इशारा है। चुनाव दिन ब दिन नज़दीक आता जा रहा है। अभी सीटो के बटवारे की बात दूर है। उसमें जो दृष्य उपस्थित होगा है समय बतायेगा। गठबन्धन प्रत्यपक्ष अप्रत्पक्ष रूप से भाजपा को धमकाता रहना है होने वाले चुनाव में वे भाजपा को किनारे कर देगे। मोदी गठबन्धन के कार्यकलापों पर नजर बनाये हुये कहते है दिलको बहलाने का ख्याल अच्छा है। इससे पहले की




मिटिगों में मुद्दों को अगले मिटिंग में कहकर टालते गये। शनिवार की बैठक में जो निर्णय लिया गया वह आधा अधूरा है।

सतीश कुमार का नाम कनविनर के लिये कांग्रेस द्वारा प्रस्तावित किया गया। चेयरपर्सन के बारे में कोई निर्णय नही लिया गया। नितीश इसे कनविनर का अवमूल्यन माना और नम्रतापूर्वक कहा उन्हें किसी पद की भी लालसा नही है। फ़िर गठबन्धन ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का नाम चेयरपर्सन के लिये प्रस्तावित किया। जिसे बहुमत से मान्यता मिली। बैठक में ममता और अखिलेश शामिल नहीं हुये उनसे स्वीकृति लेने के बाद अधिकारिक घोषणा की जायेगी। राकापा अध्यक्ष शरद पवार ने कहा संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है। यह भी कहा आगामी लोकसभा के चुनाव के लिये कोई चेहरा पेश करने की जरूरत नही है। परिणाम आने के बाद नेता का चुनाव होगा। नितीश कुमार का संयोजक पद को लेकर कहना है संयोजक पद की कोई जरूरत नही है। पार्टी प्रमुखों को लेकर एक टीम बनानी चाहिये। नितीश के कनविनर से इनकार के बाद कांग्रेस अध्यक्ष माल्लिकार्जुन खरगे का नाम चेयरपर्सन के लिये आगे बढ़ाया गया जिसे मौजूदा सदस्यों ने स्वीकार कर लिया।

इसके बाद बैठक में सीट बटवारे पर चर्चा हुयी पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। पहले की बैठको में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा होती रही और अगले बैठक में चर्चा के लिये टलती गयी। खड़गे ने चेयरपर्सन की हैसियत से कांग्रेस द्वारा राहुल की कमान से शुरू की जा रही न्याय यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया।

यद्यपि नितीश ने संयोजक न बनने के बारे में कुछ कहा नही है। सिर्फ इतना ही कहा है उन्हें किसी भी पद की लालसा नहीं है। उन्होंने कहा कांग्रेस को इन्डिया ब्लाक का अध्यक्ष बनना चाहिये। गठबन्धन जमीन पर आगे बढ़े गठबन्धन में एकता बनी रहे। आज की बैठक में कुछ दलों का भाग न लेना अच्छा संकेत नहीं है। नितीश को कांग्रेस का चेयरपर्सन बनना अच्छा नही लगा। नितिश आरजेडी के लालू प्रसाद को कनविनर के रूप में देखना पसन्द कर रहे थे।

ममता, अखिलेश और उद्धव ठाकरे की अनुपस्थिति गठबन्धन की एकता के दावे पर सवाल उठाती है। ममता और केजरीवाल के कनविनर के लिये खड़गे को नाम की घोषणा करके गठबन्धन को स्तब्ध कर दिया था। इस बैठक में उनकी मुराद पुरी हो गई पर फ़िर भी ममता क्यों दूरी बन रखी है। अखिलेश कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग को लेकर असन्तुष्ट है। ममता भी कांग्रेस को बहुत कम सीट देना चाहती है अपने राज्य में। भविष्य बतायेगा ऊंट किस करवट बैठेगा। भाजपा इन सबके बीच बड़े आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती जा रही है।

## हमारी विभूतियाँ स्तंभ में शांति घोष

**राजीव रंजन**

शांति घोष का जन्म 22 नवंबर, 1916 को कलकत्ता में हुआ था। उनके पिता देबेंद्रनाथ घोष थे, जो मूलतः बारीसाल जिले के निवासी थे और कोमिला कॉलेज में प्रोफेसर थे। वे दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर के साथ साथ राष्ट्रवादी और क्रांतिकारी विचाधारा से ओतप्रोत एक महान इंसान थे।उनका यही देश प्रेम और क्रांतिकारी विचारधारा ने उनकी बेटी शांति घोष को काफी प्रभावित किया।

जब शांति घोष आगे की पढाई के लिए कॉलेज में पंहुची, तो कॉलेज की अपनी एक सीनियर प्रफुल्लनलिनी ब्रह्मा के जरिये युगांतर पार्टी नामक क्रांतिकारियों के संगठन के संपर्क में आयीं और देश के आज़ादी के लिए कुछ करने का स्वप्न देखने लगीं। इसी दौरान हुए एक छात्र सम्मलेन ने शान्ति और उनकी जैसी अन्य युवा लड़कियों की देश के लिए की जाने वाली गतिविधियों को नयी ऊर्जा दी।

जब शांति घोष फजुनिस्सा गर्ल्स स्कूल में पढ़ती थी, तब उसकी सहपाठी प्रफुल्ल नलिनी के संपर्क में आकर क्रांतिकारी संगठन 'युगांतर' में शामिल हो गई। उन्हें क्रांतिकारियों की तरह प्रशिक्षण दिया गया। युगांतर एक क्रांतिकारी संगठन था जो ब्रिटिश अधिकारियों की हत्या कर ब्रिटिश राज में भय फैलाना चाहते थे, ताकि देश को आजाद करवाया जा सके। जब वह क्रांतिकारी प्रशिक्षण में दक्ष हो गई थी तब 14 दिसंबर, 1931 को उन्हें सुनीति चौधरी के साथ एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई। उस समय उनकी उम्र 15 साल और सुनीति की उम्र 14 साल की थी, इन दोनों युवा क्रांतिकारियों के कंधों पर एक ब्रिटिश नौकरशाह और कोमिल्ला जिले के मजिस्ट्रेट



चार्ल्स जेफ्री बकलैंड स्टीवंस को मौत का घाट उतारने की जिम्मेवारी थी।

इस घटना के बाद उन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर फरवरी, 1932 में कलकत्ता अदालत में मुकदमा चला और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। लेकिन वे इस सजा से निराश थीं क्योंकि उन्हें फांसी की सजा नहीं दी गई थी और इस तरह वह भी देश के लिए अपनी शहादत नहीं दे पाई। बाद में घोष को वर्ष 1939 में उन्हें कई राजनीतिक कैदियों के साथ जेल से रिहा कर दिया गया।

जेल से रिहाई के बाद वे पुनः अपनी पढ़ाई बंगाली महिला कॉलेज में शुरू की। वह भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन से जुड़ी गई। बाद में वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में शामिल हो गई। वर्ष 1942 में शांति घोष ने चंटगांव के एक क्रांतिकारी और प्रोफेसर चितरंजन दास से शादी की। उन्होंने 1952-62 और 1967-68 तक पश्चिम बंगाल विधान परिषद में योगदान दिया। उन्हें वर्ष 1962-64 तक पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्य बनी। घोष ने 'अरुण बहनी' नामक अपनी आत्मकथा लिखी और प्रकाशित की। महान महिला क्रांतिकारी शांति घोष का 28 मार्च, 1989 को निधन हो गया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये गरीबी से बाहर आना एवं गरीबी के कलंक को धोना जरूरी है। यह माना भी जाता है कि किसी भी देश का आर्थिक विकास लोगों में समृद्धि लाने वाला होता है। लेकिन, यही समृद्धि जब आर्थिक असमानता का प्रतीक बन जाए तो चिंता का सबब एवं त्रासदी बन जाती है। चिंता इस बात की भी रही है कि आजादी के प्रारंभिक पचास वर्षों की सरकारों के सामने गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य कोरा भाषणों, नारों एवं दिखावे का रहा, यही कारण है कि उस दौर में विकास के जरिए होने वाली आर्थिक समृद्धि का फायदा भी गिने-चुने हाथों में पहुंचता रहा है।

# गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की ओर अग्रसर भारत

आजादी के अमृत काल में सशक्त भारत एवं विकसित भारत को निर्मित करते हुए गरीब एवं गरीबीमुक्त भारत के संकल्प की ओर सफलतापूर्वक आगे बढ़ना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार की बड़ी उपलब्धि एवं ऐतिहासिक सफलता है। नीति आयोग के अनुसार जीवन स्तर सुधार, शिक्षा व चिकित्सा की



ललित गर्ग

उपलब्धता के आधार पर देश में कुल 24.82 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से बाहर आए हैं। विगत नौ वर्ष में ऐसी गरीब कल्याण की योजनाओं को लागू किया गया है, जिससे भारत के भाल पर लगे गरीबी के शर्म के कलंक को धोने के सार्थक प्रयत्न हुए है एवं गरीबी की रेखा से नीचे जीने वालों को ऊपर उठाया गया है।

आजादी के 75 साल बाद भी भारत के सामने जो सबसे बड़ी चुनौतियां खड़ी रही है, इनमें गरीबी सबसे प्रमुख है। यही कारण है कि वर्ष 2047 के आजादी के शताब्दी समारोह के लिये जो योजनाएं एवं लक्ष्य तय किये हैं, उनमें गरीबी उन्मूलन के लिये भी व्यापक योजनाएं बनायी गयी है। गरीबी के अभिशाप से देश की एक बड़ी आबादी को निकालने के लिए मोदी सरकार के प्रयत्न निश्चित ही सराहनीय है। नीति आयोग के मुताबिक देश में वर्ष 2013-14 में बहुआयामी गरीबी 29.17 फीसदी थी जो वर्ष 2022-23 में घटकर 11.28 प्रतिशत रह गई है। बहुआयामी गरीबी के आंकड़े जुटाते समय पोषण, बाल व किशोर मृत्यु दर, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास और संपत्ति के साथ-साथ बैंक खातों के मापदंडों को भी ध्यान में रखा जाता है। इसके साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार भी गरीबी से बाहर आने की स्थितियों के मूल्यांकन का आधार है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि पिछले सालों में इन तीनों ही मोर्चों पर देश में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए समानता, संतुलन एवं गरीबी उन्मूलन का काफी काम हुआ है। इसी का नतीजा है कि नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट में हर्ष एवं उल्लास की यह खबर दी गई है कि बीते नौ साल के दौरान करीब पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं। देश की विशाल आबादी के इस बड़े हिस्से से जुड़ा यह आंकड़ा इसलिए भी राहत देने वाला कहा जा सकता है कि कभी 'बीमारू' राज्य कहे जाने वाले बिहार, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश सरीखे राज्यों में गरीबी में सबसे ज्यादा कमी आई है।

दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये गरीबी से बाहर आना एवं गरीबी के कलंक को धोना जरूरी है। यह माना भी जाता है कि किसी भी देश का आर्थिक विकास लोगों में समृद्धि लाने वाला होता है। लेकिन, यही समृद्धि जब आर्थिक असमानता का प्रतीक बन जाए तो चिंता का सबब एवं त्रासदी बन जाती है। चिंता इस बात की भी रही है कि आजादी के प्रारंभिक पचास वर्षों की सरकारों के सामने गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य कोरा भाषणों, नारों एवं दिखावे का रहा, यही कारण है कि उस



दौर में विकास के जरिए होने वाली आर्थिक समृद्धि का फायदा भी गिने-चुने हाथों में पहुंचता रहा है। गरीब और गरीब एवं अमीर और अमीर होते हुए देखे गये। इस तरह की राजनीतिक प्रेरित योजनाएं गरीबी उन्मूलन के प्रयासों में सबसे ज्यादा बाधक बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अनुसार देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने के साथ उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। इन सुखद आंकडों के साथ देशवासियों को?इस बात का अहसास कराया जा रहा है कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है। निश्चित ही गरीबी के अभिशाप को पूरी तरह समाप्त करने के लिये परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने की जरूरत है क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं, इनसे गरीब को समाप्त हो जाते हैं लेकिन गरीबी नहीं।

वित्त वर्ष 2015-16 से लेकर 2019-21 के मोदी सरकार के 5 वर्षों के दौरान ग्रामीण इलाकों में सबसे ज्यादा गरीबों की संख्या में कमी आई है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों की संख्या 32.59 फीसदी से घटकर 19.28 फीसदी रह गई है। इसी अवधि के दौरान शहरी इलाकों में गरीबी 8.65 फीसदी से 5.27 फीसदी रह गई है। नीति आयोग के ताजे आंकड़ों के अनुसार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनधन योजना और समग्र शिक्षा के चलते भी देश में गरीबी कम हुई है और लोगों का जीवन बदला है। इसके बावजूद अभी भी देश में एक बड़ा तबका है, जो बुनियादी सुविधाओं के अभाव वाला जीवन जीने को मजबूर है। यह स्पष्ट संकेत है कि तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बावजूद गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए विचारों एवं कल्याणकारी योजनाओं पर विमर्श के साथ गरीबों के लिये आर्थिक स्वावलम्बन-स्वरोजगार की आज देश को सख्त जरूरत है। गरीबों को मुफ्त की रेवड़िया बांटने एवं उनके वोट बटोरने की स्वार्थी राजनीतिक मानसिकता से उपरत होकर ही गरीबीमुक्त संतुलित समाज संरचना की जा सकती है।

सतत गरीबी उन्मूलन के लिये व्यापक कार्य किया जाना अपेक्षित है। नया भारत-सशक्त भारत बनाने की जरूरत यह नहीं है कि चंद लोगों के हाथों में ही बहुत सारी पूंजी इकट्ठी हो जाये, पूंजी का वितरण ऐसा होना चाहिए कि विशाल देश के लाखों गांवों एवं करोड़ों लोगों को आसानी से उपलब्ध हो सके। लेकिन क्या कारण है कि महात्मा गांधी को पूजने वाला पूर्व सत्ताशीर्ष का नेतृत्व उनके ट्रस्टीशीप के सिद्धान्त को बड़ी चतुराई से किनारे करता रहा है। यही कारण है कि एक ओर अमीरों की ऊंची अट्टालिकाएं हैं तो दूसरी ओर फुटपाथों पर रेंगती गरीबी। एक ओर वैभव ने व्यक्ति को विलासिता दी और विलासिता ने व्यक्ति के भीतर क्रूरता जगाई, तो दूसरी ओर गरीबी तथा अभावों की त्रासदी ने उसके भीतर विद्रोह की आग जला दी। वह प्रतिशोध में तपने लगा, अनेक बुराइयां बिन बुलाए घर आ गईं। नई आर्थिक प्रक्रिया को आजादी के बाद दो अर्थों में और बल मिला। एक तो हमारे राष्ट्र का लक्ष्य समग्र मानवीय विकास यानी गरीबी उन्मूलन के स्थान पर आर्थिक विकास रह गया। दूसरा सारे देश में उपभोग का एक ऊंचा स्तर प्राप्त करने की दौड़ शुरू हो गई है। इस प्रक्रिया में सारा समाज ही अर्थ प्रधान हो गया है। लेकिन मोदी सरकार अर्थ की दौड में दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक ताकत बनने के साथ गरीबी को दूर करने के लिये भी ठोस काम कर रही है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ भी आर्थिक असंतुलन एवं गरीबी को दूर करने एवं समतामूलक समाज की स्थापना के लिये प्रतिबद्ध है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में भारत के सार्थक प्रयास से सुरक्षा, विज्ञान, चिकित्सा, खाद्यान्न सहित कई क्षेत्रों में प्रगति की है। भारत विश्व में आर्थिक रूप से संपन्न 5 देशों में शामिल हो चुका है। श्रीराम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा के साथ ही गरीबी के आंकड़ों में गिरावट से दुनिया हैरान हो रही और यह अमृत काल की अमृत उपलब्धि है।

# धर्म-अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती देती स्वार्थपूर्ण राजनीति

मंदिर आंदोलन के दौरान अक्सर यह सुनाई देता था कि मंदिर या आंदोलन सम्बन्धी फ़ैसले संत समाज ही करेगा। परन्तु नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद तो गोया भाजपा व संघ ही न केवल देश बल्कि धर्म सम्बन्धी भी निर्णय अपनी इच्छा व राजनैतिक नफ़े नुक़सान के अनुसार लेने लगा। यहाँ तक कि चारों शंकराचार्यों के अनुसार संतों से हिन्दू धर्म के सबसे प्रमुख आराध्य भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्बन्धी किसी भी तरह की परिचर्चा करना तक मुनासिब नहीं समझा गया ?

श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन तथा भारतीय जनता पार्टी व उसकी केंद्र व राज्य की सरकारें इस आयोजन को न केवल राष्ट्रीय अपितु अभूतपूर्व व भव्य बनाने के लिये दिन रात काम कर रही हैं। इस आयोजन में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र



निर्मल रानी

सरकार द्वारा बनाये गये 15 सदस्यीय ट्रस्ट, विशेषकर इस ट्रस्ट के भी निर्णय लेने की क्षमता रखने वाले कुछ गिने चुने मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय हैं या फिर स्वयं प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री कार्यालय इस आयोजन की सीधी निगरानी कर रहा है। इस आयोजन में अरबों रुपये ख़र्च होने का अनुमान है। उधर धार्मिक अनुष्ठान कहे जाने वाले इस पूरे आयोजन में हमारे देश के चार प्रमुख शंकराचार्यों इस ऐतिहासिक व धार्मिक आयोजन पर अपनी असहमति दर्ज कराते हुये इसमें शामिल न होने का निर्णय लिया है। वैसे तो ओडिशा के पुरी में गोवर्धन मठ के शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती, गुजरात में द्वारकाधाम में शारदा मठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती, उत्तराखंड के बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ, के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तथा दक्षिण भारत के रामेश्वरम् में श्रृंगेरी मठ,के शंकराचार्य जगद्गुरु भारती तीर्थ सभी शंकराचार्यों ने सार्वजनिक तौर पर अपनी अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुये इसके कई अलग अलग कारण बताये हैं। परन्तु इनमें सबसे महत्वपूर्ण व विस्तृत साक्षात्कार बद्रिकाश्रम में ज्योतिर्मठ,के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा सुप्रतिष्ठित पत्रकार करण थापर को दिया गया।

क़ाबिले ग़ौर है कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व उसके सहयोगी संगठन व भारतीय जनता पार्टी राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के दौरान प्रायः कुंभ मेलों के दौरान या अन्य अवसरों पर देश के साधु संतों द्वारा आयोजित विशाल धर्म संसद को अपने मंदिर आंदोलन का न केवल अगुआकार बल्कि मंदिर निर्माण व आंदोलन सम्बन्धी सभी निर्णय लेने वाला संगठन बताती थी। मंदिर आंदोलन के दौरान अक्सर यह सुनाई देता था कि मंदिर या आंदोलन सम्बन्धी फ़ैसले संत समाज ही करेगा। परन्तु नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद तो गोया भाजपा व संघ ही न केवल देश बल्कि धर्म सम्बन्धी भी निर्णय अपनी इच्छा व राजनैतिक नफ़े नुक़सान के अनुसार लेने लगा। यहाँ तक कि चारों शंकराचार्यों के अनुसार संतों से हिन्दू धर्म के सबसे प्रमुख आराध्य भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्बन्धी किसी भी तरह की परिचर्चा करना तक मुनासिब नहीं समझा गया ? और जब इन्हीं शंकराचार्यों ने प्राण प्रतिष्ठा



के मुहूर्त के समय को लेकर और अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा किये जाने को लेकर तमाम सवाल खड़े किये तो पेशेवर ट्रोलर्स व दरबारी मीडिया द्वारा इन्हीं सम्मानित शंकराचार्यों पर तरह तरह के लांछन लगाये जाने लगे ? यहाँ तक कि भगवान राम को लेकर संतों के सम्प्रदाय तक पर बहस छेड़ दी गयी? उनकी कारगुज़ारियों पर सवाल खड़े होने लगे ? उन्हें कांग्रेसी बताया जाने लगा ? यहां तक कि चारों पीठों के वास्तविक शंकराचार्यों के जवाब में फ़र्ज़ी शंकराचार्य व पीठाधीश्वर तक बयानबाज़ी के लिये उतार दिए गये ? किसी के पास शंकराचार्यों के इस सवाल का जवाब नहीं कि अधूरे मंदिर में मूर्ति स्थापना और प्राण प्रतिष्ठा कैसे हो सकती है ? शंकराचार्यों के अनुसार केवल मंदिर का गर्भगृह तैय्यार होने मात्र पर ही मूर्ति स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा बिल्कुल नहीं की जा सकती।

ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद तो 22 जनवरी की तिथि का मुहूर्त निकालने को ही चुनौती देते हुये कहते हैं कि देश में जितने भी पंचांग प्रकाशित होते हैं जिनमें पूरे वर्ष के शुभ मुहूर्त का उल्लेख होता है उनमें किसी ने भी 22 जनवरी की तिथि को विशिष्ट मुहूर्त के रूप में प्रकाशित नहीं किया है। उन्होंने यह भी बताया की काशी के एक प्रतिष्ठित ज्योतिषी से यह कहा गया कि जनवरी माह में ही कोई शुभ मुहूर्त देखकर तिथि बतायें लिहाज़ा ज्योतिषी जी ने आज्ञा पालन किया। अब सवाल यह है कि मंदिर भी अधूरा , शुभ मुहूर्त भी ऐसा नहीं जिसे कहा जाये कि यह पांच सदियों से प्रतीक्षारत भगवन राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अति विशिष्ट मुहूर्त हो ? फिर आख़िर यह आयोजन पूर्णतः राजनैतिक आयोजन नहीं तो इसे क्या कहा जाये ? और जब शंकराचार्य जिन्हें बुलाया गया वे जा नहीं रहे और कुछ को बुलाया ही नहीं गया ,कोई कह रहे हम ताली बजाने के लिए नहीं जायेंगे , ऐसे में कांग्रेस,सोनिया गाँधी,खड़गे,अखिलेश या कम्युनिस्टों अथवा अन्य नेताओं के पीछे पड़ना या उन्हें राम विरोधी बताकर बिकाऊ मीडिया के हाथों उनके विरुद्ध मीडिया ट्रायल छेड़ना यह आख़िर कैसा लोकतंत्र कैसी राजनीति तो कैसा धर्म ?

भगवान राम के मंदिर का आयोजन वास्तव में ऐसा होना चाहिये कि न केवल सभी साधु संत बल्कि सभी धर्मों व समुदायों के लोग,सभी राजनैतिक व सामाजिक दलों के लोग भी ख़ुशी ख़ुशी इस पावन क्षण के साक्षी बनें उसके भागीदार बनें। बजाये इसके बहुमत के नशे में मदमस्त वर्तमान सत्ता ने इस ऐतिहासिक अवसर पर शंकराचार्यों तक को आदर सम्मान व अहमियत कुछ भी नहीं दिया।

यदि राजनीति के चाणक्य इस बात पर ख़ुश होंगे कि इतिहास में यह लिखा जायेगा कि राम लला को कौन लाया था तो उसी इतिहास में साथ ही यह भी दर्ज होगा कि सत्ता के अहंकार व स्वार्थपूर्ण राजनैतिक परिस्थितियों में ही जब रामलला विराजमान हो रहे थे तो उनका भवन (मंदिर ) अधूरा था। और यह भी कि उनके आगमन के समय फ़िल्मी दुनिया के लोग, उद्योगपति, खिलाड़ी, नेता आदि तो उपस्थित थे परन्तु चारों शंकराचार्य विरोध स्वरूप अनुपस्थित थे। और यह भी कि अनेक राजनैतिक सामाजिक दलों ने इस आयोजन का बहिष्कार केवल इसलिए किया था कि इस धार्मिक आयोजन को पूरी तरह राजनैतिक आयोजन बना दिया गया था। स्वयं शंकराचार्यों का अनुमान है कि अभी मंदिर को पूर्ण रूप से तैयार होने में एक वर्ष और लग सकता है। और यह भी कि भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिये रामनवमी से अच्छा दिन व मुहूर्त और कौन सा हो सकता है ? परन्तु शंकराचार्यों की किसी आपत्ति या सुझाव पर विचार करने वाला कोई नहीं। उसके बाद भी राम राज स्थापना के दावे हास्यास्पद नहीं तो और क्या? इस तरह की सत्तापरक व स्वार्थपूर्ण राजनीति भविष्य में धर्म, धर्माचार्यों, अध्यात्म व परम्पराओं को चुनौती भी दे सकती है।

# लिंग भेद को मिटाने में डिजिटल विकास की भूमिका

अभी का युग डिजिटल युग है। जिसमें हम अपनी आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। अब हमारे लिए सभी बाधाएं छोटी पड़ गई हैं। मेरे लिए अब उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान हो गया है। जिस तरह से सलमा दीदी घर में ही रह कर अपनी शिक्षा प्राप्त करने का ख्वाब पूरा कर रही है, इसी प्रकार मैं भी अपनी आगे की पढ़ाई पूरी कर सकती हूँ। अब तो उच्च शिक्षा के लिए लड़की को बाहर भेजने की मेरी अम्मी-



सैय्यदा तैयबा कौसर

अब्बू की चिंता भी दूर हो गई है। यह कहना है 16 वर्षीय आसिया का जो इस वक़्त जम्मू के सीमावर्ती जिला पुंछ के सुदूर गांव बांडी चेंचियां में 11वीं कक्षा की छात्रा है। आसिया की बड़ी बहन सलमा ने पिछले वर्ष ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) में दाखिला लिया और अपनी पढ़ाई के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल कर रही है। 12वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए उसे पुंछ शहर जाना पड़ता, लेकिन उसके माता-पिता ने उसे इसकी इजाज़त नहीं दी। जिसके बाद उसने इग्नू में दाखिला लिया और अब ऑनलाइन पढ़ाई कर अपने सपने को पूरा कर रही है।

दरअसल, डिजिटल युग के आगमन ने समाज के सभी पहलुओं में परिवर्तनों की शुरुआत की है, जिसका एक उल्लेखनीय प्रभाव जेंडर पर भी पड़ा है। प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग की विशेषता वाले डिजिटल प्रभुत्व ने सभी बाधाओं को तोड़ने और लैंगिक समानता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल प्रौद्योगिकी की प्रगति ने जीवन के सभी पहलुओं में क्रांति ला दी है। शैक्षिक परिदृश्य में तो इसकी भूमिका विशेष रूप से प्रमुख है, जो दुनिया भर में महिलाओं और किशोरियों के लिए अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रही है। ऑनलाइन शिक्षण प्लेटफार्मों ने लड़कियों के लिए शिक्षा तक पहुंच को आसान बना दिया है, जिससे दूरदराज के क्षेत्रों में लड़कियों को अपने शैक्षिक प्रयासों को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है।



बांडी चेंचियां की 22 वर्षीय सलमा भी इसी का एक उदाहरण है। वह स्कूल स्तर पर एक प्रतिभाशाली छात्रा रही है और उच्च शिक्षा हासिल करना चाहती थी। लेकिन जैसा कि सभी जानते हैं कि भारत में अधिकांश ग्रामीण लोगों की वित्तीय स्थिति और लड़कों की तुलना में लड़कियों की शिक्षा पर खर्च के प्रति समाज का नकारात्मक रवैया रहा है। ऐसे में अधिकांश किशोरियों की उच्च शिक्षा खतरे में रही है। वित्तीय और सामाजिक परिस्थितियों के कारण 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद, इस क्षेत्र की अधिकांश लड़कियों की शादी आम प्रचलन है। जिससे वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अपने सपनों को पूरा करने में असमर्थ रहती हैं। ऐसे में डिजिटल माध्यम (इंटरनेट) के ज़रिये अपने सपनों को पूरा करना उनके लिए एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। सलमा ने भी इसी डिजिटल क्रांति को अपने सपने को पूरा करने का माध्यम बनाया है।

इस तरह वह अपने परिवार में स्नातक की पढ़ाई करने वाली पहली लड़की बन गई है। इस तरह, उसने न केवल अपने परिवार की बाकी लड़कियों के लिए बड़े सपने देखने का मार्ग प्रशस्त किया है, बल्कि उन्हें यह भी बताया कि उन्हें भी अपने परिवार के लड़कों के समान शिक्षा का पूरा अधिकार है। वर्तमान में, सलमा अब अपनी पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारियां भी कर रही है और उसे पूरी उम्मीद है कि एक दिन वह अपने पैरों पर खड़ा होने और सशक्त बनने के अपने सपने को पूरा करेगी। सलमा अपनी छोटी बहन आसिया के लिए प्रेरणा बनी हुई हैं। अपनी बहन की पढ़ाई के प्रति लगन को देखने के बाद आसिया भी अब बड़े सपने देखना चाहती है और उसे उम्मीद है कि एक दिन वह भी आत्मनिर्भर बनेगी और खुद को सामाजिक बंधनों से मुक्त कर लेगी। सलमा की सफलता के बाद अब आसिया ही नहीं बल्कि आसपास की अन्य लड़कियों को भी प्रोत्साहन और मार्गदर्शन मिला है।

डिजिटल प्रगति ने शिक्षा के साथ साथ रोजगार परिदृश्य को भी नया आकार दिया है, जिससे महिलाओं को विभिन्न उद्योगों में प्रवेश करने के नए रास्ते उपलब्ध हुए हैं। डिजिटल कनेक्टिविटी से संभव हुए दूरस्थ कार्य ने महिलाओं के लिए अवसर के नए द्वार खोल दिए हैं। इससे उन्हें पारिवारिक जिम्मेदारियों को पूरा करते हुए व्यक्तिगत कार्यबल में अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने का अवसर मिला है। 22 साल की रुखसार काज़मी ऐसी ही एक मिसाल हैं, जो पढ़ाई के अलावा वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक मुद्दों पर काम करने वाली गैर लाभकारी संस्था चरखा में स्वयंसेवी प्रशिक्षक भी हैं। इस संगठन का मुख्यालय दिल्ली में है, लेकिन इंटरनेट की मदद से वह दिल्ली से करीब 850 किमी दूर अपने गांव बांडी चेंचियां में अपने घर से उनके साथ काम कर रही है। रुखसार कहती है कि ÷लोगों की आवाज बनने में सक्षम होना, कुछ ऐसा कार्य है जिस पर मुझे गर्व है। मेरे साथ ग्रामीण लेखकों की एक टीम है। मुझे लगता है कि इसमें इंटरनेट की बहुत बड़ी भूमिका है। गूगल ज़ूम मीटिंग और व्हाट्सएप जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म इसमें मेरी मदद करते हैं। इसकी वजह से मैं हमेशा अपनी टीम से जुड़ी हुई रहती हूं, चाहे वे कहीं भी हों। मैं और मेरी टीम के सदस्य अपने क्षेत्र के बारे में लिख सकते हैं और समाचार पत्रों के माध्यम से देश भर के लोगों तक उनके मुद्दे पहुंच सकते हैं। यदि इंटरनेट और डिजिटल विकास नहीं होता, तो मैं गांव के बाहर की दुनिया तक पहुंच नहीं पाती और आज इतना आत्मनिर्भर और स्वतंत्र नहीं बन पाती।

इतना ही नहीं, डिजिटल प्लेटफॉर्म ने आज उद्यमिता के क्षेत्र में भी महिलाओं को समान अवसर प्रदान किया है और उन्हें अपने व्यवसाय को लॉन्च करने और बढ़ावा देने के लिए एक पहचान दी है। ई-कॉमर्स, सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटिंग ने उनके सामने आने वाली सभी बाधाओं को समाप्त कर दिया है, जिससे महिला उद्यमियों को वैश्विक स्तर तक पहुंचने में मदद मिली है। ग्राहकों से जुड़ने, लेनदेन का प्रबंधन करने और उत्पादों या सेवाओं को डिजिटल रूप से बढ़ावा देने की क्षमता, महिलाओं के लिए व्यवसायों में गेम चेंजर साबित हुई है। इस सिलसिले में 40 साल की रजिया बेगम का नाम अहम हो जाता है। जो बांडी चेंचियां में ही अपनी जनरल स्टोर की दुकान चलाती हैं। उन्होंने कहा, इस डिजिटल युग में लोग ऑनलाइन भुगतान करना चाहते हैं, लेकिन मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। जिसका असर मेरे बिजनेस पर पड़ रहा था। फिर मेरी बेटी ने मुझे पेटीएम और नेट बैंकिंग के बारे में बताया और इसका इस्तेमाल करना भी सिखाया। जिसके बाद अब मुझे व्यापारिक लेन-देन बहुत आसान लगता है। पहले मुझे इस काम के लिए घर के पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन अब मैं सारी वित्तीय लेनदेन खुद ही करती हूं। निश्चित रूप से डिजिटल दुनिया मेरे लिए कई समस्याओं का समाधान बनकर आई है।

डिजिटल प्रभुत्व ने सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर महिलाओं की आवाज़ को बुलंद किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म समर्थन के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है, जिससे महिलाओं को अपने अनुभव साझा करने, जागरूकता बढ़ाने और लैंगिक समानता के लिए समर्थन जुटाने में मदद मिल रही है। इसका एक उदाहरण 18 साल की युवा किशोरी सहरिश है। स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा सहरिश पुंछ के %कस्बा% गांव की रहने वाली है। जिसने अपनी प्रतिभा से लोगों को परिचित कराने के लिए सोशल मीडिया मंच का बखूबी इस्तेमाल किया है। इसके माध्यम से वह अपनी कला और पेंटिंग कौशल को एक पहचान दे रही है। दूरदराज के इलाके से होने के कारण सोशल मीडिया ही उनके लिए एकमात्र माध्यम बचा था। जहां वह अपनी प्रतिभा को लोगों के साथ साझा कर रही है।

# संस्थानों को रखने होंगे फायर अफसर

## इमारत सीज करने का भी होगा अधिकार



**लखनऊ।** कैबिनेट ने उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम-2022 की नियमावली को लागू करने की मंजूरी प्रदान कर दी। शासन के निर्देश पर गृह सचिव और डीआईजी अग्निशमन सेवा की कमेटी ने नियमावली तैयार की है। नई नियमावली के मुताबिक अग्निशमन सेवा विभाग को अब उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवा के नाम से जाना जाएगा।

इसमें बड़े संस्थानों में अग्निशमन अधिकारी की तैनाती का नियम बनाया गया है। वहीं, लापरवाही की वजह से आग लगने पर विभाग को इमारत सीज करने का अधिकार भी दिया गया है। बता दें कि राज्य सरकार ने 13 दिसंबर 2022 को अग्निशमन सेवा का नया अधिनियम बनाया था। इसकी नियमावली तैयार करने के बाद बृहस्पतिवार को कैबिनेट में पेश की गयी। नियमावली के मुताबिक प्रतिष्ठानों आदि में अग्निशमन उपकरणों की आपूर्ति करने वाली एजेंसियों को पहले महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं से अनुमति प्राप्त करनी होगी।

वहीं हर छह माह में प्रतिष्ठान की ओर से उपकरणों के सही हालत में होने का प्रमाण पत्र देना होगा। नियमावली में असिस्टेंट डीआईजी का नया पद भी सृजित किया गया है। यह डीआईजी रैंक का अफसर होगा। वहीं आईजी रैंक के अफसर को निदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं के पद पर तैनात किया जाएगा।

# प्राण प्रतिष्ठा : लखनऊ के अस्पतालों में 295 बेड रिजर्व

**लखनऊ।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आपात स्थिति से निपटने लिए प्रमुख अस्पतालों में करीब 295 बेड रिजर्व किए गए हैं। इसमें करीब वेंटिलेटर 50 से अधिक है। गुरुवार को प्रमुख सचिव ने तैयारियों को लेकर अफसरों संग बैठक करके जानकारी हासिल की।

■ **वेंटीलेटर-एंबुलेंस में एक्सपर्ट तैनात रखने के निर्देश**

बलरामपुर अस्पताल में 50 बेड रिजर्व किए गए हैं। निदेशक डॉ. एके सिंह का कहना है कि 28 वेंटिलेटर बेड हैं। जिसमें 15 वेंटिलेटर बेड रिजर्व किए गए हैं। 24 घंटे दो डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर बेड संख्या बढ़ाकर 150 तक की जा सकेगी। लोकबंधु अस्पताल में 30 बेड रिजर्व हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी का कहना है कि पांच वेंटिलेटर भी हैं।

जरूरी दवाओं का स्टॉक जुटा लिया गया है। सिविल अस्पताल में 20 बेड रिजर्व हैं। सीएमएस डॉ. राजेश ने बताया डॉक्टर व स्टॉफ की ड्यूटी भी तय की गई है। एंबुलेंस एक्टिव मोड पर रहेंगी। कोई भी जरूरत होने पर एंबुलेंस फौरन रवाना होंगी। लोहिया संस्थान में 45 बेड आरक्षित किए गए हैं।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह का कहना है कि 15 बेड मेडिसिन, 15 सर्जरी और 15 आईसीयू बेड इमरजेंसी में रिजर्व हैं। डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगा दी गई है। केजीएमयू में 50 बेड आरक्षित किए गए हैं। कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद के मुताबिक 15 वेंटिलेटर बेड शामिल हैं। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ की टीम की ड्यूटी लगा दी गई है। पीजीआई में 50 बेड हैं।

# विकसित भारत प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है: भूपेन्द्र सिंह

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद के दसवें लाइव प्रसारण कार्यक्रम को लखनऊ महानगर में आयोजित भव्य कार्यक्रमों के दौरान प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्रियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लाभार्थियों के साथ देखा।



प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कैंट विधानसभा के चंद्रभानु गुप्त नगर वार्ड के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू पार्क में और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पश्चिम विधानसभा के लालजी टंडन वार्ड में पावर हाउस के पास लाभार्थियों के साथ देखा। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का सपना है। भारत विकसित हो और आत्मनिर्भर हो, दुनिया में दुनिया का नेतृत्व करता भारत दिखाई दे, इस संकल्प के साथ प्रधानमंत्री ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ यानी ÷मोदी सरकार की गारंटी÷ के साथ आपके बीच आए हैं। गरीबों के लिए, गरीबी हटाने के लिए और अंतिम पायदान पर बैठे लोगों के विकास के लिए और उनको विकास की मुख्य धारा में स्थापित करने के लिए लंबे समय से सरकारे काम कर रही है लेकिन भाइयों बहनों आप सब जानते हैं कि अभी तक पुरानी सरकारों की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती थी और सभी अभियानों को सिर्फ नारे के रूप में आगे बढ़ाती थी लेकिन मोदी सरकार में बिना किसी भेदभाव के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को, समाज में जो पिछड़े हैं, कमजोर हैं उन्हें समाज की मुख्य धारा में कैसे लाना है। सरकार की लाभार्थी परक एक-एक योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को कैसे मिलेगा उस प्रयास को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के उद्देश्य से ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा योजना के साथ आपके बीच आए हैं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा यानी मोदी जी की गारंटी वाला रथ देश के सभी गांव और शहरों में पहुंच रही है और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो रहा है।

# गन्ने के मूल्य में 20 रूपये प्रति कुंतल बढ़ाने का निर्णय ऐतिहासिक



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों की आय में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गन्ने के मूल्य में 20 रूपये प्रति कुन्तल की वृद्धि करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। उत्तर प्रदेश के किसानों एवं भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश की ओर से हम सभी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देते है, आभार प्रकट करते है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के किसान आज खुशहाली की ओर आगे बढ़ रहे है।

इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए उत्तर प्रदेश के गन्ना किसान कल दिनांक 19 जनवरी 2024 को प्रातः 10 बजे मुख्यमंत्री आवास पर जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देगें और आभार प्रकट करेगे। आज कैबिनेट की मीटिंग में गन्ना मूल्य वृद्धि का निर्णय आने के बाद भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के मुख्यालय पर कार्यकर्ता एकत्रित हुए व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए प्रसन्नता व्यक्त किये।

# पाठशाला के बच्चों एवं गरीबों के लिए खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़ों का वितरण

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय में चल रही पाठशाला में विश्वविद्यालय परिवार द्वारा विभिन्न खाद्य सामग्री, ऊनी कपड़ो एवं कंबल का वितरण किया गया। विश्वविद्यालय में गरीब एवं वंचित लोगों को यथासंभव सहायता दी जाती है।



पाठशाला में पढ़ रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु पाठ्य सामग्री, खिलौने, फल, वस्त्र आदि का वितरण किया जाता रहता है । कार्यक्रम मे विश्वविद्यालय परिवार की प्रथम महिला, माननीय कुलपति महोदय, कुलसचिव महोदया ने बढ़-चढ़कर अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. रामदास कुलाशासक डॉ नीरज शुक्ल, डॉ. सुमन मिश्रा एवं विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षकगण तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर में कल निकलेगी श्रीरामोत्सव शोभा यात्रा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्रीअयोध्याधाम जन्मभूमि नव्य मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक ऐतिहासिक श्रीरामोत्सव शोभा यात्रा लखनऊ में दिनांक 20 जनवरी शनिवार, पूर्वाह्न 10 बजे से होने जा रही है।

शोभा यात्रा संयोजक उत्तर विधानसभा विधायक डा नीरज बोरा ने कहा कि लखनऊ की धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक संस्थाओं के तत्वावधान तथा भगवद्चरणानुरागी इस शोभा यात्रा में सम्मिलित होगे इस ऐतिहासिक शोभा यात्रा में सम्मिलित हों, करोड़ों-करोड़ सनातनियों के मन में बसने वाले प्रभु राम का स्वागत करेगे।

समाजसेविका बिंदु बोरा ने बताया कि 20 जनवरी की शोभा यात्रा हेतु भगवान श्रीराम दरबार के रथ का श्रंगार अलीगंज स्थित श्रीमान शरद जी के आवास पर प्रारंभ हो चुका है, इस रथ की खूबी यह है कि इसे रस्सी से खींच कर ले जाया जाएगा भगवान के विभिन्न स्वरूप के दर्शन भी प्राप्त होगें मार्ग में स्थान स्थान पर आरती और पुष्प वर्षा होगी। प्रवक्ता अनुराग साहू ने बताया कि शोभा यात्रा प्रात 10 बजे आरम्भ सरस्वती शिशु मन्दिर, निराला नगर होकर डालीगंज बाजार, आई.टी.चौराहा, हनुमान सेतु होते हुए खाटूश्याम मन्दिर, गोमती तट समापन के प्रसादी आयोजन किया जाएगा।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अ.अनुरक्षण खण्ड नं.-3, (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ।

पत्रांकः-45/टेन्डर/2024 दिनॉकः-08.01.2023

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्या के लिये लोक निर्माण विभाग क्लास ए0बी0सी0डी0 में भवन कार्य के पंजीकृत हों निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र. स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभि. का पता | मुख्य अभि. का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास-5 मीराबाई मार्ग स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 748.00 | 90 दिन | अधिशासी अभियन्ता, अनु. खण्ड नं.-3 (सिविल), लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभि, 39वां वृत, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवचन) लो.नि.वि. लखनऊ | जिला अधिकारी लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | विधायक निवास-5 मीराबाई मार्ग स्थित आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 3 | लखनऊ | विधायक निवास-5 मीराबाई मार्ग स्थित आवासों में आन्तरिक रंगाइ पुताई का कार्य। | 2.50 | 0.25 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 4 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित बेसमेन्ट से पांचवें तल तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 2.50 | 0.25 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 5 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित बेसमेन्ट से पांचवें तल तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 6 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित बेसमेन्ट से पांचवें तल में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 2.50 | 0.25 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 7 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित बेसमेन्ट से पांचवें तल में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 8 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 2.50 | 0.25 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 9 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 10 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या-06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 11 | लखनऊ | इन्दिरा भवन स्थित तल संख्या-06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुर्ताइ का कार्य ग्रुप-बी। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 12 | लखनऊ | तालकटोरा मल्टी स्टोरी कालोनी के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 748.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 13 | लखनऊ | कैसरबाग कालोनी के विभिन्न आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 748.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 14 | लखनऊ | लालबाग आफीसर्स कालोनी स्थित टाईप-4 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 4.00 | 0.40 | 748.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 15 | लखनऊ | बौद्ध विहार शान्ति उपवन आवासीय परिसर के आवासा ें में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 3.20 | 0.32 | 748.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 16 | लखनऊ | सेक्टर-एल कानपुर रोड कालोनी में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.70 | 0.07 | 633.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 17 | लखनऊ | मा0 कांशीराम जी ईको गार्डेन एवं जनसुविधा परिसर के अन्तर्गत प्रशासनिक भवन बी-ब्लाक में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 1.00 | 0.10 | 633.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 18 | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउन्ड कालोनी स्थित टाईप-4 के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 19 | लखनऊ | डी0एम0 कम्पाउन्ड कालोनी स्थित टाईप-4 के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 20 | लखनऊ | कैसरबाग आफीसर्स कालोनी स्थित आवास संख्या-4/8 में जीर्णोद्धार/सुधारीकरण के कार्य। | 0.97 | 0.10 | 633.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 21 | लखनऊ | जीर्णोद्धार सुधारीकरण मद के अन्तर्गत एल0डी0ए0 ऐशबाग कालोनी स्थित आवास संख्या-एल.आई.जी.-45, 65 एवं 57 में विभिन्न सिविल मरम्मती कार्य। | 1.88 | 0.19 | 662.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |
| 22 | लखनऊ | जीर्णोद्धार सुधारीकरण मद के अन्तर्गत तालकटोरा कालोनी स्थित आवास संख्या-एफ-1662-64/1 में क्षतिग्रस्त प्लास्टर की मरम्मत का कार्य, क्षतिग्रस्त फर्श की टाइल्स लगाने का कार्य, क्षतिग्रस्त दरवाजे बदलने का कार्य, सिस्टर्न लगाने का कार्य एवं अन्य विभिन्न मरम्मती कार्य। | 0.61 | 0.07 | 633.00 | 90 दिन | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- | -तदैव- |

2. कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-20.01.2024 से दिनांक-27.01.2024 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त धनराशि रू0 500/-देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिये दिनांक-24.01.2024 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.uppwd.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू0 500/- के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, (सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-27.01.2024 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-27.01.2024 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।
3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

**अधिशासी अभियन्ता**
**अ.अनुरक्षण खण्ड-3(सिविल)**
**लो.नि.वि., लखनऊ।**

UPID-200999 Dated-17-01-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की तरफ से बांटा कम्बल



**लखनऊ।** शीत लहर और देर रात लखनऊ में कड़ाके की ठंडक को देखते हुए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्षा अर्चना सिंह के सौजन्य से लखनऊ में 50 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय द्वारा कहा गया संघ का उद्देश्य है कि कर्मचारी हित के साथ समाज में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा कर्मचारियों के माध्यम से दी जा सके, समाज के जरूरतमंदों का सहयोग किया जा सके इसी उद्देश्य के साथ संघ निरंतर प्रयासरत हैं। कम्बल वितरण कार्यक्रम में अम्मार जाफरी प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रवीण यादव सचिव एंव अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शहीद गुलज़ार शाह बाबा का उर्स आज से

**लखनऊ।** हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक ऐशबाग मोतीझील कालोनी स्थित हजरत सैय्यद सालार सुल्तान अहमद शाह बाबा उर्फ शहीद गुलजार शाह बाबा का उर्स 19 से 21 जनवरी तक मनाया जाएगा। इसके तहत 19 जनवरी को मिलाद शरीफ एवं कुरानी ख्वानी के साथ स्थानीय उलेमा इकराम के प्रवचन होंगे। 20 को परचम कुशाई के साथ 21 को बाबा को घुस्ल व चादर पेश करने के साथ बाहर से आए कलाकारों के बीच कव्वालियों का शानदार मुकाबला होगा। इस मौके पर एक बड़े मेले का भी आयोजन किया जायेगा उर्स कमेटी के अध्यक्ष रमजान अली सलमानी ने बताया कि हजरत सैय्यद सालार सुल्तान अहमद शाह बाबा उर्फ शहीद गुलजार शाह बाबा के उर्स में हजारों की संख्या में सभी धर्मों के लोग पहुंचकर अकीदत के फूल पेश कर कौमी एकता की मिसाल कायम करते हैं।

# श्री अग्रवाल सभा छावनी के अध्यक्ष बने विनोद सिंघल



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री अग्रवाल सभा छावनी सदर बाजार की कार्यकारिणी समिति का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमे अध्यक्ष पद पर विनोद सिंघल, उपाध्यक्ष राजेश चंद्र अग्रवाल एवं मंत्री पद पर मंदर अग्रवाल को चुना गया। इसके अलावा अशोक कुमार अग्रवाल,भंडाराध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चेतन, उप मंत्री आशीष कुमार अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल निर्विरोध चुने गए।

चुनाव अधिकारी लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल की देख रेख में संपन्न हुआ। कार्यकारिणी समिति मे 11 सदस्य निर्वाचित हुए। जिनमे अमित कुमार अग्रवाल, आलोक कुमार अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल, दिनेश कुमार अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, रामजी अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, वीरेन्द्र अग्रवाल, योगेश अग्रवाल। चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए चुनाव अधिकारी राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कामना की कि अग्रवाल सभा छावनी आप सभी के नेतृत्व में समाज में जनहित के कार्यों में नए आयाम स्थापित करेगी।

# चिन्हित सैम बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराकर उन्हें सुपोषण की श्रेणी में लाया जाये

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने पोषण अभियान के अंतर्गत गठित जिला पोषण समिति की बैठक में सी.डी.पी.ओ., खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगले 02 दिन में प्रत्येक दशा में विद्यालय की 200 मीटर की परिधि के बाहर संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस, बर्तन की उपलब्धता सुनिश्चित करायें ताकि उन आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को भी हॉट कुक्ड योजना के अन्तर्गत पका-पकाया गर्म भोजन मिल सके।

■ **कुपोषण मुक्त जनपद बनाने में बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मिलकर कार्य करें: जिलाधिकारी**

उन्होने असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि अभी जनपद के 270 आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को गैस, बर्तन न होने के कारण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, यदि 02 दिन में नॉन कोलोकेटेड विद्यालयों में हॉट कुक्ड योजना प्रारंभ नहीं हुयी तो जिम्मेदारी तय कर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान ई-कवच पोर्टल पर सैम, मैम बच्चों की फीडिंग, फॉलोअप फीडिंग की प्रगति खराब पाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुये कहा कि आशा, ए.एन.एम. आपस में समन्वय स्थापित कर सैम, मैम बच्चों, गर्भवती महिलाओं की सेहत सुधारने की दिशा में कार्य करें, बीपीएम, बीसीपीएम ई-कवच पर प्रतिमाह फीडिंग का कार्य करना सुनिश्चित करें। श्री सिंह ने प्र. चिकित्साधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चिन्हित अति कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराकर उनकी सेहत में सुधार लाया जाए, एन.आर.सी. का कोई बेड किसी दिन खाली न रहे, प्रत्येक विकासखंड से चिन्हित बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराया जाए। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में 2736 सैम एवं 5529 मैम बच्चे चिन्हित हैं, जिनमें से माह दिसम्बर में 392 सैम एवं 589 मैम बच्चों की सेहत में सुधार हुआ है, माह दिसम्बर में पोषण पुनर्वास केन्द्र में 15 बच्चे भर्ती हुये, माह दिसम्बर में विकास खंड करहल, किशनी, घिरोर, जागीर से एक भी बच्चा पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती नहीं हुआ, सर्वाधिक 04-04 बच्चे विकास खंड बरनाहल, बेवर से एन.आर.सी. में भर्ती कराये गये, जिस पर उन्होने नाराजगी व्यक्त करते हुये प्र. चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी करहल, किशनी, घिरोर, जागीर से कहा कि कार्यशैली सुधारें, तत्काल क्षेत्र के चिन्हित सैम बच्चों को एन.आर.सी. में भर्ती कराकर उनकी सेहत सुधारने की दिशा में कार्य करें। उन्होने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद के 483 आंगनबाड़ी केन्द्रों मे 02 या 02 से अधिक सैम बच्चे हैं, विकास खंड सुल्तानगंज के 89, घिरोर के 71, मैनपुरी देहात के 69 आंगनबाड़ी केन्दों के अधीन सर्वाधिक सैम बच्चे चिन्हित हैं, जिस पर उन्होने सम्बन्धित सी.डी.पी.ओ. से कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, ए.एन.एम. के माध्यम से चिन्हित बच्चों की सेहत की बेहतर देखभाल करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, मुख्य चिकित्साधिकारी आर.सी.गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुप्रिया गुप्ता, समस्त खंड विकास अधिकारी, प्र. चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी हरिओम बाजपेई ने किया।

# ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्रा को

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की छात्रा एरीना खान ने अन्तर-विद्यालयी ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता एसोसिएशन ऑफस्कूल्स फॉर द इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट (एएसआईएससी) के तत्वावधान में आयोजित हुई। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है।



श्री शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में लखनऊ के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने अपनी कलात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ ही रचनात्मक सोच का प्रभावशाली उदाहरण प्रस्तुत किया। निर्णायक मण्डल ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की सृजनात्मक व रचनात्मक प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रकार की रचनात्मक व सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से सी.एम.एस. अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु सदैव प्रोत्साहित करता रहता है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम विकास खण्ड टोडरपुर के ग्राम बंजरिया व बस भेरिया में राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

मंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोड़ना है। इसको ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है तो वही आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यक्रम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। यात्रा कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड हरियावां के ग्राम कटेठिया व कठिग्रा में सांसद जय प्रकाश रावत द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा ग्राम वासियों को गरीबों, महिलाओं, किसानो, नौजावानो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त



योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा से जोडना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। विकास खण्ड कोथावां के ग्राम आदमपुर में सांसद अशोक रावत यात्रा कार्यक्रम का स्वागत किया गया। सांसद द्वारा यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा। इस हेतु समस्त अधिकारी/ कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त पात्र व्यक्तियो को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होंने कहा कि विगत कई दशकों से जो कार्य नहीं हुये थे। वो कार्य प्रधानमंत्री द्वारा कराये गये है। यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ दिलवाई गयी। यात्रा कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे।

विकास खण्ड हरपालपुर के ग्राम करकचमऊ में विधायक श्री मानवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, नारी शक्ति वंधन अधिनियम पारित कराया गया है। मिशन शक्ति के तहत देश की आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु उज्ज्वला योजना, बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगल, आयुष्मान भारत व अन्य योजनाए संचालित की गई है। प्रधानमंत्री द्वारा फसल बीमा योजना चलाई गई जिसमें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानो को उनकी फसल खराब होने की दशा में 72 घण्टे में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त होती है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड बेहन्दर के ग्राम अकबरपुर ताल्हू व कोड़ी में विधयक श्री रामपाल वर्मा द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड हरपालपुर के ग्राम शेखापुर नगरिया में ब्लाक प्रमुख अनोखा लाल कश्यप द्वारा यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड कोथावां के ग्राम मल्लपुर में ब्लाक प्रमुख श्री निर्भय वर्मा द्वारा या कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड कछौना के ग्राम लोनहारा में, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किये गये।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बेनीगंज/हरदोई।** बृहस्पतिवार को खुशी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी संस्था के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य, नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन बेनीगंज कोतवाली के सलेमपुर स्थित नव निर्मित पुल के समीप में किया गया। संस्था अध्यक्ष पुनीत मिश्रा के सहयोग से आयोजित इस शिविर में दर्जनों लोग स्वास्थ्य जांच, दवा लेकर लाभान्वित हुए। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अहिरोरी भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील बाजपेई ने किया। उन्होंने बताया की शिविर में सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच, महिला चिकित्सक अर्चना सिंह के द्वारा महिलाओं के विभिन्न रोगों का उपचार, नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर नोमान की देखरेख में आंख एवं जांचोपरान्त डॉक्टर राजीव कुमार के द्वारा परामर्श दिए गए। सभी प्रकार की दवाईयां मुफ्त में उपलब्ध रहीं। श्री मिश्रा ने कहा बड़ी संख्या में शिविर में लोगों को देखकर में काफी उत्साहित हूं। उन्होंने जोर देकर कहा मैं वृद्ध, गरीब एवं असहाय लोगों को सेवा देकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी महेंद्र प्रताप सिंह, अशुतोष सिंह, मनमोहन सिंह ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में कई दर्जन ग्रामीण उपस्थित थे।

# जिन किसानों ने अभी तक ईकेवाईसी नही करवाई है, तत्काल करायें: जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री जी के लाभार्थियों से संवाद का सीधा प्रसारण किया गया। देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। जिला स्तरीय कार्यक्रम में किसानों ने जिलाधिकारी के समक्ष विभिन्न समस्याएं रखी जिनके निस्तारण के निर्देश उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण कर रिपोर्ट प्रेषित की जाए। अगले किसान दिवस से पूर्व समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

डीएसओ की बैठक में अनुपस्थिति पर डीएम ने एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। सण्डीला तहसील के



एक ग्राम में आरआरसी सेन्टर को लेकर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को तत्काल भूमि का चिन्हीकरण करने व भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान सम्मान निधि के जिन लाभार्थियों ने अभी तक ईकेवाईसी नही करवाई है, जल्द करवा लें। गोसंरक्षण के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि गोसंरक्षण के लिए कंट्रोल रूम नम्बर 8765957923 (मोबाइल), 05852-796197 (लैंडलाइन) पर कॉल कर सकते हैं। प्रत्येक नगर पालिका व विकास खण्ड में कैटल कैचर उपलब्ध हैं।

# श्री गुरूगोविन्द सिंह जी का पावन प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया

वहाज अली निहाल

**इटावा।** दुख निवारण गुरूद्वारा श्री गुरुतेग बहादुर साहिब में सरवंशदानी गुरू गोविन्द सिंह का प्रकाशोत्सव मानस की जाति सबै एकै पहिचानबो के उदघोष के साथ श्रद्धा व हर्ष के साथ मनाया गया। श्री गुरु गोविन्द सिंह जी के पावन प्रकाश पर्व की तैयारियाँ पिछले दस दिनों से चल रही थी, दस दिन से चल रही प्रभात फेरी जिसमें श्रद्धालू भक्तगण, स्त्री, बच्चे, बूढ़े व नौजवान गुरूवाणी का सबद वाहो-वाहो गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरु चेला, गायन करते हुये और÷बोले सो निहाल सत श्री अकाल÷के जयकारों के साथ नगर की सड़कों पर निकल पड़ते थे। इसी क्रम में गुरूद्वारा में सात अखण्ड पाठ साहिब की श्रंखला प्रारम्भ हुई, जिसका समापन अर्धरात्रि में सबद कीर्तन व आरती के गायन के साथ पुष्पवर्षा करते हुये हुआ। प्रकाशोत्सव में बुधवार को सुबह से ही गुरूद्वारा में माथा टेकने के लिये



स्त्री, बच्चे, बूढ़े, नौजवान का तांता लगा रहा, सभी समुदाय के लोगों ने गुरूद्वारा में आकर माथा टेका व अरदास की। गुरूद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सरदार तरनपाल सिंह कालड़ा ने गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाशोत्सव पर सभी को बधाई देते हुये कहा कि गुरू साहिब समाज सुधारक व सूरवीर योद्धा ही नहीं बल्कि उच्च कोटि के कवि भी थे, आपकी काव्यक अनुभूति दैवीय थी, आपके अन्दर दार्शनिक, काल्पनिक, अध्यात्मिक आदि सभी गुण मौजूद थे, गुरू महाराज के ह्रदय के अन्दर दबे, कुचले लोगों को ऊपर उठाने का महान जज्बा था।

उन्होंने बताया कि मानवीयता की पहली शर्त मनुष्य की गरिमा की रक्षा करना है, मनुष्य को छोटा बनाकर कोई धर्म कोई दर्शन कोई विचारधारा बड़ी नहीं बन सकती है, इसी मानवीयता की रक्षा में श्री गुरूगोविन्द सिंह जी का सन्त सिपाही रूप चरित्रार्थ होता है। श्री कालड़ा ने कहा कि श्री गुरूगोविन्द सिंह जी जैसे व्यक्तित्व, जिसमें ब्रह्मतेज, क्षत्रिय तेज के साथ ही अदभुत कवित्व शक्ति का भी संयोग है, जो विश्व साहित्य में सचमुच अनोखा व अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि आज खालसा पंथ के संस्थापक बादशाह दरवेष दशम गुरू श्री गुरू गोविन्द सिंह जी का आगमन पर्व सम्पूर्ण विश्व के कौने- कौने में मनाया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने गुरूवाणी की कुछ पक्तियाँ प्रस्तुत की-

### "वाहौं-वाहौं गुरूगोविन्द सिंह आपे गुरू चेला"

**इटावा।** गुरूद्वारा श्री गुरु तेगबहादुर साहिब के अन्दर पालकी साहिब व गुरूद्वारा की सजावट अनोखी छटा बिखेर रही थी, पालकी साहिब को फूलों से सजाया गया था, इसकी सेवा युवा बच्चों द्वारा की गयी थी और पूरे गुरूद्वारे को बिजली से सजाया गया था। दोपहर में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद एक विशाल लंगर का आयोजन किया गया, जिसकी तैयारियाँ सरदार चरनजीत सिंह काका, मनदीप सिंह कालड़ा, रिंकू मोंगा, जसवीर सिंह(पप्पी), दलजीत सिंह पनेसर, शीटू टूटेजा राजा साहनी, यश, राजू गुलाटी, दीपू अरोड़ा, द्वारा एवं सजावट की सेवा ऐकस कालरा मन्नत टुटेजा टीशल सिमर, जोत व उनके सहयोगी साथियों की देख-रेख में की गयी थी। गुरूद्वारा साहिब में रात्रि के दीवान में बच्चों के सवद गायन, भजन कीर्तन, कविताओं के गायन के साथ शुभारम्भ हुआ जो कि अर्धरात्रि तक चलता रहा। मुख्यग्रन्थी भाई गुरदीप सिंह, उत्तम कौर, किशन सिंह व साथियों ने सबद कीर्तन करके संगत को निहाल किया। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि गुरु गोविन्द सिंह संत और सिपाही की एक अद्वितीय शख्सियत थी जो धर्म गुरू भी थे और धर्म योद्धा भी थे, ऐसी शख्सियत धरती पर दूसरी नहीं हुई है। इस अवसर पर समस्त गुरूद्वारा कमेटी की तरफ से गुरूपर्व पर सभी को बधाई दी व अखण्ड पाठ साहिब की सेवा करने वाले परिवारों को सरोपा भेंट किया गया व सहयोग देने वाले श्रद्धालुओं का धन्यवाद तथा आभार व्यक्त किया।

# चला मतदाता जागरूकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** छाता विधानसभा के अंतर्गत सर्वोदय इंटर कॉलेज चौमुहाँ मथुरा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, रंगोली, मेहंदी, स्लोगन , निबंध, क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम करायी गयी। नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु 18 वर्ष पूर्ण कर चुके नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड बनवाने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता करा कर जागरूक किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रूमा कुमारी द्वारा कहा गया कि हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए लोकतंत्र को अधिक मजबूत बनाने के लिए मतदाता बनकर मतदान के माध्यम से देश को मजबूत करने का कार्य करना चाहिए।

विद्यालय के नोडल अजय कुमार, सह नोडल गिरीश चंद्र शर्मा ने कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को यह संदेश दिया है कि प्रत्येक मतदान महत्वपूर्ण है। हेल्प डेस्क इंचार्ज राहुल शर्मा का मतदाता फार्म भरवाने में सहयोग रहा। लगभग 300 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग कर प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में दीपक प्रथम, राधिका द्वितीय, प्रियांशु तृतीय स्थान प्राप्त किये। स्लोगन प्रतियोगिता में राधिका प्रथम, नेहा द्वितीय, काजल तृतीय स्थान प्राप्त किये। निबंध प्रतियोगिता में अनु प्रथम प्रीति द्वितीय मानसी तृतीय स्थान प्राप्त की। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में दीपक प्रथम जानकी द्वितीय हरीश तृतीय स्थान प्राप्त किये।

# फिरोजाबाद जिला मुख्यालय पर गरजे किसान

**भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम दिया ज्ञापन**

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश चौहान के निर्देशन में जिलाध्यक्ष एड पुष्पेंद्र यादव के नेतृत्व में माननीय मुख्यमंत्री महोदय के संबोधन में जिला मुख्यालय पर एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमे राष्ट्रीय सचिव जीत कमल सोलंकी ने कहा की सरकार द्वारा गन्ना किसानों की मांग पर मूल्य का निर्धारण अभी तक नही किया गया।

जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने कहा की गन्ना किसान उचित मूल्य न मिलने से बेहद परेशान है अगर उनकी समस्याओं का शीघ्र निदान नहीं किया गया तो बहुत बड़ा आंदोलन होगा और



एक लेखपाल द्वारा रिश्वत लेते हुए वीडियो चलने के बाद उसको निलंबित कर दिया लेकिन वह चार्ज लेकर अभी भी किसानों को प्रताड़ित कर रहा है उसको तुरंत हटाया जाए।

व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पंडित अखिलेश शर्मा ने कहा की किसानों की समस्या का तुरंत निदान हो तथा जिले में व्याप्त कुछ अधिकारियों द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिले में तैनात सीएमओ राम बदन राम द्वारा लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिस व्यक्ति को करोड़ों रुपए का ठेका नियम विरुद्ध दिया गया जिसकी जांच चल रही है इनके खिलाफ अन्य जिलों में भी भ्रष्टाचार के मुकदमे चल रहे है इन्होंने असीमित संपत्ति भी हासिल की है जिसकी भी जांच होनी चाहिए। अगर इन भ्रष्ट अधिकारियों को पदमुक्त कर कार्यवाही नही की गई तो एक प्रदेश व्यापी आंदोलन किया जाएगा।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, राष्ट्रीय सचिव जीत कमल सिंह सोलंकी, जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ पंडित अखिलेश शर्मा, जिला अध्यक्ष कार्यकारिणी राजेंद्र सिंह मंडल, सचिव भूरी सिंह, महेंद्र, वीर प्रताप, पीयूष अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष मजदूर मोर्चा बृजेश राठौर, अंकुश, विनोद गोस्वामी, श्रीकांत, अभय, वाजिब अली, उमेश, बिजेंदर, आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### 20 को नगर के वृंदावन गार्डन में भजन संध्या और दीपोत्सव का होगा आयोजन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। पूरे देश में हर्ष है और हर्ष की इस वेला में पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की इसी श्रंखला में क्षत्राणी समूह इटावा के द्वारा दिनांक 20 जनवरी 2024 को नगर के वृंदावन गार्डन में एक भजन संध्या और दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम में भजन गायक संजीव द्वारा भजन गए जाएंगे और भक्तिमय भजन संगीत के बाद दीप जला कर हर्ष व्यक्त किया जाएगा। कार्यक्रम की संयोजिका वीनस सेंगर, मंजू भदौरिया एवं अरुणा भदौरिया ने कहा कि राम लला के अयोध्या में विराजने की प्रसन्नता है और इस प्रसन्नता को व्यक्त करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है उन्होंने सभी से कार्यक्रम में सम्मिलित होने को आमंत्रित किया।

### एसएसपी ने एचडीएफसी बैंक का किया उद्घाटन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने शहर क्षेत्र में ॥ष्ठस्नष्ट बैंक की नयी शाखा का फीता काटने उपरान्त दीप-प्रज्जवालित कर उद्घाटन किया। बैंक अधिकारियों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सप्रेम भेट एक प्रतीक चिन्ह भी दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंक के शीर्ष नेतृत्व, उनके दूरदर्शिता और बैंक की पूरे टीम की ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्धता की प्रसंशा की और कहा की एचडीएफसी बैंक ने समाज में उत्कृष्ट ग्राहक सेवा से आमजन के बीच बैंकों के प्रति अविश्वास को खत्म ही नहीं किया, बल्कि विश्वस्तरीय बैंकिंग सुविधाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सरल रूप में पहुंचाया है। बैंक के समस्त कर्मचारियों का अपने कार्य के प्रति समर्पण ही बैंक के विकास और उपलब्धियों को प्रमाणित करता है। इस दौरान बैंक के समस्त अधिकारीगण तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### गैंगस्टर आरोपी की संपत्ति को किया गया कुर्क



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम नगला बाग निवासी गैंग लीडर संतोष उर्फ पप्पू द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर अपराध कार्य कर अवैध रूप से धन एवं संपत्ति को अर्जित किया गया। जिसकी कुल चल,अचल संपत्ति (9करोड़ बयानबे लाख छ्~ हज़ार दो सौ छत्तीस) रुपए संपत्ति को मौके पर जाकर कुर्क करने की कार्यवाही की गई। अभियुक्त के विरुद्ध डेढ़ दर्जन मुकदमे दर्ज है जिसमे आर्म्स एक्ट के दो, यूपी गुण्डा एक्ट का मुकदमा,धारा 110जी सीआरपीसी का एक मुकदमा अभियुक्त संतोष उर्फ पप्पू द्वारा लगातार अपराधिक कार्य कर कई अवैध संपत्तियां अपने नाम,पत्नी के नाम, अपने भाइयों के नाम से क्रय की गई है। उपजिलाधिकारी सिरसागंज, तहसीलदार सिरसागंज, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज,क्षेत्रीय लेखपाल व प्रभारी निरीक्षक सिरसागंज, अरांव व नगला खंगर मय पुलिस टीम की मौजूदगी में की गई कुर्की की कार्यवाही। अभियुक्त संतोष उर्फ पप्पू द्वारा वर्ष 1998 में पहली बार अपराध कर जुर्म की दुनिया में कदम रखा और लगातार अपराध करते हुए जुर्म करते हुए जुर्म की दुनिया का कुख्यात अपराधी बन गया।

# परिषदीय विद्यालय में हुआ शिक्षकों का विदाई समारोह

**मथुरा।** प्राथमिक विद्यालय तिलकागढ़ी में सहायक शिक्षक एवं पूर्व जेसीओ डॉ. रमेश चन्द के पारस्परिक पदस्थापन पर विद्यालय परिसर में समस्त स्टॉफ ने विदाई समारोह आयोजित किया। डॉ. रमेश चन्द के द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों एवं नवाचारों के माध्यम से बच्चों के शैक्षणिक स्तर को निपुण बनाने में किए गए प्रयासों को याद किया गया। उन्होंने बताया कि आठ वर्षों में सभी शिक्षक साथियों एवं ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग मिला। जिससे उनकी कार्य करने की क्षमता बढ़ी। इस अवसर पर अनिल कुमार, रजनेश देवी, कुमारी सुमन, राजेश बाबू, कैलाश सिंह, एआरपी हरिश्चंद्र चौधरी, खेमचंद अग्रवाल, पवन कुमार, निरंजन सिंह, हुकम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से संवाद का हुआ लाइव

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सजीव प्रसारण प्रधानमंत्री जी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से संवाद का लाइव सुल्तानपुर राहिन विकासखंड बसरेहर प्राथमिक विद्यालय अड्डूपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।उक्त के पश्चात जिलाधिकारी एवं जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत द्वारा सभी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी, प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना के लाभार्थी, आयुष्मान कार्ड के लाभार्थी, स्वच्छ भारत मिशन,



जिलाधिकारी व जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत द्वारा सभी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण किए गए

व्यक्तिगत शौचालय, मनरेगा योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशनआदि योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। जिलाधिकारी ने प्रमाण पत्र देने के उपरांत लाभार्थियों से बात कर योजनाओं की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि लोगों को जागरुक कर योजना का लाभ दिलाना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को निर्देश दिए की ज्यादा से ज्यादा गरीब महिलाओं को योजना से जोड़कर योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा एलईडी वैन के माध्यम से लोगों को गांव-गांव जाकर जागरूक किया जा रहा है, जिससे कि पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके।उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव राजपूत, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी एस कृष्णा, सांसद प्रतिनिधि मुकेश यादव, उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया खेल महोत्सव का शुभारंभ

**मथुरा।** जनपदीय खेल महोत्सव 2024 का आयोजन 18 जनवरी को स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा पर आयोजित किया गया। जनपदीय खेल महोत्सव 2024 का उद्घाटन जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले खेल/क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार यादव द्वारा जिलाधिकारी को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया , इसके बाद जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव जय सिंह एवं सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा पटुका पहना कर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें विभिन्न खेलों के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक क्षमता बढ़ती है तथा मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। खिलाड़ियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है। खेल जैसे कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, कुश्ती, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, वालीबाल, बैडमिण्टन, बास्केटबाल आदि खेल हमे स्वस्थ्य भी रखने में लाभदायक होते है। डीएम ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। तीन दिवसीय (18 से 20 जनवरी) तक चलने वाली इन प्रतियोगिताओं में कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, कुश्ती, फुटबाल, हॉकी, हैण्डबाल, वालीबाल, बैडमिण्टन, बास्केटबाल आदि खेलों का आयोजन होगा। मुख्य अतिथि द्वारा बालिकाओं की 400 मीटर दौड़ की शुरूआत करा कर प्रतियोगिता का शुभारंभ की विधिवत घोषणा की गई।

# डीएम ने ली उद्योग बंधु की बैठक, दिए दिशा निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुए कहा कि मथुरा में निवेश की वृद्धि हेतु औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने वाले निवेशकों का पूर्ण रूप से संबंधित विभागीय अधिकारी सहयोग करें। अधिकारियों से कहा कि निवेश मित्र पोर्टल के प्रकरणों का संवेदनशील होकर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिला उद्योग समिति की बैठक में कहा कि मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता मथुरा जनपद के चहुंमुखी विकास पर केन्द्रित है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए नई पर्यटन नीति और उद्योग नीति को तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से मथुरा जनपद का संपूर्ण क्षेत्र का आर्थिक और सामाजिक विकास हो। उन्होंने कहा कि अनेकों योजनाएं केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा मथुरा क्षेत्र के नव सृजन हेतु संचालित की जा रही हैं, जिसका सीधा लाभ क्षेत्र के उद्यमियों को प्राप्त होगा, ताकि उद्योगों का सृजन हो और लोगों को रोजगार मिले। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार जानकारी उद्यमियों को उनके व्हाट्सएप ग्रुप पर उपलब्ध कराए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बैंकर्स अपने कार्यों की स्वयं समीक्षा करें और उद्यमियों को योजनाओं का लाभ दिलाएं।

निवेश मित्र योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित ऑनलाइन आवेदन पत्र पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम, यूपीडा, यूपीसीडा, एमवीडीए, विद्युत विभाग, ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट और अधिकारी व अन्य विभागों को तत्काल ऑनलाइन आवेदन पत्र को निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनपद की रैंकिंग आपके प्रपत्रों के निस्तारण न करने से प्रभावित हो रही है। सबसे अधिक प्रकरण यूपीसीडा के होने पर उन्होंने सभी का निस्तारण समयावधि में किए जाने व योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता ना बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि निवेश मित्र योजना अंतर्गत विभागों से स्वीकृतियां/ लाइसेंस/अनापत्तियों से संबंधित सेवाओं के त्वरित निस्तारण हेतु निवेश मित्र पोर्टल के अंतर्गत ऑनलाइन कार्य किया जा रहा है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलता को जनपद में रोजगार सृजन में बाधा मानते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जनपद में औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने के लिए निर्देश दिए कि धारा 80 के अंतर्गत एमओयू से आच्छादित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए अति शीघ्र निष्पादन कराया जाए, ताकि जनपद में उद्योगों के सृजन तेजी आ सके। बैठक में जिलाधिकारी ने एम.एस.एम.ई वार्षिक क्रेडिट प्लान के क्रम में जनपद में करोड़ों रुपए का ऋण वितरण करने पर प्रसन्नता व्यक्त की, उन्होंने ऋण वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनपद में अभियान चलाते हुए पंजीकरण में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि विभाग के आपसी समन्वय और संवाद की कमी होने के कारण इच्छुक उद्यमी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इस कमी को तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनान्तर्गत अभी और सुधार लाए जाने की जरूरत है। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों से फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए आगे आने का आव्हान किया। बैठक में भू-गर्भ जल के प्रबन्धन और विनियमन के सम्बन्ध में समस्त एम.एस.एम.ई इकाइयों जो कि 10 क्यूबिक मीटर प्रतिदिन से कम जलदोहन करती है उन्हें अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देना है।

# अंडर 19 विश्व कप के रनवे से भविष्य की ऊंची उड़ान भरने को आतुर भारत की युवा ब्रिगेड



अंडर 19 विश्व कप शुक्रवार से जब यहां शुरू होगा तो कइयों के मुस्तकबिल बनेंगे और कई ख्वाब हकीकत का रूप लेंगे जबकि विरोधी टीमों का जोर पांच बार के चैम्पियन भारत का दबदबा तोड़ने पर होगा। यह सर्वविदित है कि अंडर 19 विश्व कप ने ही क्रिकेट जगत को कई भावी सितारे दिये हैं। क्रिकेट को भविष्य के सितारे देने वाला अंडर 19 विश्व कप शुक्रवार से जब यहां शुरू होगा तो कइयों के मुस्तकबिल बनेंगे और कई ख्वाब हकीकत का रूप लेंगे जबकि विरोधी टीमों का जोर पांच बार के चैम्पियन भारत का दबदबा तोड़ने पर होगा। यह सर्वविदित है कि अंडर 19 विश्व कप ने ही क्रिकेट जगत को कई भावी सितारे दिये हैं। युवराज सिंह 2000 में, रोहित शर्मा 2006 में, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा 2008 में , ऋषभ पंत और ईशान किशन 2016 में और शुभमन गिल 2018 में इसी टूर्नामेंट से चमके। लेकिन कई ऐसे भी हैं जो जूनियर स्तर की सफलता को सीनियर स्तर पर दोहरा नहीं सके जिनमें उन्मुक्त चंद, रविकांत शुक्ला, मनीष पांडे, यश धुल और कमलेश नागरकोटी शामिल हैं। सभी की नजरें भारतीय टीम पर लगी होंगी जिसके कप्तान पंजाब के उदय सहारन हैं।

भारत को शनिवार को पहले मैच में बांग्लादेश से खेलना है। ग्रुप ए में भारत और बांग्लादेश के अलावा अमेरिका और आयरलैंड भी है। यह टूर्नामेंट 11 फरवरी तक चलेगा जब बेनोनी में फाइनल खेला जायेगा। सोलह टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी जिसमें 12 टीमों को दो पूल में बांटा जायेगा। इनसे शीर्ष दो दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी जो बेनोनी में ही छह और आठ फरवरी को होगा। भारतीय टीम राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई शिविरों के बाद यहां आई है और इसने दो ही टूर्नामेंट (एशिया कप और दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला) खेले हैं। एशिया कप में भारत सेमीफाइनल में हार गया जिसमें बांग्लादेश ने उसे चार विकेट से मात दी। उसके बाद हालांकि दक्षिण अफ्रीका में त्रिकोणीय श्रृंखला भारत ने अपराजेय रहकर जीती जिसमें अफगानिस्तान तीसरी टीम थी। फाइनल बारिश की भेंट होने से भारत और दक्षिण अफ्रीका संयुक्त विजेता रहे। भारत के बाद आस्ट्रेलिया ने सबसे ज्यादा तीन और पाकिस्तान ने दो बार अंडर 19 विश्व कप जीता है। बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड एक एक बार विजयी रहे। भारतीय टीम में अर्शिन कुलकर्णी भी हैं जो आईपीएल में अनुबंध पाने वाले इस टीम के दो खिलाड़ियों में से हैं। महाराष्ट्र प्रीमियर लीग की खोज अर्शिन ने टूर्नामेंट में नौ छक्के लगाये थे। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अरावेली अश्विन के साथ करार किया है जिसने नवंबर में चार देशों की श्रृंखला में 93 गेंद में 163 रन बनाये थे।

पिछले साल कूच बेहार ट्रॉफी में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे मुशीर खान और कप्तान उदय सहारन पर भी नजरे होंगी। गेंदबाज राज लिम्बानी ने हाल ही में नेपाल के खिलाफ सात विकेट लिये थे जबकि उपकप्तान स्वामी पांडे ने अफगानिस्तान के खिलाफ छह विकेट चटकाये थे। अन्य टीमों में न्यूजीलैंड के रहमान हिकमत, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज उबेद शाह, अफगानिस्तान के आफ स्पिनर अल्लाह मुहम्मद गजांफर और इंग्लैंड के लुक बेंकेंस्टेन पर नजरें रहेंगी।

# एमसीजी ग्राउंड पर टेनिस छोड़ सुमित नागल ने खेला क्रिकेट, बचपन के दिनों को किया याद



सुमित नागल अभी ऑस्ट्रेलियन ओपन खेल रहे हैं, वह पहले दौरे में 3-0 सेट से शानदार जीत दर्ज कर दूसरे दौरे में पहुंच गए हैं। इस मुकाबले से पहले सुमित नागल मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पहुंचे, जहां उन्होंने नेट पर जमकर क्रिकेट खेला। उन्होंने बताया कि वह भी बचपन नें क्रिकेट खेलते थे।

भारतीय टेनिस प्लेयर सुमित नागल अभी ऑस्ट्रेलियन ओपन खेल रहे हैं, वह पहले दौरे में 3-0 सेट से शानदार जीत दर्ज कर दूसरे दौरे में पहुंच गए हैं। इस मुकाबले से पहले सुमित नागल मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में पहुंचे, जहां उन्होंने नेट पर जमकर क्रिकेट खेला। उन्होंने बताया कि वह भी बचपन नें क्रिकेट खेलते थे।

सुमित नागल मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पहुंचे और काफी समय तक नेट पर बल्लेबाजी की। ऑस्ट्रेलियन ओपन ने अपने पर ये वीडियो शेयर किया है। साथ ही इस वीडियो में सुमित को कहते सुना जा सकता है कि, भारत में हर बच्चा क्रिकेट से जुड़ा होता है, वह क्रिकेट खेलना चाहता है। मुझे याद है कि कैसे 2 बजे के बाद हम भी गलियों में क्रिकेट खेला करते थे। मैंने काफी समय तक गली क्रिकेट खेला।

नागल अभी भारत के टेनिस स्टार हैं, और इस करियर में वह काफी अच्छा कर रहे हैं। नागल को भी खुशी है कि वह टेनिस में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मैं जो कर रहा हूं, उसकी खुशी है। सुमित नागल ने पहले दौर में दुनिया के नंबर 27 खिलाड़ी कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर बुब्लिक को हराया था। नागल ने अलेक्जेंडर को 6-4. 6-2.7-6 से हराया था।

# जर्मनी के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम की अग्निपरीक्षा, सेमीफाइनल में हार के बाद भी भारत के पास एक और मौका



पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने से अब सिर्फ एक जीत दूर है। ऐसे में स्न्ढ्ढ॥ ओलंपिक क्वालीफायर्स में गुरुवार को अपने से ऊपर रैंकिंग की जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में उसे अपना बेस्ट खेल दिखाना होगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने से अब सिर्फ एक जीत दूर है। ऐसे में एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर्स में गुरुवार को अपने से ऊपर रैंकिंग की जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में उसे अपना बेस्ट खेल दिखाना होगा। इसके पहले भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में अमेरिका से 0-1 से हार गई थी, लेकिन इसके बाद उसने न्यूजीलैंड और इटली को हराकर पूल बी में दूसरी पोजिशन पर रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

भारत ने पिछले दो मैच में खेल के हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन किया और सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम जर्मनी के खिलाफ भी इसी तरह का खेल जारी रखने की कोशिश करेगी। इस टूर्नामेंट में टॉप पर रहने वाली तीन टीम इस साल होने वाले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। इस तरह से गुरुवार को जीत दर्ज करने पर भारतीय टीम का पेरिस का टिकट पक्का हो जाएगा।

हालांकि, अगर भारतीय टीम इस मैच को जीतने में नाकाम रहती है तो उसे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका मिलेगा। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों के बीच तीसरे और चौथे स्थान के लिए शुक्रवार को मैच खेला जाएगा। जिसमें जीत दर्ज करने वाली टीम ओलंपिक में जगह बनाएगी। भारतीय टीम को हालांकि जर्मनी के खिलाफ सकारात्मक सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा।


### भारतीय फैंस का टूटा दिल, सुमित नागल चीनी खिलाड़ी से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन से हुए बाहर

सुमित नागल का ऑस्ट्रेलियन ओपन में सफर खत्म हो गया है। गुरुवार को नागल चीन के Shang Juncheng से हार गए। उन्होंने पहला सेट जीतकर अपने टूर्नामेंट की शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वो लगातार 3 सेट में हार गए।

भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल का ऑस्ट्रेलियन ओपन में सफर खत्म हो गया है। गुरुवार कोदूसरे दौर में सुमित को 18 वर्षीय चीन के Shang Juncheng के खिलाफ 6-2, 3-6, 5-7, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। नागल ने पहला सेट जीतकर अपने टूर्नामेंट की शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वो लगातार 3 सेट में हार गए।

सुमित की शुरुआत अच्छी रही थी और उन्होंने पहले सेट को आसानी से जीत लिया। लेकिन चीनी खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए दूसरे सेट के चौथे गेम में सुमित की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद चीनी खिलाड़ी ने आसानी से दूसरा सेट जीत लिया।

# अफगानिस्तान के खिलाफ बेहतरीन जीत के बाद राहुल द्रविड़ का बयान, कहा टी20 वर्ल्ड कप कोई भी खेल सकता है



राहुल द्रविड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में 3 . 0 से मिली 'क्लीन स्वीप' पर प्रसन्नाता जताई है चूंकि कई युवा खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये कई विकल्प मिल गए हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद 11 टी20 खेले हैं।


भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में 3 . 0 से मिली 'क्लीन स्वीप' पर प्रसन्नता जताई है चूंकि कई युवा खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन से टीम को जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये कई विकल्प मिल गए हैं। भारत ने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद 11 टी20 खेले हैं। कुछ सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिये जाने के कारण टीम प्रबंधन को जितेश शर्मा और शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ियों को आजमाने का मौका मिला।

द्रविड़ ने तीसरे मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा वनडे विश्व कप के बाद अलग अलग खिलाड़ियों ने खेला है। इसके कई कारण रहे लेकिन यह अच्छा है कि विश्व कप से पहले हमारे पास विकल्प है। उन्होंने कहा हमे कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और इस पर विचार कर रहे हैं।'' जून में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह इस प्रारूप में भारत का आखिरी मैच था। द्रविड़ ने कहा एक टीम के रूप में अब हमें उतने मैच नहीं खेलने हैं। आईपीएल है और इन खिलाड़ियों पर सभी की नजरें होंगी। दुबे ने अफगानिस्तान के खिलाफ 124 रन बनाये और दो विकेट लिये।

द्रविड़ ने कहा वह लंबे समय बाद लौटा हैऔर पहले से काफी बेहतर खिलाड़ी बनकर आया है। उसमें प्रतिभा हमेशा से थी और उसके प्रदर्शन से मैं बहुत खुश हूं। इससे उसका आत्मविश्वास बढा होगा कि आप वापसी करने के साथ प्लेयर आफ द सीरिज भी बने हैं।

विकेटकीपिंग में भारत के पास जितेश, संजू सैमसन, ईशान किशन, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकल्प हैं और कोच ने किसी के भी खेलने की संभावना से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा हमारे पास कई विकल्प हैं। संजू, किशन और ऋषभ सभी हैं। देखना होगा कि अगले कुछ महीने में क्या स्थितियां रहती हैं और उसी के अनुसार फैसला लिया जायेगा।

# ईशा देवोल ने खत्म की 12 साल की शादी, भरत तख्तानी का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर बना रिश्ता टूटने की वजह!



यूजर ने आगे दावा किया कि भरत धोखा दे रहे थे, इसलिए ईशा ने उनके साथ रहना छोड़ दिया। यूजर ने दावा किया कि उसने ईशा के पति भरत को नए साल के दिन बेंगलुरु में एक पार्टी में देखा था। जहां वह अपनी एक कथित गर्लफ्रेंड के साथ थे।

बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल की निजी जिंदगी पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी हुई हैं। दरअसल, अभी हाल ही में एक रेड्डिट यूजर की पोस्ट ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है, जिसमें ईशा के उनके पति भरत तख्तानी से अलग होने के दावे किये गए हैं। इसी के साथ पोस्ट में भरत के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की भी बात की गयी है। रेड्डिट यूजर के सनसनीखेज दावों के बाद ईशा और उनकी निजी जिंदगी सोशल मीडिया पर चर्चा का मुद्दा बनी हुई है।

रेड्डिट यूजर ने ईशा देओल और उनके पति के अलग होने को लेकर एक पोस्ट की। इस पोस्ट में यूजर ने लिखा, ईशा देओल ने अपने पति के साथ पोस्ट करना बंद कर दिया है। 2023 में एक लेख था जो उस समय की याद दिलाता है जब उन्होंने और उनके पति ने अपनी प्रतिज्ञाओं को नवीनीकृत किया था। मैं उन्हें केवल उनकी मां हेमा के साथ देखता हूं (मैंने इंस्टा चेक किया, वे अभी भी एक-दूसरे को फॉलो करते हैं)। यूजर ने आगे दावा किया कि भरत धोखा दे रहे थे, इसलिए ईशा ने उनके साथ रहना छोड़ दिया। यूजर ने दावा किया कि उसने ईशा के पति भरत को नए साल के दिन बेंगलुरु में एक पार्टी में देखा था। जहां वह अपनी एक कथित गर्लफ्रेंड के साथ थे। पोस्ट में ये भी बताया गया है कि भरत की गर्लफ्रेंड बेंगलुरु में ही रहती है। रेड्डिट यूजर की पोस्ट ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रखी है। हालाँकि, ईशा और भरत की तरफ से इन खबरों पर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है। बता दें, ईशा देओल ने 29 जून 2012 को भरत से शादी की थी। यह शादी मुंबई के इस्कॉन मंदिर में हुई थी। शादी के पांच साल बाद ये कपल एक बेटी राध्या के माता-पिता बने और फिर साल 2019 में अभिनेत्री ने अपनी दूसरी बेटी मिराया को जन्म दिया।

# तुहारे साथ बूढ़ा होने का इंतजार कर रहा हूं रोमांटिक तस्वीर के साथ अरबाज खान ने पत्नी शूरा खान को दी जन्मदिन की बधाई



अरबाज ने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी शूरा। कोई भी मुझे आपकी तरह मुस्कुराने नहीं देता। आप मेरी जिंदगी को रोशन कर देती हो। मैं तुम्हारे साथ बूढ़ा होने का इंतजार कर रहा हूं, उफ, वास्तव में बहुत, बहुत बूढ़ा। जब ब्रह्मांड ने हमें एक साथ लाया तो यह मेरे साथ अब तक हुई सबसे अच्छी बात थी।

अभिनेता अरबाज खान ने एक मनमोहक तस्वीर के साथ अपनी दूसरी पत्नी शूरा खान को जन्मदिन की बधाई दी है। शूरा के साथ की तस्वीर अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। तस्वीर में, अरबाज और उनकी पत्नी सफेद रंग के कपड़ों में ट्विनिंग करते हुए एक दूसरे के साथ शानदार समय बिताते दिखाई दे रहे हैं। अभिनेता ने तस्वीर के साथ एक कैप्शन भी शेयर किया, जिसमें उन्होंने शूरा के लिए अपने प्यार का इजहार किया है।

अरबाज खान ने कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मेरी प्यारी शूरा। कोई भी मुझे आपकी तरह मुस्कुराने नहीं देता। आप मेरी जिंदगी को रोशन कर देती हो। मैं तुम्हारे साथ बूढ़ा होने का इंतजार कर रहा हूं, उफ, वास्तव में बहुत, बहुत बूढ़ा। जब ब्रह्मांड ने हमें एक साथ लाया तो यह मेरे साथ अब तक हुई सबसे अच्छी बात थी। पहली डेट से ही मुझे पता था कि मैं अपना शेष जीवन आपके साथ बिताने जा रहा हूं। आप अपनी सुंदरता और दयालुता से मुझे आश्चर्यचकित करते रहे।

अभिनेता ने आगे लिखा, हर दिन मुझे याद आता है कि आपको कुबूल है कहना मेरे मुंह से निकले सबसे अच्छे शब्द थे। लव यू टू द मून और वापस। अरबाज खान की बर्थडे पोस्ट पर शुरा ने प्रतिक्रिया दी। मेकअप आर्टिस्ट ने लिखा, अरबाज (बहुत सारे दिल वाले इमोजी के साथ)। बता दें, अरबाज और शूरा ने 24 दिसंबर को अर्पिता खान के घर पर आयोजित एक निजी समारोह में निकाह रचाया था।

# तन्मय भट्ट, कुशा कपिला, दानिश सैत, सुमुखी सुरेश और ओरी के साथ खत्म होगा केडब्ल्यूके 8 के ग्रैंड फिनाले एपिसोड



करण जौहर द्वारा होस्ट किया जाने वाला शो कॉफ़ी विद करण इस गुरुवार को अपने सीज़न 8 के साथ समाप्त होगा। लोकप्रिय सेलिब्रिटी चैट शो के होस्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आगामी फिनाले एपिसोड का एक प्रोमो जारी किया जिसमें सीज़न के अंतिम मेहमानों का अनावरण किया गया। करण जौहर द्वारा होस्ट किया जाने वाला शो कॉफ़ी विद करण इस गुरुवार को अपने सीज़न 8 के साथ समाप्त होगा। लोकप्रिय सेलिब्रिटी चैट शो के होस्ट ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर आगामी फिनाले एपिसोड का एक प्रोमो जारी किया जिसमें सीज़न के अंतिम मेहमानों का अनावरण किया गया। केडब्ल्यूके 8 के ग्रैंड फिनाले एपिसोड में तन्मय भट्ट, कुशा कपिला, दानिश सैत, सुमुखी सुरेश और ओरी शामिल होंगे। प्रोमो के साथ करण ने लिखा, यह सीज़न भरपूर धमाल के साथ बेहतरीन रहा। इसे हमारी विशेष जूरी के साथ समाप्त किया जा रहा है जो सोफे पर अपना पेय देने से पीछे नहीं हट रहे हैं! प्रोमो की शुरुआत कुशा कपिला द्वारा करण की टांग खींचने और उनसे पूछने से होती है कि क्या वह केडब्ल्यूके की शूटिंग के लिए अपना थेरेपी सत्र मिस कर रहे हैं। इसके बाद दानिश सैत, सुमुखी सुरेश, तन्मय भट्ट और अंत में इंटरनेट सनसनी ओरी का हिस्सा आता है। क्लिप में ओरी को यह कहते हुए सुना जा सकता है, आप मीम्स बना रहे हैं लेकिन मैं पैसे कमा रहा हूं।

इतना ही नहीं, प्रोमो में करण ओरी से पूछ रहे हैं कि क्या वह सिंगल हैं, जिस पर बॉलीवुड सेलेब्स के बीएफएफ ने जवाब दिया, मेरे पास पांच हैं और खुद को धोखेबाज बताया। छोटी क्लिप में, कॉमेडियन तन्मय भट्ट ने करण से विचित्र रूप से पूछा, यदि आपके पास इतने सारे फिल्टर हैं, तो अगले सीजन में फिल्टर कॉफी विद करण शो को बुलाएं।

कॉफ़ी विद करण सीज़न 8 में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, सारा अली खान, अनन्या पांडे, सनी देओल और बॉबी देओल, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, सैफ अली खान, शर्मिला टैगोर शामिल हैं। इस सीजन कॉफी विद करण का हर एपिसोड सुर्खियों में रहा चाहे वो रणवीर-दीपिका हों या सारा-अनन्या। चक्ङ्कच्य8 का अंतिम एपिसोड गुरुवार को डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगा।

# आलिया और दीपिका के बाद 12वीं फेल के दीवाने हुए आनंद महिंद्रा, फिल्म की तारीफ में लिख डाला लंबा-चौड़ा पोस्ट



बॉलीवुड सितारों के बाद अब अरबपति व्यवसायी आनंद महिंद्रा ने फिल्म 12वीं फेल की बड़ी फुरसत से सहारना की है। महिंद्रा ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल पर 12वीं फेल का पोस्टर शेयर किया और फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा, आखरिकार पिछले वीकेंड पर 12वीं फेल देख ली। यदि आप इस वर्ष केवल एक ही फिल्म देखते हैं, तो इसे देखें।

बॉलीवुड हस्तियों को अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 12वीं फेल से प्यार हो गया है। बी-टाउन की कई नामी हस्तियां ये फिल्म देख चुकी हैं और सोशल मीडिया पर इसकी जमकर सहारना कर रही हैं। इन हस्तियों में आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण, ऋतिक रोशन, कंगना रनौत समेत कई बड़े सितारों के नाम शामिल हैं। बॉलीवुड सितारों के बाद अब अरबपति व्यवसायी आनंद महिंद्रा ने फिल्म 12वीं फेल और इसकी स्टारकास्ट की बड़ी फुरसत से सहारना की है।

आनंद महिंद्रा ने बुधवार को अपने ट्विटर हैंडल पर 12वीं फेल का पोस्टर शेयर किया और फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा, आखरिकार पिछले वीकेंड पर 12वीं फेल देख ली। यदि आप इस वर्ष केवल एक ही फिल्म देखते हैं, तो इसे (12वीं फेल) देखें। क्यों? प्लाट, यह कहानी देश के वास्तविक जीवन के नायकों पर आधारित है। सिर्फ नायक ही नहीं, बल्कि सफलता के भूखे लाखों युवा, जो दुनिया की सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में से एक को पास करने के लिए असाधारण बाधाओं के खिलाफ संघर्ष करते हैं।

आनंद महिंद्रा ने फिल्म में मुख्य निभाने वाले मैसी की तारीफ करते हुए लिखा, अभिनय, विधु चोपड़ा कास्टिंग का शानदार काम करता है। प्रत्येक पात्र अपनी भूमिका में विश्वसनीय है और वे गंभीर, भावुक प्रदर्शन में बदल जाते हैं। लेकिन विक्रांत मैसी एक शानदार प्रदर्शन प्रस्तुत करता है जो राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के योग्य है। वह सिर्फ किरदार के जीवन का अभिनय नहीं कर रहे थे, बल्कि उसे जी रहे थे।

उन्होंने आगे लिखा, वर्णन शैलीः विधु चोपड़ा हमें जोरदार ढंग से याद दिलाते हैं कि महान सिनेमा महान कहानियों के बारे में है। अवधि, और यह कि विशेष प्रभाव अच्छी तरह से बताई गई कहानी की सरलता और प्रामाणिकता का मुकाबला नहीं कर सकते। मेरे लिए मुख्य आकर्षण इंटरव्यू सीन था। हां, यह थोड़ा मनगढ़ंत लग सकता है, लेकिन गहन संवाद इस अनुक्रम को आपकी आंखों के बीच स्पष्ट रूप से प्रभावित करता है और आपको दिखाता है कि भारत को एक नए भारत के निर्माण के लिए क्या करना चाहिए। मिस्टर चोपड़ा, ये दिल मांगे ऐसी और फिल्में!

## 22 जनवरी को पूरे देश में केंद्रीय कर्मियों की आधे दिन की छुट्टी

# दोपहर ढाई बजे पहुंचना होगा दफ्तर

**नई दिल्ली।** 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकारी कर्मियों की भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का एलान किया है।

अयोध्या के राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के लिए हर कोई उत्साहित है। इस खास दिन के लिए केंद्र सरकार ने सरकारी दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए एक विशेष घोषणा की है।

22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सरकारी कर्मियों की भावनाओं को देखते हुए दोपहर ढाई बजे तक सभी केंद्रीय दफ्तरों में अवकाश का एलान किया है। इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

इस आदेश में कहा गया कि कर्मचारियों की भारी भावना और उनके अनुरोध के कारण केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। केंद्र सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया ताकि हर कोई प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सकें।

**भ्रमण**

**राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हो चुका है। 17 जनवरी को भगवान की चांदी की एक प्रतीकात्मक प्रतिमा को मंदिर भ्रमण कराया गया था।**



राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान शुरू हो चुका है। 17 जनवरी को भगवान की चांदी की एक प्रतीकात्मक प्रतिमा को मंदिर भ्रमण कराया गया था। 18 जनवरी को उनकी मुख्य मूर्ति को आसन पर विराजमान कर पूजन कार्यक्रम शुरू कर दिया गया है। मुख्य प्रतिमा के रूप में भगवान राम की पांच वर्ष के बालक रूप को मुख्य मूर्ति के रूप में चयनित किया गया है।

इस खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट और दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक जारी की। वहीं, पीएम मोदी द्वारा अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने के आह्वान के बाद, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली के विश्वास नगर में पशुपति नाथ मंदिर में सफाई सेवा की।

## शिवकुमार का कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को तोहफा

### राज्य के बोर्डों-निगमों के प्रमुख पदों पर किया नियुक्त

**बंगलूरू।** 36 विधायकों और 39 कांग्रेस कार्यकर्ताओं को राज्य संचालित बोर्डों और निगमों में प्रमुख पदों पर नियुक्त किया जाएगा। इसकी जानकारी कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने दी है। उन्होंने कहा कि नाम की सूची जल्द जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को सम्मानित करने का वक्त आ गया है। गौरतलब है कि डीके शिवकुमार राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि बोर्डों और निगमों के पदों पर 36 विधायकों और 39 पार्टी कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है। राज्य में शुक्रवार को कांगेस लोकसभा चुनाव समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि शुक्रवार को लोकसभा चुनाव से जुड़ी हमारी पहले दौर की बैठक होगी। बैठक में जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी को भी बुलाया गया है। बता दें दोनों



पिछले साल मई में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुए थे। शुक्रवार को होने वाली बैठक में निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। कुछ मंत्रियों के लोकसभा चुनाव लड़ने का मन न होने पर उन्होंने कहा कि अगर पार्टी चाहती तो, सभी को चुनाव लड़ना होगा, चाहे वह मैं हूं या कोई और।

लोकसभा चुनावों पर बोलते हुए शिवकुमार ने कहा कि कांग्रेस कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों में से कम से कम 25 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। जेडीएस के एनडीए में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि यह उनके बीच का मामला है, उनकी जो इच्छा वो करें। साथ ही कहा कि पिछली बार हमें जेडीएस के साथ गठबंधन किया था, हमें लगा की बहुत सीटें हमारी झोली में आ जाएंगी, लेकिन हमें सिर्फ एक-एक सीटें ही मिल सकीं। उनके रहने या न होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। गौरतलब है कि 2019 लोकसभा चुनावों के नतीजों पर नजर डालें तो 28 सीटों वाले कर्नाटक में भाजपा ने 25 और कांग्रेस और जेडीएस ने एक-एक सीट पर कब्जा किया था और एक निर्दलीय ने जीत दर्ज की थी। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में कांग्रेस के शामिल न होने पर शिवकुमार ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री के नाम सिद्धारमैया में राम है। और मेरे नाम शिवकुमार में शिव है। आस्था एक निजी विषय है। मेरी आस्था सभी धर्मों में है। राजनीति में धर्म होना चाहिए, लेकिन धर्म में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें पंजाब सरकार ने कांग्रेस विधायक सुखपाल खैरा को एनडीपीएस मामले में जमानत देने की मांग की थी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस केवी विश्वनाथन ने 4 जनवरी के पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया।

पंजाब सरकार की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। पीठ ने वकील सिद्धार्थ लूथरा से कहा कि खैरा पर लगे आरोप गंभीर हैं और मामले की परिस्थिति को देखते हुए वह हाईकोर्ट के आदेश में कोई दखल नहीं देंगे। सुखपाल खैरा को बीते साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था। एसआईटी एनडीपीएस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में नौ लोग दोषी ठहराए गए हैं, जिनमें कथित तौर पर सुखपाल खैरा का करीबी गुरुदेव सिंह भी शामिल है।

## देश में तेजी से फैल रहा जेएन.1 का संक्रमण

**नई दिल्ली।** आईएनएसएसीओजी की डेटा के अनुसार, 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इस वेरिएंट की उपस्थिति का पता लगाया गया है। कर्नाटक में जेएन.1 सब वेरिएंट के 234 मामले, आंध्र प्रदेश में 189, महाराष्ट्र में




170, केरल में 156 और पश्चिम बंगाल में 96 मामले हैं।

कोविड-19 का नया वेरिएंट जेएन.1 तेजी से अपना पैर पसार रहा है। भारतीय एसएआरएस-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) के अनुसार देश में जेएन.1 के 1,226 मामले सामने आए हैं। कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सबसे ज्यादा मामला दर्ज किया गया है।

आईएनएसएसीओजी की डेटा के अनुसार, 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इस वेरिएंट की उपस्थिति का पता लगाया गया है। कर्नाटक में जेएन.1 सब वेरिएंट के 234 मामले, आंध्र प्रदेश में 189, महाराष्ट्र में 170, केरल में 156 और पश्चिम बंगाल में 96, गोवा में 90, तमिलनाडु में 88 और गुजरात में 76 मामले हैं।

राजस्थान में जेएन.1 के 37 मामले हैं। वहीं तेलंगाना में 32, छत्तीसगढ़ में 25, दिल्ली में 16, उत्तर प्रदेश में सात, हरियाणा में पांच, ओडिशा में तीन और उत्तराखंड और नगालैंड में एक-एक मामला दर्ज किया गया है। देश में कोविड मामलों की संख्या में बढ़ोतरी और जेएन.1 सब वेरिएंट का पता लगने के बाद केंद्र सरकार ने राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा है। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जेएन.1 वेरिएंट को पहले ड्ढह्वद्ध के रूप में वर्गीकृत किया गया था।

# नहीं होने देंगे समुद्री डकैती, लाल सागर में ड्रोन हमलों के बीच नौसेना प्रमुख का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।** लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमलों और भारतीय तटरेखा पर पाकिस्तानी जहाजों की तैनाती के बीच नौसेना प्रमुख का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी तरह की समुद्री डकैती नहीं होने देंगे।

नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने गुरुवार को कहा कि नौसेना का काम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा सुनिश्चित करना है। उनका यह बयान लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हालिया संदिग्ध ड्रोन हमलों और भारतीय तटरेखा पर पाकिस्तानी जहाजों की तैनाती के मद्देनजर आया है। एडमिरल कुमार ने कहा, नौसेना का काम यह सुनिश्चित करना है कि हम भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करें, उन्हें बढ़ावा दें और आगे बढ़ें। उन्होंने कहा, हम किसी भी तरह की समुद्री डकैती नहीं होने देंगे।

**2008 से चला रहे समुद्री डकैती विरोधी अभियान**

पत्रकारों से बात करते हुए नौसेना



प्रमुख ने कहा कि पिछले साल के अंत तक भारतीय जलक्षेत्र में समुद्री डकैती की घटनाएं लगभग खत्म हो गई थीं। उन्होंने कहा, %हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे राष्ट्रीय हित सुरक्षित हों। हम साल 2008 से हिंद महासागर में अभियान चला रहे हैं। इनमें समुद्री डकैती विरोधी अभियान भी शामिल हैं। 2008 से हमने समुद्री डकैती से निपटने के लिए 106 जहाजों को तैनात किया है।

उन्होंने आगे कहा, डकैती की घटनाएं पिछले साल के अंत तक लगभग शून्य हो गईं थीं। हालांकि, बाद में इनमें वृद्धि देखी गई है। यह शायद लाल सागर में ड्रोन हमलों का परिणाम है। इसलिए, हमने कार्रवाई की है। पर्याप्त संख्या में अपने जहाजों की तैनाती की है। हम किसी को भी समुद्री डकैती की अनुमति नहीं देंगे। इसके लिए हम उचित कदम उठा रहे हैं। एडमिरल हरि कुमार ने बताया कि भारतीय नौसेना अपने जल क्षेत्र को सुरक्षित करने के लिए क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रही है।

**भारतीय ध्वज वाले किसी भी जहाज पर नहीं हुआ हमला**

उन्होंने बताया कि भारत के झंडे वाले किसी भी व्यापारिक जहाज पर कोई हमला नहीं हुआ है। पिछली बार बड़ी संख्या भारतीय नौसेना के कर्मियों के दल को लेजा रहे जहाज पर समुद्री डाकुओं ने हमला किया था। इसका हमने तुरंत जवाब दिया और अपने सैनिकों को तैनात किया। हम इस क्षेत्र के अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कई साझेदार भी चाहते हैं कि प्रशांत क्षेत्र स्वतंत्र, खुला, समावेशी, नियम-आधारित और सुरक्षित हो। हम अपने सभी साझेदारों का सहयोग करेंगे। इनमें क्षेत्र के छोटे देश भी शामिल हैं।

## मणिपुर में फिर हुई हिंसा, उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ में एक विलेज वॉलंटियर की मौत



**इंफाल।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। गोलीबारी बुधवार रात को हुई, जब संदिग्ध उग्रवादियों ने कांगचुप इलाके में हमला किया। इसके जवाब में विलेज वॉलंटियर्स ने जवाब में गोलीबारी की। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में एक विलेज वॉलंटियर की गोली लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान टी मनोरंजन के रूप में हुई है। बुधवार रात को इंफाल में कई जगह गोलीबारी की घटनाएं हुईं। हिंसा में हो रहीं हत्याओं के खिलाफ इंफाल घाटी में गुरुवार को बड़ी संख्या में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने मांग की है कि हिंसा बंद होनी चाहिए और साथ ही उन्होंने इंटर एजेंसी यूनिफाइड कमांड के चेयरमैन को पद से हटाने की भी मांग की। बीते साल मणिपुर सरकार ने इंटर एजेंसी यूनिफाइड कमांड का प्रमुख कुलदीप सिंह को नियुक्त किया था। महिलाओं ने इंफाल के मुख्य बाजार से लेकर सीएम आवास और राजभवन तक मार्च किया। राजभवन से 300 मीटर दूर महिला प्रदर्शनकारियों को रोक दिया गया।

## ईरान-पाकिस्तान को संयम बरतने की चीन की नसीहत, कहा- दूसरे देशों की संप्रभुता का करें सम्मान

**बीजिंग।** चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि



बीजिंग का मानना है कि दोनों देशों को संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए।

पाकिस्तान और ईरान के बीच गतिरोध जारी है। बढ़ते तनाव के बीच चीन ने दोनों देशों से संयम बरतने के लिए कहा है। चीन ने आह्वान किया कि वे तनाव को बढ़ाने वाली कार्रवाइयों पर लगाम लगाएं। दरअसल, मंगलवार को ईरान ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर उग्रवादी ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद, पाकिस्तान ने ईरान में पदस्थ अपने राजदूत को वापस बुला लिया और ईरान के राजदूत को वापस तेहरान भेज दिया।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीजिंग का मानना है कि दोनों देशों को संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। हर देश को दूसरे देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का ईमानदारी से सम्मान करना चाहिए। ईरान और पाकिस्तान पड़ोसी और इस्लामिक राष्ट्र हैं। इसलिए दोनों को संयम बरतना चाहिए। हम दोनों देशों से तनाव बढ़ाने वाली कार्रवाइयों से बचने का आह्वान करते हैं।

इससे पहले, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि यह ईरान और पाकिस्तान के बीच का मामला है। जहां तक भारत का सवाल है, हम आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति पर चल रहे हैं। हम आत्मरक्षा में दूसरे देशों की ओर से उठाए जाने वाले ऐसे कदमों समझ सकते हैं।

ईरान ने मंगलवार को बलूचिस्तान के पंजगुर शहर पर मिसाइलें दागी थी। पाकिस्तान का दावा है कि इस हमले में दो बच्चों की मौत हुई है जबकि 3 लोग घायल हैं। बौखलाए पाकिस्तान ने ईरान के राजदूत को देश से निकाल दिया जबकि तेहरान में मौजूद अपने राजदूत को वापस बुला लिया है।

## न्यू हैंपशायर में ट्रंप बनाम निक्की हेली के बीच होगा मुकाबला

**वॉशिंगटन।** आयोवा कॉकस के मतदान में जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक उत्साहित हैं। अब उनकी निगाहें न्यू हैंपशायर में होने वाले कॉकस चुनाव पर लगी हैं। अब खबर आ रही है कि न्यू हैंपशायर में डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच ही टक्कर हो सकती है क्योंकि रोन देसांतिस न्यू हैंपशायर कॉकस के चुनाव से नाम वापस लेने पर विचार कर रहे हैं। रोन देसांतिस दरअसल साउथ कैरोलिना कॉकस के लिए होने वाले चुनाव पर ही फोकस करना चाहते हैं।

न्यू हैंपशायर में 23 जनवरी को मतदान होना है। एक ताजा पोल में दावा किया जा रहा है कि न्यू हैंपशायर में डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है क्योंकि पोल के अनुसार, दोनों को राज्य में 40-40 फीसदी वोट मिल सकते हैं।

# स्विट्ज़रलैंड रेलवे के साथ मिलकर काम करेगा भारतीय रेलवे

**दावोस।** दावोस में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक से इतर अश्विनी वैष्णव ने एक इंटरव्यू में बताया कि स्विट्जरलैंड रेलवे की कई चीजें ऐसी हैं, जिनसे हम सीख सकते हैं।

भारतीय रेलवे, स्विट्जरलैंड रेलवे भविष्य में साथ मिलकर काम कर सकते हैं। दरअसल भारतीय रेलवे, स्विट्जरलैंड के रेलवे के साथ एमओयू करने की योजना पर काम कर रहा है। भारतीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दावोस में वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक से इतर अश्विनी वैष्णव ने एक इंटरव्यू में बताया कि स्विट्जरलैंड रेलवे की कई चीजें ऐसी हैं, जिनसे हम सीख सकते हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि मेरी स्विस रेलवे के अधिकारियों और नीति निर्माताओं के साथ बैठक हुई। साथ ही मैं उनके केंट्रोल सेंटर भी गया। उन्हें सुरंग बनाने की तकनीक का अच्छा अनुभव है। दुनिया की सबसे लंबी रेल सुरंग भी स्विट्जरलैंड में ही है। साथ ही वहां ट्रैक तकनीक, ट्रैक की बनावट भी बहुत अच्छी है। सबसे अच्छी बात मैंने वहां ये देखी कि उनका पूरा नेटवर्क हब और स्पोक डिजाइन पर आधारित है।

**प्रवासन**

**भारतीय रेलवे, स्विट्ज़रलैंड रेलवे भविष्य में साथ मिलकर काम कर सकते हैं। दरअसल भारतीय रेलवे, स्विट्ज़रलैंड के रेलवे के साथ एमओयू करने की योजना पर काम कर रहा है।**

रेल मंत्री ने स्विट्जरलैंड रेलवे की हब और स्पोक ने नेटवर्क की तारीफ की। उन्होंने बताया कि राजधानी ज्यूरिख में स्विस रेलवे का हब है, तो वहां एक ही समय पर कई ट्रेनें आती हैं और कई ट्रेनें एक ही समय पर



रवाना होती हैं। इससे फायदा ये होता है कि अगर किसी को ट्रेन बदलनी है तो वह आराम से हब स्टेशन से दूसरी ट्रेन बदल सकता है। स्विट्जरलैंड में ऐसे ही छह हब स्टेशन हैं, जिन्हें कई स्पोक नेटवर्क से कनेक्ट किया गया है।

भारत में जो रेलवे का स्ट्रक्चर है, उसमें रेल यात्रा की शुरुआत से लेकर गंतव्य स्टेशन तक ट्रेनें संचालित होती हैं। जबकि स्विट्जरलैंड में हब स्टेशन से किसी भी गंतव्य के लिए ट्रेन बदली जा सकती है। रेल मंत्री ने ये भी बताया कि स्विट्जरलैंड में ट्रेनों, बसों और मेट्रो आदि की इंटर कनेक्टिविटी बहुत बेहतर है, जिसकी वजह से लोग किसी भी माध्यम का इस्तेमाल कर यात्रा कर सकते हैं। स्विट्जरलैंड से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं। यही वजह है कि हम स्विस रेलवे के साथ मिलकर एमओयू करने पर विचार कर रहे हैं ताकि भारत में भी रेलवे में सुधार किए जा सकें।

## भारतवंशी परिवहन मंत्री एस ईश्वरन पर भ्रष्टाचार के 27 आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार में भारतीय मूल के मंत्री पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। 27 आरोपों का सामना कर रहे ईश्वरन ने अदालत में पेशी के दौरान खुद को निर्दोष बताया। इनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत भ्रष्टाचार के दो आरोप लगे हैं। इसके अलावा न्याय में बाधा डालने का एक और लोक सेवक के रूप में अनुचित लाभ पाने के 24 आरोप लगे हैं। बता दें कि संसद में एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री चान चुन सिंग ने नौ जनवरी को बताया था कि सीपीआईबी ईश्वरन के खिलाफ लगे आरोपों की जांच पूरी कर चुकी है।

ईश्वरन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। गुरुवार को सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी से इस्तीफा देने वाले ईश्वरन से जुड़ी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 61 वर्षीय राजनेता संसद की सदस्यता भी छोड़ेंगे।

# भारतवंशी रामास्वामी को समर्थकों ने माना उपराष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव 2024 के लिए रेस शुरू हो चुकी है। रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से भारतवंशी विवेक रामास्वामी भी ताल ठोक रहे थे। हालांकि, आयोवा कॉकस चुनाव में पिछड़ने के बाद उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को समर्थन दिया। खास बात ये कि ट्रंप के सामने रामास्वामी के समर्थकों ने उन्हें अमेरिका का भावी उपराष्ट्रपति करार दिया। इस पर कद्दावर रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने जवाब भी दिया। इससे पहले आयोवा कॉकस के परिणाम आने के बाद ट्रंप ने कहा था कि भारतवंशी नेता रामास्वामी लंबे समय तक उनके साथ काम करेंगे। इसे भी बड़े फैसले का संकेत माना गया।

**सलाहकार**

**न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में ट्रंप के सलाहकार जेसन मिलर ने कहा, रामास्वामी को पूर्व राष्ट्रपति का संभावित साथी मानना जल्दबाजी होगी।**



दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि रामास्वामी के समर्थक उनके समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। ट्रंप की मौजूदगी में हुई नारेबाजी में रामास्वामी के समर्थक वीपी-वीपी (उपराष्ट्रपति) कहते सुने जा सकते हैं। इस पर पूर्व राष्ट्रपति ने जवाब दिया। 38 साल के भारतवंशी-अमेरिकी रामास्वामी ने अपने समर्थकों के साथ-साथ आयोवा की जनता से ट्रंप का साथ देने की अपील भी की। उन्होंने ट्रंप को अमेरिकी देशभक्त बताया और कहा कि 2024 के चुनाव में उनका राष्ट्रपति बनना बेहद जरूरी है।

रामास्वामी को सच्चा दोस्त और नेता बताते हुए ट्रंप ने समर्थकों के नारे के बाद कहा, बहुत अच्छा, है ना? वह एक शानदार लड़का है। इनमें कुछ ऐसा है जो बेहद खास है। वह हमारे साथ काम करने जा रहा है। इतना कहने के साथ ट्रंप ने यह भी कहा कि रामास्वामी लंबे समय तक उनके साथ काम करेंगे। यह भी दिलचस्प है कि रामास्वामी के समर्थकों से इतर अमेरिकी सियासत के जानकार उनके उपराष्ट्रपति बनने की संभावनाओं को प्रबल नहीं मानते।

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट में ट्रंप के सलाहकार जेसन मिलर ने कहा, रामास्वामी को पूर्व राष्ट्रपति का संभावित साथी मानना जल्दबाजी होगी। इसकी संभावनाएं बहुत कम है। मतदाता उन्हें खारि कर सकते हैं। यह कहना सुरक्षित है कि विवेक रामास्वामी उपराष्ट्रपति नहीं होंगे।

विवेक और ट्रंप के रिश्तों का एक पहलू यह भी है कि कुछ दिनों पहले चुनावी अभियान के दौरान ही उन्होंने रामास्वामी के अभियान को अमेरिका के साथ धोखा करार दिया था। इसकी पृष्ठभूमि में विवेक के अभियान के दौरान पहनी गई टीशर्ट को माना गया, जिस पर लिखा था, ट्रंप को बचाएं, विवेक को वोट दें। विवेक पर तीखा हमला करते हुए ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा था, बहुत चालाक, लेकिन विवेक को वोट देना दूसरे पक्ष को समर्थन जैसा है।

# भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू की विदाई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू रिटायर हो गए। उनकी विदाई के मौके पर पूर्व राजनयिकों और बड़े अधिकारियों ने 35 साल के करियर को याद किया। भारत-अमेरिका संबंध को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में संधू के उल्लेखनीय योगदान की सराहना भी की गई।

अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू सेवानिवृत्त हो चुके हैं। राजनयिक के रूप में 35 साल का शानदार करियर पूरा करने पर अमेरिकी व्यापार जगत से जुड़ी हस्तियों ने इनकी विदाई के लिए समारोह का आयोजन किया। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले संधू के सम्मान में यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) ने रिसेप्शन रखा। इसमें व्हाइट हाउस, विदेश विभाग के शीर्ष अधिकारियों के अलावा कॉरपोरेट जगत की कद्दावर हस्तियां शरीक हुईं। तीन दशक से अधिक लंबे करियर के दौरान संधू ने चार बार अमेरिका में भारतीय राजनयिक के रूप में सेवाएं दीं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका से संबंधों को नए मुकाम पर पहुंचाने में इनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। इनकी विदाई समारोह में व्हाइट हाउस में हिंद-प्रशांत के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद समन्वयक कर्ट



कैंपबेल ने कहा, चुनिंदा राजनयिकों ने भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया है, संधू का नाम भी इसमें शामिल है। सेवानिवृत्ति के बाद उनकी याद आएगी। एक शानदार दोस्त से बढ़कर संधू बेहतरीन इंसान भी हैं। पूर्व राजनयिक और यूएस इंडिया बिजनेस काउंसिल के वर्तमान अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा, संधू सपने देखने वाले व्यक्ति हैं। इन्होंने अपने राजनयिक कौशल से अमेरिका-भारत संबंधों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। इतिहास इनके योगदान को दर्ज करेगा। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे अच्छे स्तर पर हैं, और इसमें संधू का उल्लेखनीय योगदान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली राजकीय यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने हा, ये बेहद प्रभावी रहा। इससे रिश्ते की अहमियत रेखांकित हुई। संधू की टीम ने शालीनता के साथ यात्रा को सफल और यादगार बनाया।

# पीएम द्वारा प्राण प्रतिष्ठा सनातन धर्म की प्रक्रिया के खिलाफ

अवधनामा संवाददाता

**कोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शंकराचार्यों द्वारा उठाई गई आपत्तियों का हवाला देते हुए इसे सनातन परंपरा के खिलाफ बताया गया है।

याचिका में कहा गया है कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव का लाभ उठाने के लिए यह कर रही है। याचिका पर तुरंत सुनवाई की मांग की गई है। गाजियाबाद के भोला दास की ओर से दाखिल याचिका में कहा गया है कि अयोध्या में 22 जनवरी को धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है।

वहां पर निर्माणाधीन मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह प्राण प्रतिष्ठा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की जाएगी और इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हो रहे हैं, जो कि गलत है। याची ने अपनी जनहित याचिका में इसके लिए कई आधार बताए हैं।

याची की ओर से कहा गया है कि यह प्राणप्रतिष्ठा गलत है, क्योंकि सनातन धर्म के अगुवा शंकराचार्यों की ओर से इस पर आपत्ति उठाई गई है। दूसरा, पूस महीने में कोई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाते हैं। 25 जनवरी को पूर्णिमा है।

पूर्णिमा तक कोई धार्मिक आयोजन नहीं होते हैं। तीसरा, मंदिर अभी निर्माणाधीन है। अपूर्ण मंदिर में किसी भी देवी-देवता की प्राण-प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है। देवी-देवताओं की प्राण-प्रतिष्ठा पूर्ण मंदिर में होती है। इसके अलावा पीएम और सीएम योगी का इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना संविधान के खिलाफ है क्योंकि देश का संविधान भाईचारे को बढ़ावा देने वाला है। पीएम और सीएम के ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने से देश के भाईचारे की भावना को झटका लगेगा, जो कि सही नहीं है। याची अधिवक्ता अनिल कुमार बिंद ने बताया कि पीएम मोदी के कार्यक्रम पर रोक लगाने वाली जनहित याचिका मंगलवार को दाखिल हो गई है। कोशिश की जाएगी कि उस पर हाईकोर्ट जल्दी सुनवाई कर याचिका स्वीकार कर ले।

उधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव की ओर से जारी उस शासनादेश को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है, जिसमें 22 जनवरी को प्रदेश के सभी मंदिरों में भजन-कीर्तन करने, रामचरित मानस का पाठ करने, सभी शहरों में रथ/कलश यात्रा निकालने का शासनादेश जारी किया गया है। हाईकोर्ट इस मामले की सुनवाई सूचीबद्ध होने पर ही करेगा।

यह जनहित याचिका ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन (एआईएलयू), उत्तर प्रदेश के राज्य अध्यक्ष अधिवक्ता नरोत्तम शुक्ल की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में कुल चार लोगों को पक्षकार बनाया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष याचिका पर अविलंब सुनवाई के लिए प्रार्थना की गई। लेकिन कार्यवाहक मुख्य न्यायमूर्ति की कोर्ट ने इसे अर्जेंट (अति आवश्यक) नहीं मानते हुए सुनवाई से इन्कार कर दिया।

याचिका में मुख्य सचिव के शासनादेश को भारतीय संविधान के धर्म निरपेक्ष चरित्र व अनुच्छेद 25, 26 और 27 के खिलाफ माना है। कहा है कि इसके अनुसार राज्य को किसी भी धार्मिक गतिविधि, आयोजन से निरपेक्ष रहने की अपेक्षा संविधान में की गई है। उत्तर प्रदेश मुख्य सचिव ने इस संबंध में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को शासनादेश जारी किया है। जारी शासनादेश में यूपी के सभी जिलाधिकारियों को 22 जनवरी को भजन- कीर्तन, रामायण, रामचरित मानस पाठ, रथ और कलश यात्रा निकालने को कहा गया है।

इसके लिए गांव, ब्लॉक, जिला और शहरों में आंगनबाड़ी, आशा बहुओं, एएनएम आदि कर्मचारियों का सहयोग लेने, कथावाचकों, कीर्तन मंडलियों को जिला सांस्कृतिक कौंसिल द्वारा भुगतान करने (इस हेतु राजकोष से अलग से 590 लाख रुपये जारी किए गए) को कहा गया है। शासनादेश में यह सब अयोध्या में भगवान रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में ऐसा करने को कहा गया है।

## मां वैष्णो पाटरी उद्योग का सांसद निरहुआ ने किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ।** शहर से सटे भवरनाथ के निकट छोटी हरैया में मां वैष्णो पॉटरी उद्योग का शुभारंभ हुआ है। जहा मिट्टी से निर्मित आधुनिक बरतनों का उत्पादन किया जा रहा है। गुरुवार को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया है। सांसद का कहना था की युवाओं के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार सुनहरा अवसर प्रदान कर रही है। युवा जो भी रोजगार चाहते है वह शुरू करे सरकार सब्सिडी देकर उनका सहयोग करेगी। विकसित भारत भारत बनाने का यह सबसे बड़ा मंत्र होगा। इससे देश भी आगे बढ़ेगा। इनका कहना था की आप सभी लोग मिट्टी के बरतनों का इस्तेमाल करे ताकि आप निरोग रहेंगे। वही उद्घाटन सत्र में पहुंची सांसद संगीता आजाद ने मां वैष्णो पाटरी उद्योग का अवलोकन करते हुए संस्थान के ऑनर रोहित कुमार उपाध्याय और रोशन उपाध्याय को शुभकामनाएं देते हुए कहा की निजामाबाद के इस प्रोडक्ट को वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत लिया था। जो अब हमारे शहर के बिल्कुल नजदीक है।

## माघ मेला पुलिस को आपदा से निपटने को सिखाए गुर



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** रिजर्व पुलिस लाइन्स माघ मेला के मान सरोवर सभागार में आयोजित पुलिस प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण के प्रथम कालांश में क्षेत्राधिकारी जल पुलिस दिनेश कुमार यादव के द्वारा किसी भी प्राकृतिक या मानव जनित आपदा से निपटने एवं बाढ़ आने के कारण, बाढ़ का प्रभाव, बाढ़ से बचाव तथा जल में डूबने पर व आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा एवं बचाव के अत्यन्त रोचक और प्रभावी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के क्रम में द्वितीय कालांश में यातायात निरीक्षक अवधेश सिंह के द्वारा माघ मेला क्षेत्र के पांटून पुलों पर आवागमन योजना, महत्वपूर्ण स्थानों, चौराहों, मार्गों व पार्किंग की आपातकालीन यातायात की योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम कालांश मे अग्निशमन द्वितीय अधिकारी अशोक सिंह के द्वारा अग्निशमन योजना के संबंध में पुलिस की कार्य योजना व बचाव एवं आपातकाल में अग्नि से सुरक्षा के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उच्चाधिकारियों के द्वारा सभी प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

## कमिश्नर ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर जीएमडीआईसी का रोका वेतन

**मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत गुरूवार को संगम सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी सम्बंधित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शी ढंग से शत-प्रतिशत क्रियान्वित करने एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा है कि कार्यों में लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं है। उन्होंने निर्माण कार्यों का नियमित अंतराल पर टीम के द्वारा निरीक्षण कराये जाने का भी निर्देश दिया है। आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का सयमसीमा के अंदर गुणवत्ता के साथ निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि निस्तारण करने वाले अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से निस्तारण के बारे में अवश्य बात करें। उन्होंने अधिक संख्या में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने उद्योग विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए बैठक में अनुपस्थित रहने एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में धीमी प्रगति पाये जाने पर उपायुक्त उद्योग पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका वेतन रोके जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ प्रगति ठीक न पाये जाने पर उनके विरूद्ध विभागीय पत्राचार करने के लिए भी कहा है। एनआरएलएम के कार्यों की समीक्षा करते हुए बीसी सखी व अन्य कार्यों में प्रगति संतोषजनक न पाये जाने पर मण्डलायुक्त ने डीसी एनआरएल के विरूद्ध चेतावनी जारी करने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एडीएम सिटी मदन कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कमिश्नर की बैठक

**प्रयागराज।** विकास कार्यों की बैठक के उपरांत मण्डलायुक्त ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन सम्बंधी बैठक करते हुए उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से उनके सुझाव लेते हुए उस सम्बंध में सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को और व्यापक स्तर पर चलाये जाने तथा मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय सहित सभी ईआरओ तथा राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## श्री राम विराजमान हो रहें भारत के लिए यह गौरव का क्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** हर गांव अयोध्या हर मन्दिर अयोध्या धाम के तहत दियावॉ महादेव मन्दिर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिहं ने मन्दिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित सभी लोगो का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम पावन धाम में विराजमान होंगे। पूरे भारत के लिए यह गौरव का क्षण होगा। उन्होंने कहा कि इस दिन के लिए अनेक लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी, हम सभी भाग्यशाली है कि अपनी आंखो से देखने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत गांव के मन्दिरों पर सफाई की जा रही है और सन्देश दिया जा रहा है कि पूरा भारत स्वच्छ हो जाए। भगवान श्री राम सभी पर अपनी कृपा बरसाते रहे। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदो को कम्बल वितरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, रामविलास पाल, ब्लॉक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, सुशील मिश्रा, मेहीलाल गौतम, उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं कुणाल गौरव, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, खण्ड विकास अधिकारी मड़ियाहूं सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बिना अनुमति मुख्यालय ने छोड़ें अधिकारी: डीएम

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में गुरूवार को संगम सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़ने के लिए कहा है।

बैठक में जिलाधिकारी ने बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित बाल विकास परियोजनाओं, पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग, आंगनबाड़ी केन्द्रों के विद्युतीकरण, सीडीपीओ कार्यालय कोरांव के निर्माण कार्य की प्रगति, टीएचआर का वितरण, हॉटकुक्ड मील, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की ट्रेनिंग, एनआरसी एडमिशन एवं बेड की उपलब्धता, ईसीसीई किट, नए आंगनबाड़ी केन्द्रों का प्रस्ताव भेजे जाने आदि बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ व सुपरवाईजरों की विशेष प्रशिक्षण कराये जाने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां टीएचआर के वितरण में कोई समस्या आ रही हो, उसका निराकरण कराते हुए वितरण करायें। बैठक में जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण ट्रैकर एप पर फीडिंग करने के लिए प्रशिक्षित किए जाने एवं उनके द्वारा फीडिंग की सुपरवाइजर के माध्यम से क्रास चेकिंग कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि यदि फीडिंग में कहीं अंतर पाया जाये, तो सम्बंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आशु पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, परियोजना निदेशक अशोक कुमार मौर्या, जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह, डीपीआरओ, बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### स्ट्रीट ब्यूटी फिटनेस प्रतिष्ठान का शुभारंभ

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में स्ट्रीट ब्यूटी फिटनेस प्रतिष्ठान का शुभारंभ सिविल लाइंस प्रमुख बाजार में नवनिर्मित प्रतिष्ठान का शुभारंभ मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर किन्नर अखाड़ा कल्याणी नंद गिरी छोटी मां एवं विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लालू मित्तल के द्वारा फीता काटकर किया गया।

## बांग्लादेश से प्रेमी से मिलने आई मुंगरा बादशाहपुर प्रेमिका

अवधनामा संवाददाता

**प्रेमी घर से नदारद प्रेमी का रुकी प्रेमी के घर-**

**फेसबुक के माध्यम से दोनों की हुई थी दोस्ती**

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** थाना क्षेत्र के गरियावां बाजार निवासी एक युवक और बांग्लादेश निवासी एक युवती से फेसबुक पर दोस्ती हुई। दोस्ती इतनी परवान चढ़ी कि दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई। कुछ ही दिन के बाद प्रेमी और प्रेमिका से बातचीत बंद हो गई। ऐसे में प्रेमी को खोजते हुए प्रेमिका मुंगरा बादशाहपुर के गरियांव गांव पहुंच गई। वीजा और पासपोर्ट के साथ पहुंची युवती प्रेमी के ही घर में रुकी है। प्रेमी घर पर नहीं मिला। पुलिस और एलआईयूमामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार गरियांव निवासी एक युवक रोजी-रोटी के सिलसिले में दुबई कमाने गया था। वहां काम करने के दौरान ही सोशल मीडिया फेसबुक के माध्यम से बांग्लादेश निवासी एक युवती ने दोस्ती हुई। दोस्ती कुछ ही दिन के बाद प्रेम में बदल गई। बाद में युवती भी दुबई गई। दोनों मिले भी। अप तब वापस बांग्लादेश आयी तो प्रेमी ने बातचीत करनी बंद कर दी थी। प्रेमिका ने दुबई में भी पता किया लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। ऐसे में अप सीधा जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर स्थित गांव गरियांव आ गई। जहां पर वह प्रेमी के घर में ही रुकी है। वही ग्रामीणों का कहना है कि अप 12 जनवरी को आई। उसका कहना है कि जब तक प्रेमी नहीं आएगा वह कहीं नहीं जाएगी। और वही उसी के घर में रख कर उसका इंतजार करेगी। इस बाबत पर थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बताया कि जानकारी संज्ञान में है मामले की जांच चल रही है।

## जन्मदिन पर गरीबों निर्धनों असहायों को कंबल वितरित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आरके आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल काशीपुर सुराई के चेयरमैन डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव के जन्मदिन पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई साथ ही संस्था के शिक्षक गण एवं छात्र छात्राओं की तरफसे विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की ईश्वर से कामना किया एवं शुभकामनाएं दी स चेयरमैन महोदय ने इस अवसर पर निर्धन एवं गरीब लोगों को भयंकर कड़ाके की ठंड से निजात दिलाने के लिए कंबल और ऊनी वस्त्र वितरित किया।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने अमिहित दुर्गा मंदिर परिसर में की साफ-सफाई

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होने से पहले जनपद के केराकत विधानसभा में भाजपा संयोजक, मंडल व मोर्चा अध्यक्षों ने झाड़ू लेकर आस पास के मंदिरों में साफ सफाई अभियान चलवाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर मंडल स्तर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया गया था । जिला उपाध्यक्ष मछलीशहर भाजपा श्रीप्रकाश पाण्डेय ने केराकत के अमिहित में प्राचीन दुर्गा मंदिर के इर्द गिर्द और परिसर की साफ सफाई की। इस दौरान उन्होंने मिडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह अभूतपूर्व उत्सव है, अक्षत वितरण द्वारा सबको श्री राम उत्सव में शामिल होने का न्योता दें दिया है हम सबने। माननीय मुख्यमंत्री जी के मंसानुसार पूरे प्रदेश में उत्सव मने इसके लिए यह साफ सफाई हो रहीं। श्री प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सोमवार 22 जनवरी के लिए हर गांव और हर घर कि तैयारियां उसी अनुरूप हो रहीं । हमारा यह प्रयास है कि केराकत मंडल में श्रीराम उत्सव पर हर घर, देव मंदिर पर दीपोत्सव मने इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष केराकत संजय सिंह, मंडल संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ पंकज कुमार मिश्रा समेत भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें और मंदिर परिसर की साफ सफाई की। उधर पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने भी ऋषि यमदग्नी के पैतृक गांव जमैथा के आश्रम एवं मंदिर के इर्द गिर्द झाड़ू लगाया। उनके केराकत मिडिया प्रभारी गौतम मिश्र गोलू ने बताया कि इस दौरान जनपद में सभी भवनों और देवालयों की साज-सज्जा के लिए लोगो से आग्रह किया गया है ताकि प्राण-प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को और भव्य स्वरूप दिया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहगंज में चल रही फिल्म की शुटिंग मुख्य भूमिका में दिखेंगे अवनीश तिवारी



**जौनपुर (खुटहन)** शाहगंज तहसील क्षेत्र में चल रही है फिल्म की शुटिंग जिसमें मुख्य किरदार में नजर आयेंगे गजल गायक व कलाकार अवनीश तिवारी फिल्म दो चुटकी सिंदूर के निर्माता मेडले इंटरटेनमेंट महेश पिलानिया जी निदेशक अरुण तिवारी हैं फिल्म के मुख्य कलाकार अवनीश तिवारी प्रशांत गुप्ता संजय वर्मा विमल पांडे ललित उपाध्याय डमरू इत्यादि हैं फिल्म के एसोसिएट डायरेक्टर सुनील पाण्डेय चंद्रिका मिश्रा प्रोडक्शन शेखर यादव सुबास हैं दो चुटकी सिंदूर एक पारिवारिक फिल्म है।

### अभियोजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न



**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में अभियोजन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में लंबित मकदमो, राजस्व, पॉक्सो सहित एससी एसटी आदि से संबंधित वादों की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा गत माह में दायर मामलों, निस्तारित मामले, न्यायालयों में निर्णित व विचाराधीन मुकदमों, पॉक्सो से सम्बन्धित मुकदमों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि जिन भी अधिवक्ताओं द्वारा गत तीन माह में एक भी मामले निस्तारित नही कराए गये है इसकी रिपोर्ट शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में विधि पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ ही सभी लंबित वादों के शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, एसपी सिटी बृजेश कुमार, उपजिलाधिकारीगण सहित समस्त विधि पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने वितरित किये कम्बल

प्रयागराज। शीत लहर और देर रात लखनऊ में कड़ाके की ठंडक को देखते हुए संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की प्रदेश उपाध्यक्षा अर्चना सिंह के सौजन्य से 50 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किया गया। प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय द्वारा कहा गया संघ का उद्देश्य है कि कर्मचारी हित के साथ समाज में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा कर्मचारियों के माध्यम से दी जा सके।

## नेक्स्ट परीक्षा को लेकर कालेज परिसर में विरोध प्रदर्शन




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शिवालिक आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज के बीएएमएस के छात्रों ने गुरूवार को नेक्स्ट परीक्षा को लेकर कालेज परिसर में छब्बैड के नए गजट के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि जिस प्रकार एमबीबीएस के छात्रों के लिए यह नियम वापस किया गया है उसी प्रकार हमारे भी सुनवाई हो। इस मौके पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्रों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि गैजेट नोटिफिकेशन आयुष छात्र को साढ़े पांच साल पढ़ने के बाद के फिर एक एग्जिट एग्जाम देना होगा। यह प्रोसीजर एमबीबीएस के लिए भी लाया था पर उनके आंदोलन के बाद हटा लिया गया। इससे बच्चों का भविष्य अंधकार में होगा। कोरोना में सब की पढ़ाई पर गहरा असर पड़ा है फिर यह नया रोल स्टूडेंट को मेंटली टॉर्चर कर रहा है। इन सब मुद्दों को लेकर ऐसे आयुष मिस्त्री के खिलाफ धरना दिया गया। इस अवसर पर मो आबिद अखूतर, प्रियांशु सिंह, विक्रांत, ज़ीशन अली, सलमान, विनोद, बिकल्प सोनकर, अखिलेश यादव सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल रही।

## 25 वर्षीय विवाहिता का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव में बुधवार की शाम लगभग 5 बजे एक 25 वर्षीय विवाहिता का छत में लगे चूले के सहारे फांसी पर लटका हुआ शव बरामद किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।

बताया जाता है कि गंभीरपुर थाना क्षेत्र के खराटी गांव निवासी राकू गौड़ की पत्नी शकुंतला उम्र 25 वर्ष बुधवार की शाम को अपने पति से बाजार जाने के लिए कही और पति ने ठण्ड में बाजार लिवा जाने से मना कर दिया और कहा कि जो तुम्हें चाहिए वह लेता आऊगा। पत्नी द्वारा बर्गर और चाउमिन लाने की बात कही गयी। पति बाजार से शाम लगभग 4.30 बजे बर्गर और चाऊमिन लेकर घर आया और पत्नी को देकर 800 मीटर दूर अपने दूसरे घर चला गया, जहां पर माता पिता व अन्य परिवार के लोग रहते थे।

वहां से अपने डेढ़ वर्ष के बच्चे को लेकर जब वापस आया तो अंदर से दरवाजा बंद देख वह चिल्लाने लगा और आसपास के लोगों को बुलाया। लोग दरवाजा तोड़कर अंदर गये तो शकुन्तला को फांसी पर लटका पाया, आनन-फानन में एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने सास, ससुर, जेठान व पति को पूछताछ के लिए थाने पर ले गई। दूसरे दिन बृहस्पतिवार को सैकड़ों की संख्या में मायके व ससुराल के पक्ष के लोग पहुंचे। मृतका के पिता प्रेम बहादुर व बहन लक्ष्मीना ने गंभीरपुर थाने में बयान दिया कि वह गंभीरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर के निवासी है। शकुंतला की शादी लगभग 3 वर्ष पूर्व हुई थी उसका एक लगभग डेढ़ वर्ष का लड़का है, वह परिवार के साथ खुश थी किसी भी प्रकार का कोई विवाद नहीं था बुधवार को अज्ञात कारण से उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया है। हम लोग कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

### तेरही में दलिय सीमा टूटी



**लालगंज,आजमगढ़।** तहसील अंतर्गत ग्राम खरैला वह प्रदेश प्रदेश ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष एमएसडी कॉलेज आफ गुप के चेयर मैन डॉ संतोष कुमार मिश्रा राजा साहब के माता श्रीमती सुमित्रा देवी के स्वर्गवास के अवसर पर आयोजित तेरही कार्यक्रम में दलीय सीमा तोड़कर सभी दलों के लोगों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित किया स अन्य जनपद के लोग लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया बसपा भाजपा सपा एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं अधिकारियों ने शुभचिंतक ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया स डॉक्टर संतोष कुमार मिश्रा पिछले विधानसभा चुनाव में जौनपुर जनपद में बसपा से चुनाव लड़ा था ।

# लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर बंद हुआ बाजार

# सेंसेक्स 314 अंक टूटा, निफ्टी 21450 के नीचे

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 313.90 (0.43%) अंकों की गिरावट के साथ 71,186.86 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी 21450 के लेवल से फिसलकर 109.71 (0.51%) अंकों की गिरावट के साथ 21,462.25 के लेवल पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन लाल निशान पर क्लोजिंग हुई। वीकली एक्सपायरी के दिन भी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 313.90 (0.43%) अंकों की गिरावट के साथ 71,186.86 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 21450 के लेवल से फिसलकर 109.71 (0.51%) अंकों की गिरावट के साथ 21,462.25 के लेवल पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार के दोनों बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी लगातार तीन सेशन में गिरावट के बाद लगभग तीन प्रतिशत तक कमजोर हो गए। अमेरिकी बॉन्ड यील्ड बढ़ने के कारण गुरुवार को घरेलू बाजार में बिकवाली



का दबाव बना रहा। अमेरिका में हाल के मजबूत आर्थिक आंकड़ों से बाजार में कमजोरी आई। इन आंकड़ों से दरों में कटौती से जुड़ी संभावित देरी की आशंका बढ़ गई है। शेयर बाजार पर इंडेक्स हैवीवेट एचडीएफसी के शेयरों में गिरावट के कारण भी दबाव बना। गुरुवार को देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र बैंक के शेयर तीन प्रतिशत की गिरावट आई और यह निफ्टी और सेंसेक्स का टॉप लूजर रहा।

दिसंबर तिमाही में एचडीएफसी बैंक के आंकड़े उम्मीद से कमतर रहे जिसके बाद निवेशकों में कंपनी के शेयरों के प्रति मंदी की भावना आई। अपेक्षा के विपरीत आए नतीजों ने इस बात की भी आशंका बढ़ा दी है कि दूसरे बैंकों की आमदनी पर भी दबाव बढ़ सकता है। शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि बाजार के लगातार ऑल टाइम हाई पर रहने के कारण निवेशक मुनाफावसूली का मौका खोज रहे थे और तीसरी तिमाही के आंकड़ों ने उन्हें यह मौका दे दिया।

एचडीएफसी बैंक में गिरावट के कारण निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज में 1% की गिरावट आई। कमजोर नतीजों के बाद एलटीआई माइंडट्री के शेयरों में 10.7% की बड़ी गिरावट आई जिससे, निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.6% तक फिसल गया।

एकल शेयरों में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएचपीसी के शेयर 3.15% टूट गए। कंपनी के शेयरों में यह गिरावट सरकार की ओर से सार्वजनिक उपक्रम में ऑफर फोर सेल के जरिए 3.5% हिस्सेदारी बेचने की खबर के बाद आई है। आरती इंडस्ट्रीज के शेयर 5.1% की बढ़त के साथ बंद हुए। कंपनी ने एक अंतरराष्ट्रीय कंपनी के साथ विशेष प्रकार के रसायनों की सप्लाई के लिए 6000 करोड़ रुपये के लॉन्ग टर्म कॉन्ट्रेक्ट का एलान किया है।

# फ्लिपकार्ट ने टॉप सेलर्स को किया सम्मानित

**लखनऊ।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट ने नई दिल्ली स्थित सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में आयोजित फ्लिपस्टार्स 2023 के दौरान अपने सेलर्स को सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा, फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार और श्रीमती लारा दत्ता एवं अमित त्रिवेदी जैसे कलाकार भी उपस्थित रहे। पुरस्कार समारोह का संचालन अभिनेता अपारशक्ति खुराना ने किया। फ्लिपकार्ट अवार्ड्स एक वार्षिक आयोजन है जिसमें फ्लिपकार्ट से जुड़े सेलर्स की उपलब्धियों को सामने रखा जाता है और उनकी सफलता का जश्न मनाया जाता है। ये पुरस्कार अपने ग्राहकों की मांग को पूरा करने की दिशा में सेलर्स के प्रयासों को समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इससे उनके कारोबार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। देशभर से 750 से ज्यादा सेलर्स ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने कार्यक्रम की मेजबानी की। यह आयोजन फ्लिपकार्ट के प्लेटफॉर्म पर उल्लेखनीय सफलता पाने वालों की



उपलब्धि का जश्न है। फ्लिपकार्ट के हेड ऑफ मार्केट प्लेस राकेश कृष्णन ने कहा भारत के घरेलू मार्केटप्लेस के तौर पर हम अपने स्थानीय सेलर्स की जरूरतों एवं उनकी महत्वाकांक्षाओं को समझते हैं। हमारा मिशन सतत रूप से सकारात्मक बदलाव लाना और उद्यमियों को सफलता के उनके सफर में सहयोग प्रदान करना है। मैं सभी सेलर्स का हृदय से आभार जताता हूं, जो देशभर में हमारे ग्राहकों को सुगम शॉपिंग का अनुभव देने और उत्पादों की विविध रेंज डिलीवर करने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एक मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म के रूप में साथ मिलकर हमने जो उपलब्धि हासिल की है, उस पर हमें गर्व है। हम आगामी वर्षों में और भी उपलब्धियां हासिल करेंगे। पुरस्कार समारोह के दौरान भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा फ्लिपस्टार्स 2023 अवार्ड्स भारतीय ई-कॉमर्स की दुनिया में उल्लेखनीय योगदान दे रहे फ्लिपकार्ट से जुड़े सेलर्स के समर्पण एवं उनकी श्रेष्ठता को दिखाता है।

## एनजीओ ईटी के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गैर सरकारी संगठन एनवायरनिक्स ट्रस्ट (ईटी) और उसके प्रबंध निदेशक और वित्त निदेशक वनिता श्रीधर के खिलाफ एफसीआरए प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए मामला दर्ज किया है। सीबीआई जांच में पता चला है कि ईटी ने ओडिशा में चक्रवात प्रभावितों के लिए राहत पैकेज के नाम पर 15 नवंबर, 2020 को 711 लोगों के विभिन्न बैंक खातों में 1250 रुपये ट्रांसफर किए थे। लेकिन वास्तव में इसका भुगतान जेएसडब्ल्यू के खिलाफ आंदोलन के लिए ओडिशा के ढिंकिया साइट पर जुटे प्रदर्शनकारियों को किया गया था। ऐसे में यह साबित होता है कि ईटी ने आंदोलनकारियों को फंडिंग की है और देश में कानून व्यवस्था की समस्या पैदा करने वाली विभिन्न गतिविधियों में शामिल है। बंधन बैंक ने गुरुवार को बताया कि उसे राजिंदर कुमार बब्बर को बैंक के पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी मिल गई है।

# वार्नर ब्रदर्स के साथ नीरज पांडे और मनोज बाजपेयी प्रशंसकों की पसंदीदा सीक्रेट्स फेंचाइज़ की तीसरी किस्त

**मुंबई।** गौतम बुद्ध का शाश्वत ज्ञान अनगिनत पीढ़ियों तक, समय की सीमाओं को लांघते हुए, सदियों से गूंजता रहा है। अभी भी, गौतम बुद्ध के अंतिम दिनों के आसपास की प्राचीन किंवदंतियाँ और बौद्ध धर्म के केंद्र में रहे अवशेष बचे हैं। अवशेषों के आसपास के इतिहास को उजागर करते हुए, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी, सीक्रेट्स फ़ैंचाइज़ के तीसरे संस्करण - सीक्रेट्स ऑफ द बुद्धा रेलिक्स के साथ लौट आया है, जो 22 जनवरी 2024 को डिस्कवरी+ पर और 26 फरवरी 2024 को रात 9:00 बजे डिस्कवरी चैनल पर रिलीज़ होगा। नीरज पांडे फ्राइडे स्टोरीटेलर्स द्वारा निर्मित और बहुमुखी राष्ट्रीय पुरस्कार

और पद्म श्री से सम्मानित मनोज बाजपेयी द्वारा होस्ट की गई यह डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को बुद्ध के अवशेषों के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराएगी।

सीक्रेट्स ऑफ द बुद्धा रेलिक्स के बारे में बोलते हुए, अभिनेता मनोज बाजपेयी ने कहा, मैं सीक्रेट्स फेंचाइजी के लिए वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के साथ अपने चल रहे



सहयोग को जारी रखने के लिए रोमांचित हूं। नीरज पांडे के साथ काम करना हमेशा एक पुरस्कृत अनुभव होता है, जिसमें अंतर्दृष्टिपूर्ण बातें होती हैं जो डाक्यूमेंट्री को आकार देने में योगदान देती हैं। डॉक्यूमेंट्री दर्शकों को बुद्ध के समय में ले जाने का वादा करती है, जो उनके जीवन और शिक्षाओं के ऐतिहासिक काल को उजागर करती है। इसका उद्देश्य दर्शकों को उन गहन कहानियों से जोड़ना है जिन्होंने हमारी आध्यात्मिक विरासत को आकार देने में महत्वपूर्ण

भूमिका निभाई है। शो को चलाने वाले नीरज पांडे द्वारा निर्मित, डाक्यूमेंट्री गौतम बुद्ध के अंतिम दिनों के आसपास के रहस्यों और आधुनिक समय में बौद्ध धर्म के केंद्र के रूप में काम करने वाले अवशेषों को उजागर करता है। यह उन अवशेषों के पीछे की उत्पत्ति, सांस्कृतिक महत्व और रहस्यमय कहानियों का पता लगाएगा, दुनिया भर में उनके प्रसार और बौद्ध धर्म को दुनिया

का चौथा सबसे बड़ा विश्वास बनाने में उनकी भूमिका का पता लगाएगा। अवशेषों के प्रकार और उनके वर्गीकरण पर प्रकाश डालते हुए, वृत्तचित्र बौद्ध धर्म में उनकी भूमिका की व्यापक समझ प्रदान करने के लिए ऐतिहासिक और पौराणिक कथाओं को जोड़ता है।

# भारत को दो दशकों में 2840 नए विमानों व 41000 पायलट्स की होगी जरूरत

**नई दिल्ली।** हैदराबाद में अयोजित विंग्स इंडिया 2024 विमानन कॉन्क्लेव व प्रदर्शनी से इतर एक प्रेसवार्ता के दौरान एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक आर मी मैलार्ड ने कहा कि एयरबस भारत से अपना कारोबार इस दशक के अंत तक 75 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर 1.5 अरब डॉलर करेगी। भारत को अगले 20 वर्षों में 2840 नए विमानों, 41000 पायलट्स और 47000 विमानन से जुड़े तकनीकी कर्मचारियों की जरूरत होगी। फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी एयरबस ने यह अनुमान जताया है। हैदराबाद में अयोजित विंग्स इंडिया 2024 विमानन कॉन्क्लेव व प्रदर्शनी से इतर एक प्रेसवार्ता के दौरान एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक रेमी मैलार्ड ने कहा कि एयरबस भारत से अपना कारोबार इस दशक के अंत तक 75 करोड़ डॉलर से बढ़ाकर 1.5 अरब डॉलर करेगी। उन्होंने कहा कि पिछले साल एयर बस ने भारतीय विमानन कंपनियों से 750 विमानों के ऑर्डर हासिल किए और उनमें से 75 विमानों की डिलिवरी की जा चुकी है। इनमें 41 विमान इंडिगो, 19 विमान एयर इंडिया, 14 विमान विस्तारा और एक विमान गोफर्स्ट को डिलिवर किया गया है। आने वाले दशकों में भारत विमानन क्षेत्र में एक ताकत के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि अनुमानों के अनुसार अगले 20 वर्षों में भारत को अपने बढ़ते विमानन बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2840 नए विमानों की दरकार होगी। उन्होंने आगे कहा कि ए350 विमान भारत के अंतरराष्ट्रीय विमानन क्षेत्र में क्रांति का अगुआ बनेगा ऐसे छह विमान पिछले साल एयर इंडिया को दिए जा चुके हैं। मेलार्ड ने भविष्यवाणी की है कि अगले 20 वर्षों में भारत सालाना 6.2 प्रतिशत की वृद्धि के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

# शक्ति पम्पस् के ओपन-वेल पम्पस् अयोध्या में

**पीथमपुर/अयोध्या।** पंपिंग इंडस्ट्री के अग्रणी ब्रांड शक्ति पम्पस् को देश दुनिया के पवित्र शहर अयोध्या में ओपन-वेल पम्पस् लगाने का मौका मिला है। राम की पेढ़ी के प्रतिष्ठित स्थान पर लगे हुए दस ओपन-वेल पम्पस् टिकाऊ और उच्च प्रदर्शन वाले पंप अयोध्या की पानी की जरूरत पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए तैयार हैं। अपनी मजबूती और दक्षता के लिए मशहूर, शक्ति पंप्स की ओपन-वेल यूनिट्स अलग अलग परिस्थितियों में विश्वसनीय समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं। अयोध्या में इन पंपों का चुनाव महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्रों में बुनियादी ढांचे के विकास में सहायता के लिए कंपनी के समर्पण के अनुरूप है।

जबकि देश 22 जनवरी, 2024 को होने वाले राम मंदिर के भूमि पूजन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है, शक्ति पम्पस् इस ऐतिहासिक क्षण का एक अभिन्न हिस्सा होने पर गर्व महसूस करता है। शक्ति पम्पस्



इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष दिनेश पाटीदार ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अयोध्या में पानी की जरूरत के लिए शक्ति पम्पस् की स्थापना विश्वसनीय और कुशल समाधान देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। एकता और उत्सव से चिह्नित यह महत्वपूर्ण अवसर, अयोध्या के विकास में योगदान देने के हमारे समर्पण का प्रमाण है। हम इस अवसर के लिए आभार व्यक्त करते हैं और देश भर में समुदायों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता वाले पंप समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।÷

शक्ति पम्पस् इंडिया लिमिटेड इस महत्वपूर्ण समय के दौरान अयोध्या के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मानित महसूस कर रहा है। कंपनी देश भर के विभिन्न समुदायों में आवश्यक बुनियादी ढांचे में निरंतर भागीदारी और योगदान के लिए तत्पर है।

# गोदरेज इंटेरियो ने लखनऊ में अपना नया स्टोर लॉन्च किया

**लखनऊ।** गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस ने घोषणा की है कि उसके व्यवसाय गोदरेज इंटेरियो, जो घरेलू और संस्थागत फर्नीचर में अग्रणी है, ने लखनऊ में वृन्दावन योजना में अपना नया आउटलेट लॉन्च किया है। 4500 वर्ग फुट का यह अत्याधुनिक फ्लैगशिप स्टोर लखनऊ और भारत के नॉर्दर्न मार्केट (उत्तरी बाजारों) में गोदरेज इंटेरियो की रिटेल प्रेज़न्स(खुदरा उपस्थिति) को बढ़ावा देगा। यह स्टोर प्रमुख आवासीय विकसित क्षेत्र में स्थित है, जो मौजूदा निर्माण गतिविधियों और बढ़ती आबादी के लिए जानी जाती है। जनसंख्या में इस वृद्धि और चल रहे विकास के कारण गुणवत्तापूर्ण फर्नीचर की मांग बढ़ रही है। लखनऊ स्टोर में आपको विशेष रूप से तैयार किए गए गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध होंगे, जिसमें विभिन्न शैलियों, मटेरियल और कलर ऑप्शंस के साथ होम स्टोरेज, घरेलू फर्नीचर और मैट्रेसेस उपलब्ध होंगे। नए स्टोर के लॉन्च के अवसर पर, ब्रांड ने एक औपचारिक स्कीम्स पेश की है, जिसके तहत ग्राहकों को चुनिंदा

**विकास और विस्तार**

> « भारत के अग्रणी फर्नीचर ब्रांड का लक्ष्य, पर्सनलाइजेशन पर ध्यान केंद्रित करते हुए उत्तर प्रदेश और देश के नॉर्दर्न मार्केट में मजबूत विकास और विस्तार करने का है

श्रेणियों की खरीदारी पर केवल 2999 रुपये में एक रिक्लाइनर दिया जा रहा है। लखनऊ में नए स्टोर की अहमियत के बारे में उपाध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रमुख (सेल्स एंड ऑपरेशंस- बी2सी) मनोज राठी ने कहा, ÷इस एक्सिलेंस लोकेशन पर स्टोर शुरू होने से मार्केट में गोदरेज इंटेरियो की मजबूत और बढ़ती ब्रांड वैल्यू का भी लाभ मिलेगा और हमें उम्मीद है कि स्टोर का राजस्व प्रति वर्ष 2.50 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। इस नए स्टोर के उद्घाटन के



साथ, गोदरेज इंटेरियो ने उत्तरी भारत में अपने कदम मजबूती से आगे बढ़ाए हैं। यहां हमारा एक महत्वपूर्ण और मजबूत ग्राहक आधार है। ब्रांड के उत्तर प्रदेश में 55 से अधिक चैनल पार्टनर, 18 एक्सक्लूसिव शोरूम और 120 खुदरा विक्रेता हैं और कुल मिलाकर, पूरे उत्तर भारत में उनके 160 से अधिक चैनल पार्टनर हैं। अपने ग्राहकों के साथ विश्वास और वफादारी कायम करने वाले अनुभवों को अनलॉक करने की गोदरेज इंटेरियो की प्रतिबद्धता के अनुरूप, हम खुद को और अधिक सहज और उपलब्ध बना रहे हैं। हम अगले तीन वर्षों में 15 विशिष्ट शोरूम और 150 खुदरा विक्रेताओं को लॉन्च करके उत्तर प्रदेश के बाजार में अपनी खुदरा उपस्थिति का और विस्तार करने की योजना पर काम कर रहे हैं। हमें यह भी उम्मीद है कि पूरे राज्य और उत्तरी क्षेत्र के लिए राजस्व 80 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। मैक्सिमाइजिंग स्पेस इफिशन्सी के बढ़ते महत्व को देखते हुए, गोदरेज इंटेरियो ने क्रिएशन एक्स3 पेश किया है। यह नवोन्मेषी मॉड्यूलर स्टोरेज सॉल्यूशन किसी भी घर में उपलब्ध जगह में आसानी से फिट हो जाता है। इसे सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। इसके अलावा, हाल ही में लॉन्च किए गए वी रेंज के विशेष बेड्स, जो आपके बेडरूम में सहज रूप से फिट हो जाते हैं, यह सीमलेस इंटिग्रेशन का शानदान नमूना है। यह ऑफर विभिन्न प्रकार के हेडबोर्ड डिज़ाइन, बेड बेस स्टोरेज, मटेरियल और कलर ऑप्शंस के साथ चयन करने की सुविधा प्रदान करता है।

# आईएमएफ की प्रमुख ने ब्याज दरों में कटौती पर केंद्रीय बैंकों को चेताया

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने ब्याज दरों में कटौती के मसलेपर केंद्रीय बैंकों से सावधान रहने को कहा है। जॉर्जीवा ने गुरुवार को दावोस में विश्व आर्थिक मंच की सलाना बैठक के दौरान कहा कि 2024 में ब्याज दरों में गिरावट जारी रहनी चाहिए लेकिन यह ध्यान रखना भी जरूरी है कि नीतिगत गलती की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि अंतिम मील तक पहुंचना बहुत, बहुत मुश्किल है।

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2024 के दौरान एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंकों को समय से पहले सख्ती नहीं करनी चाहिए क्योंकि तब वे उस जीत को खो सकते हैं जो फिलहाल उनके हाथों में है। 2024 में सकारात्मक रुझान जारी रहने की उम्मीद करते हुए, उन्होंने कहा मुद्रास्फीति की दर औसतन नीचे जा रही है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबंध निदेशक ने हालांकि क्षेत्रीय विसंगतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा, अब हमारे पास एक बहुत ही विविध रेंज है। कुछ देशों में, काम पहले ही हो चुका है, और मुद्रास्फीति इतनी कम है कि वे एक उदार मौद्रिक नीति को अपना सकते हैं। ब्राजील इसका एक उदाहरण है। एशिया में, कई देशों में मुद्रास्फीति की समस्या ही नहीं है।

उन्होंने कहा, केंद्रीय बैंकों को समय से पहले सख्ती नहीं करनी चाहिए क्योंकि ऐसा करने से वे अपनी बढ़त खो सकते हैं। लेकिन अगर उन्होंने सुस्ती बरती तो वे अर्थव्यवस्था में मंदी ला सकते हैं। उन्होंने विभिन्न देशों के नीति निर्माताओं से सावधानी बरतने और डेटा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया।

आईएमएफ प्रमुख ने कहा ÷अमेरिका में श्रम बाजार बहुत तंग है और मजदूरी अब मुद्रास्फीति से ऊपर जा रही है। इसका क्या मतलब है? इसका मतलब है लोगों के पास खर्च करने के लिए अधिक पैसा है और जब वे अधिक खर्च करते हैं, तो इससे कीमतों पर दबाव बढ़ता है।

## ब्लैकबेरीज मैन की रखने लायक जरूरी विंटर पोशाकें

## ब्लैकबेरीज मैन की मस्ट-हैव विंटर पोशाकें

**लखनऊ।** सर्दियां पुरुषों के बेहतरीन पहनावे सामने लाती हैं और उनके लिए ठाठदार लिबास या औपचारिक कपड़े पहनने के कई विकल्प पेश करती हैं। आखरिकार, तमाम एक्सेसरीज के साथ बेहतरीन ढंग से सिले हुए, किसी जबरदस्त फिट थ्री-पीस सूट को पहनने वाला कोई शख्स, इस ठंडे मौसम के नीरस और उदासी भरे दिनों में कई लोगों के दिल गरमा सकता है। तमन्नाएं जगाने वाला भारतीय पुरुष परिधान ब्रांड ब्लैकबेरीज, जो वैश्विक भारतीयों की फैशन जरूरतें पूरी करता है, आपको और आपके वार्डरोब को भरा-पूरा दिखलाने के लिए, सर्दियों के बुनियादी और जरूरी परिधानों का सही मिश्रण प्रदान करता है! आराम के साथ तहजीब का मेल कराने वाली ब्लैकबेरीज की विंटर रेंज में, चमकीले और हल्के रंगों की मुख्तलिफ साइज वाली स्वेटशर्ट, ब्लेजर, ट्राउजर और जिपर जैकेट का एक सोचा-समझा चयन शामिल किया गया है।

बहुउपयोगी स्वेटशर्ट्स ब्लैकबेरीज की स्वेटशर्ट आला दर्जे के फैब्रिक से तैयार की गई हैं, जो स्टाइल से समझौता किए बगैर गर्माहट बनाए रखती हैं। विभिन्न रंगों, स्टाइलों और अलग-अलग साइजों में उपलब्ध, इन बहुउपयोगी शर्टों को अनौपचारिक वीकेंड के दौरान, यहां तक कि ऑफिस के स्मार्ट-कैजुअल समारोहों में भी पहना जा सकता है।

औपचारिक ब्लेजर्स ब्लैकबेरीज के ब्लेजर हर लुक में निखार लाने का एकदम सही पुट देते हैं, फिर चाहे वह फॉर्मल हो या सेमी-फॉर्मल। संपूर्णता प्रदान करने हेतु बड़ी नफासत से सिले गए इन ब्लेजरों से- तहजीब, कुलीनता और आराम टपकता है, जिसकी बदौलत ये आपकी निजी स्टाइल का साथ निभाने वाला आदर्श विकल्प बन जाते हैं। स्टाइलिश पतलूनें अलग-अलग ढंग और विभिन्न रंगों वाली स्टाइलिश पतलूनों के कलेक्शन की गैर-मौजूदगी में हर विंटर वार्डरोब अधूरा ही होता है। ब्लैकबेरीज इनके अलावा और भी बहुत कुछ पेश करता है! ब्लैकबेरीज की पतलूनों में क्लासिक फिट से लेकर आधुनिक डिजाइनों तक, रंगों की कोमल व हल्की छटा से लेकर नीले, नारंगी, सरसों जैसे जीवंत रंगों तक, और अलग-अलग फैब्रिक्स में की गई विभिन्न प्रकार की बुनावट तक, सब कुछ मौजूद है!

कैजुअल जिपर जैकेट्स जिपर जैकेट सर्दियों का पर्याय हैं। ये स्टाइलिश, गर्म व भरोसेमंद होते हैं, तथा इन्हें कैजुअल और सेमी-फॉर्मल लुक दोनों के साथ पहना जा सकता है। यदि आप कामकाजी जोश के बीच गर्म बने रहकर एक सुखद अनुभूति बांटने की सोच रहे हैं, तो ये जिपर जैकेट आपके लिए ही बने हैं! इन्हें वीकेंड के एडवेंचर या दोस्तों के साथ ठिठुरती शामें बिताने के वास्ते पहनें, और सबका ध्यान अपनी ओर खिंच जाने की आदत डाल लें!

## हवाई यात्रियों की संख्या होगी 30 करोड़: सिंधिया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को बताया कि भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 2030 तक सालाना 30 करोड़ हो सकती है। 2023 में हवाई सफर करने वालों की संख्या 15.3 करोड़ थी। सिविल एविएशन कॉन्क्लेव और प्रदर्शनी, विंग्स इंडिया 2024 के उद्घाटन सत्र में बोलते हुए, सिंधिया ने कहा कि हवाई अड्डों और वाटरड्रोम की संख्या देश में मौजूदा 149 से बढ़कर 200 से अधिक हो जाएगी। 2030 में एक वर्ष में 30 करोड़ यात्रियों के साथ, भारत की विमानन पहुंच 10 से 15 प्रतिशत होगी और उसके बाद भी बाजार में संभावना बनी रहेंगी। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसमें 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

पिछले 15 वर्षों में, घरेलू कार्गो में 60 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 53 प्रतिशत थी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह और तेलंगाना के मंत्री के वेंकट रेड्डी ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यह भी कहा कि भारत संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद विमानों के सबसे बड़े वैश्विक खरीदार के रूप में उभरा है।

विंग्स इंडिया 2024 में बोलते हुए, सिंधिया ने बोइंग और एयरबस को भारतीय कंपनियों की ओर से दिए गए विमानों के ऑर्डर्स के बारे में बताया। सिंधिया ने कहा कि इंडिगो ने 500 विमानों के लिए ऑर्डर दिए हैं, वहीं एयर इंडिया ने भी 470 विमानों का ऑर्डर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में लॉन्च की गई अकासा एयर ने भी 200 से अधिक विमानों का ऑर्डर दिया है।

एयर इंडिया ने बताया है कि नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विंग्स इंडिया 2024 के दौरान गुरुवार को आधिकारिक तौर पर देश और एयर इंडिया के पहले एयरबस ए350-900 विमान का उद्घाटन किया। एयर इंडिया ने कहा है कि हमें वैश्विक विमानन क्षेत्र में भारत के बढ़ते कद का नेतृत्व करने पर गर्व है।

# रेडियो सिटी ने शुरू किया प्लास्टिक मुक्त अयोध्या कैम्पेन, दुकानदारों को बाँटें जाएंगें इको फ्रेंडली थैले

**दिल्ली।** भारत के हृदय स्थल में, जहाँ इतिहास आध्यात्मिकता से जुड़ा हुआ है, रेडियो सिटी लेकर आया है एक 15-दिवसीय कैम्पेन सिटी चले अयोध्या धाम, जो न केवल अयोध्या




की समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाता है, बल्कि प्लास्टिक मुक्त अयोध्या पहल के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार होने का भी संदेश देता है। रेडियो सिटी ने अयोध्या के दुकानदारों को कई इको फ्रेंडली थैले बांटने और उनमें प्लास्टिक के सस्टेनेबल विकल्पों को चुनने के लिए जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया है। यह कैम्पेन अयोध्या विकास प्राधिकरण के अयोध्या को विश्व स्तरीय और सस्टेनेबल शहर बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है। इसका उद्देश्य प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना भी है। रेडियो सिटी के सिटी चले अयोध्या धाम अभियान के तहत, अयोध्या में एक मोबाइल वैन शुरू की गई है जो प्रमुख स्थानों पर जा रही है। आरजे और इन्फ्लुएंर्स अनसुनी कहानियाँ सुनाएंगे, ऐतिहासिक क्षणों को साझा करेंगे और शहर के हो रहे विकास की जानकारी देंगें, यह सब अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) के सहयोग से होगा। यह ऑन-ग्राउंड एक्टिविटी 17 जनवरी से शुरू हुई है और इसका उद्देश्य अयोध्या की वाइब्रेंट एनर्जी में योगदान देकर सांस्कृतिक अनुभव को डिजिटल रूप से बढ़ाना है। रेडियो सिटी के सीईओ आशित कुकियन ने अपना दृष्टिकोण साझा करते हुए कहा, पूरे भारत के 39 शहरों में मौजूद रेडियो सिटी अयोध्या के खास अंदाज और संस्कृति को पूरे देश के श्रोताओं तक पहुंचाने के लिए सबसे बेहतरीन माध्यम है।

# आध्यात्मिकता के मार्ग पर रोशनी: हैलोनिक्स ने वॉल डी-लाइट स्पिरिचुअल सीरीज लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** भारत की सबसे तेजी से बढ़ती इलेक्ट्रिकल कंपनियों में शामिल हैलोनिक्स टेक्नोलॉजीज ने आज वॉल डी-लाइट - स्पिरिचुअल सीरीज की एलईडी लाइट लॉन्च किया है। यह कंपनी की ओर से भारत की खुशहाल आध्यात्मिक विरासत को एक श्रद्धांजलि है। आध्यात्मिकता को ध्यान में रखकर कंपनी द्वारा पेश की गई ये इनोवेटिव सीरीज, राम मंदिर% परियोजना के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व और भावनाओं को सेलिब्रेट करती है। भक्ति और शुद्धता के साथ तैयार की गई, स्पिरिचुअल सीरीज लाइट्स (आध्यात्मिक श्रृंखला की रोशनी) में भगवान श्री राम के नाम का शिलालेख, भगवान गणेश की पवित्र छवि और ओम प्रतीक शामिल हैं, जो पारंपरिक आध्यात्मिकता और आधुनिक सुंदरता के बीच की खाई को पाटते हैं। ये सीरीज दो समकालीन डिजाइन पेश करती है - गोल और चौकोर। दोनों डिजाइन 12W एलईडी में हैं, जिनकी कीमत सिर्फ 349 रुपये है। हैलोनिक्स के यूनिफिट टेक्नोलॉजी




प्लेटफॉर्म पर तैयार की गईं इन लाइट की पतली रोशनी इस तरह से दीवार पर पड़ती हैं, जिससे पवित्र छवियां सभी को आसानी से दिखाई देती हैं। इनकी नवीन विशेषताएं, डिजाइन और काम करने की क्षमता इन्हें रोशनी करने और कमरे में आध्यात्मिक भावना लाने के लिए एक विश्वसनीय, लागत प्रभावी लाइटिंग समाधान बनाती है।

नए उत्पाद के लॉन्च से उत्साहित, हैलोनिक्स टेक्नोलॉजीज के मैनेजिंग डायरेक्टर, राकेश जुत्शी ने कहा, ÷हम इस उत्पाद के साथ वाल लाइटिंग सिस्टम में एक नया आयाम लेकर आए हैं, जो आस्था की भावना भी जगाता है और हमारी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करता है। भारत के लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, हमारी आध्यात्मिक श्रृंखला केवल रोशनी करने वाली नहीं है, बल्कि यह भारत की विरासत और मान्यताओं को भी उजागर कर रहा है। यह हमारी अटूट दृढ़ता और समर्पित अनुसंधान एवं विकास और डिजाइन (आरएंडडी एंड डिजाइन टीम) टीमों का प्रमाण है, जो भारतीय बाजार की मांग को पूरा करने के लिए बेहतरीन और अनोखे उत्पाद तैयार कर रहे हैं।

हैलोनिक्स की वॉल डी-लाइट - स्पिरिचुअल सीरीज देश भर के प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और इलेक्ट्रिकल रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध है। 2 साल की वारंटी के साथ इसकी कीमत केवल 349 रुपये है। प्रत्येक बल्ब हैलोनिक्स की क्वालिटी और नए विचारों के प्रति प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है। ये उत्पाद कंपनी की अत्याधुनिक हरिद्वार फैसिलिटी में तैयार की गई हैं, और यह सुनिश्चित करते हैं कि हर रोशनी की किरण हमारी विरासत का एक हिस्सा रखती है।

# सीएमओ ने काटे गए पेड़ों के ठूठों में करवाया तिरंगा रिंग



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** हरे पेड़ कटवाने के बाद पेड़ों के ठूठ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह ने तिरंगा पेंट कर दिया है। ताकि पेड़ों का पता न लग सके। वहीं जिलाधिकारी के स्तर से इस मामले की जांच होने की भी संभावना बताई जा रही है। हमीरपुर स्थित सीएमओ कार्यालय में बने पार्क में बरसों पुराने हरे भरे पेड़ बीते दिनों सीएमओ के आदेश पर काट दिए गए। दैनिक समाचार पत्रों ने पर्यावरण के साथ की गई इस छेड़छाड़ की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद अब सीएमओ के द्वारा इन पेड़ों के ठूठ में तिरंगा रंग का पेंट कराया जा रहा है।सीएमओ के इस कारनामे से जिला प्रशासन में हलचल है।

### पेड़ों को कटवाया नहीं गया बल्कि छटवाया गया है सीएमओ



इस मामले में जब सीएमओ गीतम सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इन पेड़ों को कटवाया नहीं गया बल्कि इन्हें छटवाया गया है। क्योंकि पेड़ घने हो जाने के वहां पर बने लेटरिंग टैंक व ऑफिस की दीवारें क्षतिग्रस्त हो रही थी।

# विकास खण्ड चोपन में रोजगार मेले का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/ सोनभद्र।** गुरुवार को पं दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सोनभद्र द्वारा विकास खण्ड कार्यालय चोपन परिसर में रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया जिसमें 16 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस रोजगार मेले में 184 युवाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 78 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। अभ्यर्थियों में काफी उत्साह रहा। आज के इस रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री समाज कल्याण के प्रतिनिधि सुनील कुमार, विशिष्ठ अतिथि ब्लाक प्रमुख लीला देवी, जिला पंचायत सदस्य जुगैल प्रतिनिधि संजीव त्रिपाठी, खण्ड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल, जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन तथा जिला कौशल प्रबन्धक एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं से महेश कुमार सूर्यमणि मिश्रा, संतोष कुमार, चन्द्रेश मौर्या, रविशंकर मौर्या इत्यादि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि इस विभाग द्वारा अगला रोजगार मेला दिनांक 19.01.2024 को विकास खण्ड घोरावल के वनवासी गिरवासी सेवा प्रकल्प एकलव्य नगर घोरावल के परिसर में आयोजित किया जायेगा।

# गणतंत्र दिवस और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

- पुलिस ने बाईक से किया फ्लैग मार्च

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उसके बाद कोतवाली पुलिस ने क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में भारी लावलश्कर के साथ कस्बे में बाईक से भ्रमण किया। कस्बे की कोतवाली में आगामी बाईस जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और गणतंत्र दिवस को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें कस्बे सहित क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। इस दौरान गणतंत्र दिवस और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को हर्सोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही साथ ही अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। इसके बाद क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी की अगुवाई में भारी पुलिस बल के साथ बाईक के माध्यम से कस्बे में फ्लैग मार्च किया गया और आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी चंद्रशेखर सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# ट्रक से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

- बिसंडा थाना क्षेत्र के चौंसड़ गांव में हुई दुर्घटना
- अपनी पत्नी को लेने ससुराल जा रहा था बाइक

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** अपनी पत्नी को लेने ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने रौंद दिया। घायल अवस्था में पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला अंर्तगत हिनौता गांव निवासी कपिल अहिरवार (25) पुत्र रामकिशुन बुधवार की शाम को बाइक में सवार होकर युवक अपनी ससुराल तेंदुरा गांव जा रहा था। चौंसड़ गांव के पास सामने से आ रहे ट्रक ने उसे रौंद दिया। इससे वह घायल हो गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के साले जितेंद्र ने बताया कि कपिल चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था। मथुरा में रहकर प्राईवेट जॉब करता था। मकर संक्रान्ति पर्व पर कपिल अपनी पत्नी को मायके छोड़ गया था।

# प्रभारी मंत्री ने पंचमुखी महादेव मंदिर धाम में माथा टेका

- विशेष स्वच्छता महाभियान के अन्तर्गत लगायी झाड़ू

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल जी, सांसद पकौड़ी लाल कोल, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रूबी प्रसाद, ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत, पूर्व एम0एल0सी0 केदारनाथ सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चैबे, पूर्व सांसद नरेन्द्र कुशवाहा व अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगणों ने सर्व प्रथम पंचमुखी महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर जनपदवासियों के सुख-समृद्धि व शान्ति के लिए कामना की, तत्पश्चात मंत्री जी ने विशेष स्वच्छता महाभियान/स्वच्छ तीर्थ अभियान के अन्तर्गत जनपद के पंचमुखी महादेव मंदिर धाम परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया, इस दौरान प्रभारी मंत्री जी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत पूरे देश में तीर्थ मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर साफ-सफाई, रामकथा, भजन कीर्तन कार्यक्रम करने की अपील की है। इस दौरान प्रभारी मंत्री जी ने पंचमुखी महादेव मंदिर परिसर में मध्य कालीन गुफा व भित्त चित्र का अवलोकन भी किया और भित्त चित्र के इतिहास के सम्बन्ध में पर्यटन अधिकारी बृजेश कुमार, एडवेन्चर टूरिज्म के नीरज द्विवेदी से जानकारी प्राप्त की, इस दौरान मंत्री जी ने जिलाधिकारी.चन्द्र विजय सिंह से कहा कि भित्त चित्र के संरक्षण एवं संबर्द्धन तथा इसका पर्यटन के दृष्टि से विकसित करने हेतु कार्ययोजना बनाकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाये।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी मंत्री मन्नू लाल कोरी ने लगाया झाड़ू



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व चलाये जा रहे 14 से 21 जनवरी तक स्वच्छता अभियान के क्रम में जिला के प्रभारी मंत्री व मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पातालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना तथा साफ सफाई की गयी। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील पाठक, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर कुलदीप निषाद, अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव, उपजिलाधिकारी सदर पवन प्रकाश पाठक सहित भाजपा के पदाधिकारी व संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### परिवहन विभाग के तत्वाधान में ध्वनि प्रदूषण वाहनों एवं सड़क सुरक्षा संबंधी दी गई चेतावनी



**हमीरपुर।** परिवहन विभाग के तत्वाधान में ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगाया गया। ड्राइवरो को ध्वनि प्रदूषण वाहनों एवं सड़क सुरक्षा संबंधी चेतावनी देकर सावधानियो के बारे में समझाकर प्रपत्र वितरित किए गए। इस मौके पर एआरटीओ आरपी सिंह ने सर्दी एवं कोहरे से बचाव के लिए ड्राइवरो को अधिक तेज गति से गाड़ी ना चलाएं एवं नशे की हालत में ड्राईवरी न करने की हिदायत दी ताकि कोई सड़क दुर्घटना न हो सके। इस सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में एआरटीओ अमिताभ राय, एआरटीओ प्रशासन आरपी सिंह, टीआई चंदन पांडे एवं पुलिस बल मौजूद रहा।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया गया आयोजन



**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना के नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन-करामी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 17.01.2024 को सीएसआर अनुभाग द्वारा एनटीपीसी-विंध्याचल अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों के सहयोग से स्थानीय ग्रामीणजनों हेतु किया गया। उक्त चिकित्सा शिविर में ग्रामिणवासियों ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 370 मरीजों (160 महिलाएं, 195 पुरुष एवं 15 बच्चों) की स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क दवाईयो का वितरण किया गया। इस शिविर में चिकित्सा विभाग की तरफ से मुख्य चिकित्साधिकारी (विंध्य चिकित्सालय) बी सी चतुर्वेदी, वरिष्ठ विशेषज्ञ (महिला रोग) डा. हेमा उराव, डॉ. तन्मय पटेल, डॉ. अभिषेक वैस, डा. राखी आरबी एवं मानव संसाधन सीएसआर की ओर से वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर एवं आरएंड आर) महताब आलम एवं उनकी सीएसआर टीम के साथ-साथ चिकित्सा विभाग एवं एनटीपीसी-विंध्याचल के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। उक्त चिकित्सा शिविर का ग्रामीणजनों द्वारा भरपूर प्रशंसा की गयी एवं इस नेक कार्य की काफी सराहना की गयी।

### जिलाधिकारी ने कम्बल का किया वितरण



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में जरूरतमंद और बेसहारों को कड़ाके की ठण्ड से राहत दिलाने के दृष्टिगत कम्बल का वितरण किया, गरीब और वंचित व्यक्ति को इस कड़ाके की ठण्ड के बीच कम्बल पाकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की, उनका कहना था कि इस कड़ाके की ठण्ड में कम्बल से काफी राहत मिलेगी।

### युवती समेत दो ने खाया जहर

**बांदा।** कोतवाली देहात क्षेत्र के छनेहरा गांव निवासी रोशनी (19) पत्नी जुल्फिक्रार ने गुरूवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर घर वालों को पता चला। इसी तरह जसपुरा निवासी नीरज (28) पुत्र गंगादीन ने भी गुरूवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### वृद्धा के शव की नही हो सकी शिनाख्त

**बांदा।** मटौंध स्टेशन के समीप दो दिन पहले अज्ञात वृद्धा की ट्रेन से गिरकर मौत हो गयी थी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई उसे पहचान नही सका। मृतका लाल रंग का ब्लाउज और साड़ी पहने हुये है। गुरूवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

### सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में हुए सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।महोबा जनपद के खन्ना निवासी संतोष पाल (25)पुत्र गनेश प्रताप देररात बुण्देलखण्ड एक्सप्रेस वे में हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को गंभीर चोंटे होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

### कुरारा पुलिस ने कस्बे में किया पैदल मार्च

**हमीरपुर।** श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बीती शाम पुलिस ने कस्बे में पैदल मार्च किया। तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा के नेतृत्व में बीती शाम श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कस्बे के बस स्टैंड,से लेकर बेरी तिराहा, मनकी स्टैंड, मेन बाजार होते हुए भोली रोड, आदि से होते हुए पैदल मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदेश दिया।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का डायट परिसर में आयोजन

- प्रधानमंत्री की गारंटी वैन के माध्यम से लोगों को किया जा रहा है लाभान्वित: प्रभारी मंत्री
- लोगों ने अपने अनुभव "मेरी कहानी मेरी जुबानी" किये साझा

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर के मैदान में किया गया, विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस मौके पर एल0ई0डी0 स्क्रिन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सम्बोधन व लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम का संजीव प्रसारण दिखाया गया, इस दौरान एल0ई0डी0 स्क्रिन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपस्थित जन समुदाय को दी गयी, जिसको भारी संख्या में उपस्थित जनमानस ने देखा और सराहना की। इस दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग, उत्तर प्रदेश रवीन्द्र जायसवाल जी ने उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' अभियान का उद्देश्य है कि हर व्यक्ति को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो और हर व्यक्ति सम्पन्न और सशक्त हो, जो बच्चे पढ़ रहे हैं वह शिक्षा से पूर्ण हो जाये, पात्र लाभार्थियों को शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ मिले यही प्रधानमंत्री जी का सपना है, जिसके लिए ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के माध्यम से जिले के अधिकारियों के माध्यम से जन-जन को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है और जो व्यक्ति पात्र हैं वह किसी तरह से लाभ पाने से वंचित रह गये हैं, उन्हें स्टाल व कैम्प का आयोजन कर उनका फार्म भरवाकर उन्हें लाभ दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, जिससे कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से वंचित न रहें, इस मौके पर मंत्री जी ने उपस्थित जन समुदाय से पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, गैस कनेक्शन, आवास, शौचालय आदि योजनाओं का लाभ मिला है कि स्थिति का जायजा भी लिया।

# ठंड की चपेट में आए वृद्ध की मौत, कई अस्पताल में भर्ती

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** ठंड की चपेट में आने से एक वृद्ध घर के बाथरूम में गश खाकर गिर गया। परिवार के लोग उसे उठाकर तत्काल जिला अस्पताल ले गए, वहां पर डाक्टर ने वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत हो जाने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। रोते-बिलखते शव लेकर घर चले गए। मटौंध कस्बा निवासी चंद्रेश 60 वर्ष गुरुवार की सुबह अपने घर में था। उसे ठंड ने अपनी आगोश में ले रखा था। वह किसी तरह से बाथरूम पहुंचा और वहीं पर गश खाकर गिर गया। परिजनों ने देखा तो उसे उठाया और तत्काल वाहन में लादकर जिला अस्पताल लाए। जिला अस्पताल में डाक्टर ने देखने के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन शव लेकर अपने घर चले गए। इधर, ठंड की चपेट में आने पर कई लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें बलुवा (65) निवासी महुई, रामचंद्र (55) निवासी बल्लान, शांती देवी (85) कालूकुआं, मीरा (55) झील का पुरवा, सुंदा (65) केवटरा, सहोद्रा (40) फत्तेपुर, सलोनी (11) खेरा, सरोज (45) स्वराज कालोनी, विष्णु (35) बलखंडीनाका और उर्जी (50) निवासी पपरेंदा शामिल हैं।

# नवीन तकनीक हेतु कृषक प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/डाला।** अल्ट्राटेक डाला सीमेंट संयंत्र के सी.एस.आर. कार्यक्रमों के अंतर्गत जिला उद्यानिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किसानों के हित के लिए दिनांक 18/01/24 को संयंत्र प्रमुख संदीप हिवारेकर के दिशानिर्देशन एवं एफ एच एच आर पंकज पोद्दार के मार्गदर्शन में कृषकों हेतु प्रशिक्षण उद्यानिकी अधिकारी रंजीत एवं विद्यापति के द्वारा ग्राम बिल्ली मारकुंडी में दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को संगठित कर उन्हें कृषि विविधिकरण के माध्यम से जोड़ना एवं विभिन्न सरकारी योजना के बारे में जानकारी देना था। उद्यानिकी विस्तार अधिकारी ने फसल विविधिकरण बागवानी के साथ ड्रैगन फ्रुट की खेती आदि की उपयोगिता एवं फसलों की माँग के आधार पर उत्पादन करने की बात कही। कार्यक्रम के माध्यम से कृषकों को विभिन्न सरकारी स्कीमों (स्प्रींकलर सिस्टम, ड्रीप) आदि जैसी कई महत्वपूर्ण स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्राम बिल्ली, ओबरा एवं आस पास के क्षेत्र के कुल 52 किसानो ने भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। सी एस आर प्रमुख रमेश पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों को सरकारी स्कीमों के लाभ की जानकारी होने से वे इसका लाभ आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

# बालिकाएँ हैं नए भारत की आधार स्तम्भ: राजीव

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में आयोजित बालिका सशक्तीकरण अभियान -2023-24 पुनश्चर्या कार्यशाला से सशक्त हुई ग्रामीण बालिकाएँ)

एनटीपीसी सिंगरौली, शक्तिनगर में शीतकालीन बालिका सशक्तीकरण मिशन (जेम)-2023-24 पुनश्चर्या कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया।

इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में सभी बालिकाओं ने साप्ताहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीखे गए कला-कौशल का मंत्रमुग्ध प्रदर्शन किया। जिसमें बालिकाओं द्वारा विभिन्न सामाजिक कुप्रथाओं, एवं देशभक्ति विषयों पर भी नृत्य, गीत एवं नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि, बालिकाएँ हमारे समाज की आधार स्तम्भ हैं, उनके समग्र विकास से ही देश व समाज का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है, इस कड़ी में एनटीपीसी अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान कर रही है ताकि बालिकाएँ एनटीपीसी एवं देश समाज का नाम रोशन कर सके एवं विकसित भारत की नई तस्वीर बन कर उभर सकें।

बालिका सशक्तीकरण अभियान-2023-24 पुनश्चर्या कार्यशाला में 6 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाएँ शामिल थीं । इस कार्यक्रम के तहत विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं के ज्ञान, कौशल और समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ाने हेतु साप्ताहिक प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसके तहत उन्हें आत्मरक्षा, पेंटिंग, स्केचिंग, कला- कौशल, गणित ,भूगोल ,सॉफ्ट स्किल्स, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कंप्यूटर आदि प्रशिक्षण प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण मॉड्यूल को बालिकाओं के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया था। चयनित बालिकाएँ एनटीपीसी परिसर में स्थित विवेकानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

# तीन लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

- 10 जनवरी को महोबा रोड बाईपास में अंजाम दी थी लूट की घटना

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** ई-रिक्शा चालक ने साथियों के साथ मिलकर महोबा रोड बाईपास के पास युवक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद हरकत में आई पुलिस ने चौबीस घंटे के अंदर लूट के तीनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। लुटेरों के पास से 34500 रुपए और ई रिक्शा, मोबाइल फोन आदि बरामद किया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के चहितारा गांव निवासी पंकज सेन ने कोतवाली नगर में बुधवार को सूचना दी कि 10 जनवरी की रात को वह कटनी से बांदा ट्रेन से आया था । रेलवे स्टेशन के बाहर उसने अपने घर चहितारा जाने के लिए एक ई-रिक्शा बुक किया। रिक्शा चालक अपने किसी काम के बहाने उसे दूसरे रास्ते से ले गया। रास्ते में अपने मित्रों को फोन किया और रिक्शा महोबा बाईपास की ओर कृषि विश्वविद्यालय के पास ले जाकर अपने दो अन्य दोस्तों के साथ मेरा मोबाइल, पर्स व नकद रुपये 10250 लूट लिए। बाद में अगले दिन सुबह जब वह अपना बैंक खाता ब्लाक कराने पहुंचा तो पता चला कि उसके खाते से पेटीएम के माध्यम से 57000 रुपये निकाल लिए गये थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करते हुए तहकीकात शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर घटना में शामिल तीनों अभियुक्तों को भूरागढ़ केन नदी पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

पकड़े गए अभियुक्तों में ई-रिक्शा चालक अमित घसीटा पुत्र अन्तु निवासी काशीराम कालोनी, ई-रिक्शा मालिक इम्तियाज अहमद उर्फ मुन्ना पुत्र मिराज उर्फमोबीन अहमद निवासी परशुराम तालाब और विनय रैकवार उर्फ वीरु पुत्र राजेश रैकवार निवासी काशीराम कालोनी शामिल हैं। पूछतांछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि 10 जनवरी की रात इम्तियाज के ई-रिक्शा से अमित घसीटा एक सवारी चहितारा के लिए बैठाकर निकला। इस दौरान फोन पर उन तीनों लोगों ने सवारी से लूट की योजना बनायी।

### भाजपा ने जारी की मंडल अध्यक्षों की सूची

**बांदा।** प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल की संतुति मिलने के बाद जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने जिले के मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर दी। बुधवार देर शाम भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह द्वारा जारी जनपद के सभी 16 मंडलों के अध्यक्षों की सूची में सात मंडलों में बदलाव करते हुए नौ मंडलों में वर्तमान मंडल अध्यक्ष बरकरार रखे गए हैं। जिन सात मंडलों में बदलाव हुए हैं उनमें मर्का मंडल में दिनेश निषाद, बबेरू में सौरव शिवहरे, पवैया में दीपक सिंह, तिंदवारी में अनूप तिवारी, नरैनी में ओमप्रकाश पांडेय, अतर्रा में ज्ञान प्रताप सिंह तथा कालिंजर में ओमप्रकाश राजपूत को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है। जबकि कमासिन मंडल में प्रदीप मिश्रा, बांदा उत्तरी में राजेश गुप्ता, महुआ में रामकृष्ण शुक्ला, बिसंडा में रणजीत सिंह, बांदा दक्षिणी में राकेश गुप्ता दद्दू, जसपुरा में अनूप सिंह, पैलानी में अमित निगम, मटौंध में श्याम बाबू पाल तथा ओरन मंडल में रामबाबू त्रिपाठी को बरकरार रखा गया है।

# छिमौली इलेवन ने जीता टूर्नामेंट का फाइनल मैच

- गोयरा मुगली में आयोजित हो रहा था क्रिकेट टूर्नामेंट
- विजेता को 35 और उप विजेता टीम को 15 हजार का ईनाम

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** गोयरा मुगली में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मैच मौदहा व छिमौली टीम के बीच खेला गया। मैच में छिमौली ने जीत दर्ज की। अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त करते हुए फाइनल मैच का फीता काटकर शुभारंभ किया। मैच के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर राहुल बगिया वाले, प्रमोद गौतम, रामू अजूबा मौजूद रहे। टास मौदहा वरियर्स ने जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में 155 रन बनाए। रोहित अरोड़ा 44, व सानू 56 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी छिमौली इलेवन की टीम ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 14 ओवर में ही 2 विकेट से मैच फाइनल मुकाबला जीत लिया। सबसे ज्यादा श्रेयांस ने 21 गेंदों में 14 छक्के लगाए लगाकर 92 रनों की शानदार पारी खेली। इसमें तीन छक्के की हैट्रिक भी शामिल है। मुख्य अतिथि राहुल ने 21 हजार रुपए का ईनाम दिया। मैन आफ द मैच व मैंन आफद सीरीज भी श्रेयांस को चुना गया। मुख्य अतिथि ने विजेता टीम छिमौली को 35000 हजार रुपए व ट्रापी और उपविजेता रही मौदहा वरियर्स टीम को भी 15000 रुपए व ट्राफी देकर सम्मानित किया है। टूर्नामेंट में अंपायरिंग खुदरत व शब्बीर ने की।

# नए विधायक अपनी प्रतिभा दिखाने का काम करें: महाना

## प्रश्नकाल में नए सदस्यों को अपनी बात रखने का अधिक अवसर दें: विधानसभा अध्यक्ष

- बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष को बराबर का मौका मिलता है

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने एक बार फिर कहा कि आगामी बजट सत्र में नए विधायक अपनी प्रतिभा दिखाने का काम करें। उन्होंने वरिष्ठ सदस्यों से कहा कि वो प्रश्नकाल में नए सदस्यों को अपनी बात रखने का अधिक अवसर दें जिससे वह अपने क्षेत्र की समस्याओं से सदन को अवगत करवा सकें।

प्रदेश के विधायकों के साथ क्षेत्रवार चल रहे 'संवाद कार्यक्रम' के तहत आज पूर्वांचल क्षेत्र के विधायकों के साथ हुई बैठक में उन्होंने कहा कि बजट सत्र में सत्ता पक्ष और विपक्ष को बराबर का मौका मिलता है इसलिए ऐसे अवसर में अपनी बात रखने की पूरी कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर एक साथ अपनी एकजुटता दिखाते पूरे देश मे उत्तर प्रदेश की छवि को बेहतरीन बनाना है।

महाना ने कहा कि कहा वर्षो से पूर्वांचल की छविएक पिछड़े क्षेत्र के रूप में पेश की जाती रही है लेकिन अब समय आ गया है कि विकास का रास्ता प्रशस्त कर इसकी छवि को बेहतरीन बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कई दशकों से विधायिका की नकारात्मक छवि बनाई गयी लेकिन समय के साथ अब राजनीतिक माहौल बदल रहा है। अब एक से एक योग्य व्यक्ति राजनीति के क्षेत्र में आ रहे हैं। 18वीं विधानसभा में ऐसे विधायक आए है जो विधायिका को बेहतर बनाने का काम कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि पूर्व की विधानसभाओं में काबिल विधायक नहीं थें पर उस काल खंड में विधायिका की छवि को नकारात्मक ढंग से पेश किया गया। हम सकको मिलकर अब इसे बदलने का काम करना है।

विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि देश में इस तरह का 'संवाद कार्यक्रम' देश की किसी भी विधानसभा में अबतक नहीं हुआ। हमारा प्रयास यह है कि विधायिका के सम्मान को कैसे बढ़ाया जाए। मेरा मानना है कि यदि विधायिका का सम्मान रहेगा तभी विधायक का सम्मान भी होगा।

उन्होंने विधायकों से कहा कि नकारात्मक कार्यशैली से बचकर अपने सकारात्मक कार्यो से अपनी पहचान बनाने का काम करें। उत्तर प्रदेश की गरिमा को आगे बढ़ाने का काम विधानसभा में सबको मिलकर करना है। महाना ने फिर कहा कि प्रदेश में अपनी पहचान बनाने के लिए सदन से बड़ा कोई फोरम नहीं होता है। इसलिए आगामी बजट सत्र में विधानसभा सदस्य अपनी विशिष्टता साबित करने का प्रयास करें। विधानसभा की लाइब्रेरी में जाकर अध्ययन करें। कुछ सीखने के लिए परिश्रम तो करना ही पड़ता है।

# परिवहन मंत्री ने 'हमारे राम आएंगे' एलबम का किया लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो

- दयाशंकर सिंह ने एलबम की सफलता की कामना की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दया शंकर सिंह ने आज उत्तर प्रदेश सदन 'त्रिवेणी' दिल्ली के कांफ्रेंस हाल में सुप्रसिद्ध कवियित्री, लेखिका एवं साहित्य सेवी श्रीमती डा0 अंजना सिंह सेंगर द्वारा सृजित गीत 'हमारे राम आयेंगे' पर आधारित वीडियो एलबम का लोकार्पण किया। उन्होंने एलबम की सफलता की कामना की और यह गीत जन-जन के कंठ में गुंजायमान हो व प्रेरणान्नेत भी बने, ऐसे शुभकामनाएं भी दीं। परिवहन मंत्री ने गीत की सराहना करते हुए कहा कि डा. अंजना सिंह जी द्वारा सृजित इस गीत में भारत के जन-जन का आह्लाद और भाव, शब्दों में पिरो दिया गया है। इस अवसर पर मंत्री जी ने श्रीमती अंजना सिंह जी को भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के विग्रह की एक प्रतिकृति भी भेंट की। भक्ति, भाव और श्रीरामलला की अयोध्या वापसी से उपजे आह्लाद की आध्यात्मिक भावभूमि पर रचित इस गीत की सर्जनाकार श्रीमती डा. अंजना सिंह सेंगर हैं। प्रसिद्ध गायक जुबिन गर्ग ने इस गीत को स्वर दिया है और अविनाश पाठक द्वारा इसे संगीतबद्ध किया गया है। लोकार्पण के अवसर पर गीत की रचनाकार डा0 अंजना सिंह सेंगर ने बताया कि यह गीत वस्तुतः विगत 22 जनवरी, 2021 को राम मंदिर निर्माण की घोषणा के समय ही लिखा गया था।

## कक्षा आठवीं तक के स्कूलों की बढ़ी छुट्टी

**लखनऊ।** जिले में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। बढ़ती ठंड को देखते हुए कक्षा आठवीं तक के स्कूलों की छुट्टी फिर बढ़ गई है। सभी बोर्ड के सरकारी और निजी स्कूलों में नर्सरी से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की 19 और 20 जनवरी तक छुट्टी रहेगी। 21 जनवरी को रविवार है, 22 जनवरी को पहले से सार्वजनिक अवकाश घोषित हो चुका है। ऐसे में 23 जनवरी से स्कूल विधिवत खुलेंगे। कक्षा नौवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए जिन स्कूलों में कक्षाएं संचालित की जा रही है। उनका समय सुबह 10 बजे से तीन बजे के बीच रहेगा। स्कूल खुलने पर इन कक्षाओं में ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबंध करने के लिए कहा गया है। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने 19 और 20 जनवरी तक स्कूल बंद रखने का निर्देश जारी करते हुए स्कूलों को कड़ाई से पालन करने के लिए कहा है। स्कूल अवकाश में अपनी सुविधा के अनुसार आनलाइन कक्षाएं संचालित कर सकते हैं। यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए है। शिक्षक और कर्मचारियों को लेकर स्कूल प्रबंधन को निर्णय लेना है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ने लिया जन आंदोलन का रूप: केशव मौर्य



- भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है
- वंचित/छूटे लोगों को योजनाओं से किया जा रहा है लाभान्वित

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के अवसर पर दुबग्गा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी द्वारा लाभार्थियों के साथ किये गये वर्चुअल संवाद कार्यक्रम को सुना। वहां पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चाभी वितरित किया व विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ने जन आंदोलन का रूप ले लिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितधारकों के लिए स्वर्णिम अवसर है। कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा 2047 तक विकसित भारत संकल्प में मील का पत्थर साबित होगी। कहा कि हम सभी भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र व दुनिया की महाशक्ति बनाने के संकल्प के साथ इस कार्यक्रम से जुडें। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है।मोदी की गारंटी गाड़ी'' द्वारा वंचित/छूटे लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री द्वारा ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत ''हमारा संकल्प विकसित भारत'' के निमित्त भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से उपर उठने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने तथा भारत की एकता को सुदृढ़ रखते हुए देश की रक्षा करने वालो का सम्मान करने तथा एक अच्छे नागरिक के रूप में अपना कर्तव्य निभाने से सम्बंधित शपथ दिलाई गयी।

## छात्र-छात्राओं को किया स्मार्ट फोन का वितरण

**लखनऊ।** प्रदेश के आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एमओएस) डा0 दयाशंकर मिश्र 'दयालु' गुरूवार को गाजीपुर जनपद पहुंचकर वहां शहीद स्मारक राजकीय महाविद्यालय, यूसुफपुर मुहम्मदाबाद, गाजीपुर में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत कालेज के छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इस स्मार्ट फोन के उपयोग से वे अपने शिक्षा में नई तकनीकी की जानकारी प्राप्त कर सकेगें। सभी छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन के उपयोग से अपने ज्ञान को आगे बढ़ाएं। आयुष मंत्री ने कहा कि कोरोना के समय में भी शिक्षकों द्वारा स्मार्ट फोन के माध्यम से घर से ही छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी गयी।

# नगर विकास मंत्री ने 23 नगरीय निकायों में निर्मित अमृत सरोवरों का किया शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो

- सभी अमृत सरोवरों को दिव्य व सुन्दर रूप में विकसित करने का किया आह्वान

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अमृत-2.0 योजना के अन्तर्गत 23 नगरीय निकायों (नगरपालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों) की वाटर बाडीज रिजुवनेशन के लिए तैयार किये गये अमृत सरोवरों का वर्चुअल शिलान्यस किया और इस दौरान निर्मित तालाबों की वास्तविकता को भी वीडियो के माध्यम से देखा। इस दौरान उन्होंने सभी नगरपालिका परिषदों व नगर पंचायतों के चेयरमैन व अधिशासी अधिकारियों से अमृत सरोवरों के बेहतर संरक्षण एवं पुनर्निर्माण के बारे में संवाद भी किया। उन्होंने इन सभी निकाय अधिकारियों को अमृत सरोवरों के जीर्णोद्धार एवं सुन्दरीकरण के लिए स्वीकृत 39.87 करोड़ रूपये की धनराशि का बेहतर उपयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की मंशा है कि सभी वाटर बाडीज, कुओं, तालाब व बाउली का संरक्षण किया जाय और इन्हें अच्छे तालाब, कुओं व अमृत सरोवरों के रूप में विकसित किया जाय, जिससे कि जल का संरक्षण किया जा सके, क्योंकि सभी वाटर बाडीज जल संरक्षण के अच्छे स्रेत हैं, इनका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरूवार को नगरीय निकाय निदेशालय में 23 नगरीय निकायों में निर्मित किये गये अमृत सरोवरों का वर्चुअल शिलान्यास करते हुए कहा कि निकायों के सभी पदाधिकारी और अधिकारी मिलकर अपने-अपने क्षेत्रों के तालाबों, वाटर बाडीज को अतिक्रमणमुक्त कराएं। इनका ऐसा जीर्णोद्धार, नवीनीकरण व पुनर्निर्माण कराएं, जिससे कि आने वाले 50 वर्षो तक इन अमृत सरोवरों का सदुपयोग हो सके।



डबल इंजन की मोदी - योगी सरकार की सबका साथ सबका विकास नीति को यथार्थ करते हुए जनपद बलिया के विधानसभा बेल्थरा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सम्मिलित हुए

## 46.99 लाख मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय वर्ष 2023-24 में 5160 क्रय केन्द्रों के माध्यम अब तक 4699324.23 मीट्रिक टन धान किसानों से सीधे क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 696619 किसानों को लाभान्वित करते हुए 9239.27 करोड़ रूपये का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार आज 26629.84 मीट्रिक टन खरीद हुई है।

# एलडीए ने की अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम ने गुरुवार को अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण अधिकारियों ने काकोरी में लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में की गयी अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करायी। इसके अलावा गुड़म्बा में अवैध रूप से निर्मित 180 रो-हाउसेस भवनों व जानकीपुरम में एक व्यवसायिक निर्माण को सील कराया। लविप्रा प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि मौदा, मोहान रोड पर करन यादव, मनोज चंदवानी, मदन गोपाल तिवारी व अन्य की ओर से लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग कराते हुए कॉलोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय ने ध्वस्तीकरण के आदेश दिये थे। गुरुवार को विहित न्यायालय के आदेश पर सहायक अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता भानु प्रकाश वर्मा, भरत पाण्डेय व प्रमोद कुमार पाण्डेय ने अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराई। इस दौरान स्थल पर विकसित सड़कें, नालियां, बाउण्ड्रीवॉल, बिजली के खम्भे आदि ध्वस्त किये गये। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी संजय जिंदल ने बताया कि मोहम्मद उमर रजा, दुर्गेश सिंह व अन्य की ओर से गुड़म्बा के दसौली गांव में खसरा नम्बर 321ग एवं 333ग पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से 180 रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मोहम्मद शाहिद सिद् दीकी व अन्य की ओर से जानकीपुरम में नहर रोड पर गुरु नानक लॉन के बगल में लगभग 6000 वर्गफिट क्षेत्रफल में व्यवसायिक उपयोग के लिए बेसमेण्ट व भूतल पर निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये जा रहे निर्माण कार्यो के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। गुरुवार को सहायक अभियंता एन.एन. चौबे और संजय मिश्रा व अवर अभियंता सुभाष शर्मा ने अवैध निर्माणों की सीलिंग की कार्रवाई कराई।




# भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाएं: अविनाश

अवधनामा ब्यूरो

- 10 दिनों के भीतर संगठन में रिक्त पदों को भरने का निर्देश



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने अगले 10 दिनों के भीतर संगठन में रिक्त पदों को भरने का निर्देश दिया। श्री पांडे ने कार्यकर्ताओं से सोशल मीडिया के जरिए अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संवाद के कार्यक्रम 6 फरवरी तक जिला और ब्लॉक स्तर पर पूरा कर लें। भारत जोड़ो न्याय यात्रा का संदेश प्रदेश के हर व्यक्ति तक पहुंचाएं और क्राउड फंडिंग के जरिए जनता के सहयोग से इस पुनीत लड़ाई को और अधिक मजबूत करें। श्री पांडे गुरुवार को चारबाग के रविंद्रालय में जोनल संवाद कार्यक्रम में अवध जोन के जिलों के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे। संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव सहप्रभारी धीरज गुर्जर और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मुख्य रूप से उपस्थित थे। जोनल संवाद में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए श्री पांडे ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की मुहिम को तेज करने पर बल दिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश में झूठ-फरेब की राजनीति करने वालों को बेनकाब करना है। 1942 में महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से देश को आजा कराने के लिए करो या मरो का नारा दिया था, आज एक बार फिर देश संकट में है। फासीवादी ताकतें देश को खत्म कर देना चाहती हैं और कांग्रेस एक बार फिर करो या मरो के मूलमंत्र के साथ मैदान में आ खड़ी है। हम पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरेंगे और निश्चित तौर पर विजय कांग्रेस की होगी। कांग्रेस अपनी विचारधारा और सर्वधर्म समभाव के रास्ते चलते हुए युवाओं, बेरोजगारों, महंगाई, ध्वस्त कानून-व्यवस्था, महिला उत्पीडन, आम जनता की समस्याओं को लेकर संघर्ष करेगी। राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने कहा कि आज जनता हमारी तरफ देख रही है। कांग्रेस गरीबों, मजदूरों और आम जनता के हितों के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी उनके लिए लड़ेगी। आप अभी से लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू करें। पार्टी प्रवक्ता डॉ. अलीमुल्लाह खान ने बताया कि अवध जोन के 11 जिलों लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, बलरामपुर, बहराइच, रायबरेली, उन्नाव, श्रावस्ती, हरदोई, बाराबंकी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला-शहर कमेटियों के अध्यक्ष, पदाधिकारी, पूर्व सांसद-पूर्व विधायक, एआईसीसी-पीसीसी सदस्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष, नगर निगम, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के प्रत्याशी रहे कांग्रेस फ्रण्टल और विभाग-प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल थे। संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व विधायक सतीश अजमानी, श्याम किशोर शुक्ल, इन्दल रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, संगठन महासचिव अनिल यादव, महासचिव धीरेन्द्र सिंह धीरू, सैफ अली नकवी, मुकेश सिंह चौहान, तनुज पुनिया, प्रदेश सचिव डॉ. शहजाद आलम, मेजर राणा शिवम सिंह, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, फरहान वारसी, प्रवक्ता सचिन रावत, रफत फातिमा, अनीस अंसारी, शैलेन्द्र तिवारी, संजय सिंह, मेहताब जायसी, सुनीता रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल थे।

# अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट जीतने का लक्ष्य: अमित पाण्डेय

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** नेता जी सुभाष संगठन के राष्ट्रीय काउंसिल की बैठक लखनऊ स्थित कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संस्थापक नेताजी सुभाष संगठन की अध्यक्षता में एडवोकेटश्री चन्द्र कुमार श्रीवास्तव चेयरमैन राष्ट्रीय सलाहकार समिति, ई0जय शंकर द्विवेदी, चेयरमैन राष्ट्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, डॉक्टर शरदेनदु प्रकाश अध्यक्ष राष्ट्रीय अनुसंधान समिति एवं श्री प्रदीप यादव राष्ट्रीय समन्वयक कार्यक्रम आयोजन समिति ने मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।बैठक में प्रमुख रूप से विगत 25 वर्षो से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी को भारत सरकार द्वारा न्यायोचित सम्मान दिलाने हेतु किए जा रहे प्रयासों के फल स्वरुप वर्तमान केंद्रीय नेतृत्व मोदी सरकार द्वारा आजादी के अमृत काल में नेताजी सुभाष बाबू को दिए गए अभूतपूर्व सम्मान के आभार स्वरुप विगत वर्ष से चलाए जा रहे आभार प्रधानमंत्री मोदी अभियान पर गहन विचारोपरांत कई अहम निर्णय लिए गए, जिसमें प्रमुख रूप से आभार प्रधानमंत्री मोदी स्मारिका का विमोचन दिल्ली में नेताजी सुभाष जयंती की पूर्व संध्या पर रिटायर्ड मेजर जनरल जीडी बक्शी के कर कमलों द्वारा कराने का निर्णय लिया गया तथा इसी अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के मिशन अबकी बार 400 पार के तहत नरेंद्र मोदी को पुनः भारत का प्रधानमंत्री बनाने हेतु संगठन द्वारा पूर्ण समर्थन का निर्णय लिया गया तथा राष्ट्रीय काउंसिल ने सर्वसम्मत से यह भी निर्णय लिया की भाजपा के अब की बार 400 के पार लक्ष्य में नेता जी सुभाष संगठन का सुनिश्चित योगदान देने के लिए उत्तर प्रदेश में भाजपा द्वारा गंवायी गई।

# उ.प्र. आवास विकास परिषद की बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की 264वीं बैठक परिषद के प्रशासनिक भवन स्थित सभा कक्ष में नितिन रमेश गोकर्ण, अध्यक्ष/अपर मुख्य सचिव, ऊ0प्र0 शासन,आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

परिषद के निदेशक मण्डल द्वारा परिषद कार्मिकों/परिषद के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को दिनांक-01-07-2023 से 46 प्रतिशत की दर दर से महंगाई भत्ता/राहत अनुमन्य किये जाने का निर्णय लिया गया। उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा जनपद लखनऊ में आवासीय समस्या के निदान हेतु नई प्रस्तावित भूमि विकास एवं गृहस्थान योजना संख्या-2, मोहनलालगंज, लखनऊ के अन्तर्गत ग्राम मोहारी कला, भटवारा, रकीबाबाद, सोनईकनोडा, सिकन्दरपुर अमोलिया, पहाडनगर टिकरिया एवं बांढरमक कला का क्षेत्रफल 962 हे0 प्रस्तावित है, जिसके अर्जन एवं विकास कार्यो पर कुल लागत रू0 9985.37 करोड का व्यय अनुमानित है। उक्त प्रस्तावित योजना मोहनलालगंज-गोसाईगंज राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 56बी, किसान पथ एवं पूर्वाचल एक्सप्रेस-वे से 3 किलोमीटर की दूरी होने के कारण यातायात का सघन एवं सुगम साधन उपलब्ध है। योजना के पास ही अस्पताल, बैंक, डाकघर व पुलिस स्टेशन आदि मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध है। प्रस्तुत प्रकरण के धारा-28 के प्रस्ताव का अनुमोदन निदेशक मण्डल द्वारा प्रदान किया गया।

## वसी अहमद की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम मजलिस के अध्यक्ष मोहम्मद नदीम सिद्दीकी एडवोकेट के पिता मोहम्मद मुस्तकीम सिद्दीकी के निधन पर मुस्लिम मजलिस कार्यालय पर वसी अहमद की अध्यक्षता में शोकसभा आयोजित की गयी। संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष वसी अहमद ने कहा कि स्वर्गीय सबसे छोटे बेटे के एक वर्ष पूर्व निधन से टूट गये थे और गले की बीमारी से जूझ रहे थे। स्वर्गीय 1987 में कोलकाता पुलिस से सेवानिवृत्त हुए थे। दिवंगत ने अपने पेशे से संबंधित कर्मचारियों को सीख दी कि अगर किसी चीज में दृढ़ निश्चय कर लें तो कोई भी काम मुश्किल नहीं है। स्वर्गीय के परिवार में चार पुत्र और दो पुत्रियां हैं। शोकसभा में शामिल लोगों ने स्वर्गीय की मगफिरत और परिजनों को सब्र की दुआ की।

# कुप्रबंध के चलते हज 2024 भी दुश्वारी भरा होगा: अनीस मंसूरी

- प्रदेश भर से महज 20500 आवेदकों ने ही हज के लिए आवेदन किया

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने आरोप लगाया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार और हज कमेटी ऑफ इंडिया के कुप्रबंध के चलते हज 2023 की तरह हज 2024 भी दुश्वारी भरा होने वाला है। अब तक प्रदेश भर से महज 20500 आवेदकों ने ही हज यात्रा के लिए आवेदन किया है। श्री मंसूरी ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी से एनआईसी के पोर्टल में आए दिन आने वाली खराबी की उच्च स्तरीय जांच करा दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की मांग करते हुए हज आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक बढ़ाने की मांग की। गुरुवार को पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए श्री मंसूरी ने कहा कि इसी तरह अन्य राज्यों से भी काफी कम संख्या में आवेदन की रिपोर्ट है। उन्होंने आरोप लगाया कि हज में तमाम दुश्वारियां इसलिए पैदा की जा रही हैं ताकि सरकारी कोटे की बची सीटों को निजी टूर ऑपरेटरों को बेचा जा सके। उन्होंने कहा कि हज 2023 में बदइंतजामी की वजह से न सिर्फ प्रदेश बल्कि देश के लगभग 1 लाख 40 हजार हज यात्रियों को तमाम परेशानियां उठाना पड़ीं। हाजियों की बसों को हरी झण्डी दिखा रवाना करने वाले मौलाना हाजियों की परेशानी पर चुप्पी साधे हैं। इसी तरह हज 2024 में भी आवेदकों को तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन कोई मौलाना या धार्मिक संस्था, आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और जमीयत उलमा-ए-हिन्द चुप्पी साधे बैठे हैं।

## आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड की वार्षिक बैठक आज

**लखनऊ।** आल इंडिया शिया हुसैनी फण्ड की कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक 19 जनवरी को आयोजित होगी। फण्ड के मीडिया प्रभारी हसन जामिन नकवी ने बताया कि वार्षिक बैठक में शिया समुदाय के अहम मुद्दों पर विचार करने के साथ ही फण्ड की ओर से साल के अलग-अलग मौकों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्शर कर रूपरेखा तय की जाएगी।

## मजलिसे चेहलुम शनिवार को

**लखनऊ।** उर्दू दैनिक आग में पत्रकार रहे अब्बास रिजवी के पिता स्वर्गीय वजीर हसन रिजवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम शनिवार को आयोजित होगी। अब्बास रिजवी ने बताया कि चौक मण्डी स्थित इमामबाड़ा आगा बाकर में शनिवार 20 जनवरी को शाम 7 बजे तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी खिताब करेंगे।